RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 334
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 12 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



प्राचीन ज्ञान खोजना विद्वानों का कर्तव्य
राष्ट्रीय-11

# गाजा के कई इलाके खंडहर में तब्दील

## ईंधन खत्म होने के कारण इकलौता बिजली संयंत्र बंद, अस्पतालों में खत्म हो रहीं जरूरी दवाएं

**एजेंसी।** यरुशलम

- सहायता संगठनों ने गाज़ा में मदद पहुंचाने के लिए मानवीय गलियारा बनाने का आग्रह किया
- हमास के खिलाफ अभियानों की निगरानी के लिए इज़राइल ने यूनिटी गवर्मेंट बनाई

**इज़राइल** गाज़ा पट्टी में लगातार हवाई हमले कर रहा है जिससे एक के बाद कई इलाके मलबे में तब्दील हो रहे हैं और लोग सुरक्षित स्थानों की तलाश में भटक रहे हैं जबकि अस्पतालों में जरूरी दवाएं खत्म हो रही हैं। वहीं, ईंधन के खत्म होने की वजह से गाज़ा के इकलौते बिजली संयंत्र को बंद करना पड़ा है जिससे लोगों की परेशानी में और इज़ाफा होगा। गाज़ा पट्टी में शासन करने वाले हमास के हमलों की प्रतिक्रिया में हवाई हमलों की वजह से छोटे से तटीय परिक्षेत्र में मलबे का ढेर लग गया है और मलबे के नीचे कई लोगों के दबे होने की आशंका है।

हमास द्वारा इज़राइल के तकरीबन 150 लोगों को बंधक बनाए जाने के बावजूद गाजा पर बमबारी जारी है। इस बीच, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और एक शीर्ष विपक्षी नेता ने हमास के खिलाफ अभियानों की निगरानी के लिए युद्धकालीन यूनिटी गवर्मेंट बनाने के लिए बुधवार को एक समझौता किया। नेशनल यूनिटी पार्टी के नेता बेनी गैंट्ज़, जिन्होंने पहले संकेत दिया था कि वह इज़राइल के युद्ध प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए आपातकालीन यूनिटी गवर्मेंट में बिना शर्त शामिल होने के इच्छुक थे। उन्होंने नेतन्याहू के साथ एक संयुक्त बयान जारी किया। चरमपंथी समूह हमास ने शनिवार को इजराइल पर अचानक और भीषण हमले किए। इसके बाद इज़राइल ने फलस्तीनी क्षेत्र में शासन कर रहे हमास के खिलाफ जबर्दस्त जवाबी कार्रवाई का संकल्प लिया। हमास के चरमपंथी इज़राइल पर लगातार रॉकेट दाग रहे हैं। उसने बुधवार को दक्षिणी शहर अश्कलोन पर बड़ी संख्या में रॉकेट दागे। जंग में अबतक दोनों ओर से कम से कम 2200 लोगों की मौत हो चुकी है और हालात और खराब होने की आशंका है, जिससे गाजा में रहने वाले लोगों की मुश्किलों में इज़ाफा होगा जो पहले से जरूरी वस्तुओं और बिजली की कमी का सामना कर रहे हैं।



इजराइल की भीषण बमबारी के बाद फलस्तीन के गाजा शहर के आसपास की इलाकों में कई इमारतें जमींदोज हो गईं।

इज़राइल ने हमले के बाद खाद्य सामग्री, ईंधन, पानी, दवाओं, बिजली और अन्य आपूर्ति को रोकते हुए क्षेत्र की 'पूर्ण घेराबंदी' की घोषणा की। गाज़ा पट्टी इजराइल, मिस्र और भूमध्य सागर के बीच 40 किलोमीटर लंबी (25 मील लंबी) भूमि की पट्टी है जहां 23 लाख फलस्तीनी लोग रहते हैं और 2007 से उस पर हमास का शासन है। मिस्र से संपर्क के एक मात्र रास्ते को मंगलवार को इसके (रास्ते के) करीब किए गए हवाई हमलों के बाद बंद कर दिया गया है। गाजा के ऊर्जा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसके एकमात्र बिजली संयंत्र में ईंधन खत्म हो गया है और इज़राइल की नाकेबंदी की वजह से आपूर्ति नहीं होने के चलते संयंत्र बंद कर दिया गया है। अब इस क्षेत्र को बिजली देने के लिए केवल जेनरेटर ही बचे हैं। फलस्तीनी लंबे समय से घरों, दफ्तरों और अस्पतालों में बिजली के लिए जेनरेटर पर निर्भर रहते हैं लेकिन गाजा के लिए सभी रास्ते बंद (शेष पेज 9)

### इजराइल से भारतीयों की वापसी के लिए ऑपरेशन अजय शुरू कर रहा भारत

**नई दिल्ली।** भारत उन भारतीयों की इजराइल से वापसी सुनिश्चित करने के लिए ऑपरेशन अजय शुरू कर रहा है जो स्वदेश लौटना चाहते हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को यह घोषणा की। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब हमास चरमपंथियों और इजराइल के बीच पांचवें दिन भी सैन्य संघर्ष जारी रहा। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, इजराइल से लौटने के इच्छुक हमारे नागरिकों की वापसी के लिए ऑपरेशन अजय शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा, विशेष चार्टर उड़ानों का प्रबंध और अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। हम विदेश में मौजूद अपने नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

# पाक में मारा गया पठानकोट हमले का मास्टरमाइंड लतीफ

- शाहिद लतीफ के साथ भाई हारिस हाशिम भी ढेर, आतंकी मसूद अजहर का था सहयोगी
- मस्जिद के बाहर मोटरसाइकिल पर आए तीन हमलावरों ने बरसाईं गोलियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आतंकी** संगठन जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के प्रमुख सहयोगी और पठानकोट में भारतीय वायु सेना अड्डे पर 2016 के हमले के मुख्य षड्यंत्रकर्ता शाहिद लतीफ और उसके भाई को बुधवार को पाकिस्तान के सियालकोट जिले की एक मस्जिद में गोली मार दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि मोटरसाइकिल पर आए तीन लोगों ने हथियारबंद सुरक्षाकर्मियों से घिरे लतीफ (53) और उसके भाई हारिस हाशिम पर अंधाधुंध गोलीबारी की। यह हमला उस समय किया गया जब वे दस्का शहर में नूर मदीना मस्जिद से सुबह की नमाज के बाद बाहर निकल



रहे थे। लतीफ और उसके भाई की मस्जिद परिसर में मौके पर ही मौत हो गई। लाहौर से एसोसिएटेड प्रेस (एपी) की एक खबर के अनुसार, बंदूकधारी मस्जिद परिसर में नमाजी बनकर दाखिल हुए थे।

एपी की खबर में कहा गया है कि हमले की किसी ने अभी जिम्मेदारी नहीं ली लेकिन स्थानीय पुलिस प्रमुख हसन इकबाल ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि लतीफ को जानबूझकर निशाना बनाया गया। पुलिस प्रमुख ने अधिक विवरण नहीं दिया। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत आतंकवादी घोषित लतीफ उर्फ बिलाल उर्फ नूर अल दीन सियालकोट में जैश-ए-मोहम्मद का लॉन्चिंग कमांडर था और भारत में आतंकवादी हमलों की साजिश रचने, इसके लिए इंतजाम करने और अंजाम देने में शामिल था। अधिकारियों ने कहा कि लतीफ 1993 में एक आतंकवादी समूह (शेष पेज 9)



विश्व कप क्रिकेट
- आजः ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका का मैच लखनऊ में
- समयः दोपहर दो बजे से

## क्विक न्यूज

### पीएफआई के खिलाफ छह राज्यों में एनआईए की छापेमारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक वर्ष पहले बिहार दौरे के दौरान गड़बड़ी उत्पन्न करने से संबंधित एक मामले के सिलसिले में बुधवार को प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ छह राज्यो मे 20 स्थानो पर छापे मारे। यह जानकारी अधिकारियो ने दी। एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि एजेंसी ने राष्ट्रीय राजधानी के फजलपुर, शाहीन बाग, ओखला और चांदनी चौक समेत 20 अलग-अलग स्थानो पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश के भोपाल, महाराष्ट्र के ठाणे और मुंबई, राजस्थान के टोंक व गंगापुर और उत्तर प्रदेश के लखनऊ, सिद्धार्थनगर, संत रविदास नगर, कानपुर और गोरखपुर मे भी छापे मारे गए।

# भारत और चीन ने 20वें दौर की सैन्य वार्ता की

- बड़ी सफलता मिलने का कोई स्पष्ट संकेत नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली

**विदेश** मंत्रालय ने भारत और चीन के बीच दो दिवसीय सैन्य वार्ता समाप्त होने के एक दिन बाद बुधवार को कहा कि दोनों देशों ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास लंबित मुद्दों के पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए विचारों का खुलकर एवं रचनात्मक आदान-प्रदान किया। उसने बताया कि दोनों पक्षों ने प्रासंगिक सैन्य एवं राजनयिक माध्यमों से संवाद एवं वार्ता की लय बनाए रखने पर सहमति जताई। वार्ता के दौरान कोई बड़ी सफलता मिलने का स्पष्ट संकेत नहीं मिला। दोनों देशों के बीच सैन्य वार्ता का इससे पहला दौर 13 और 14 अगस्त को हुआ था। कोर कमांडर स्तर की वार्ता का 20वां दौर एलएसी के पास भारतीय क्षेत्र में चुशुल-मोल्डो सीमा के पास आयोजित किया गया था। विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों पक्षों ने पश्चिमी सेक्टर में एलएसी के पास लंबित मुद्दों के शीघ्र एवं आपस में स्वीकार्य समाधान के लिए स्पष्ट, खुलकर और रचानात्मक तरीके से विचारों का आदान-प्रदान किया। यह वार्ता दोनों देशों के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा मुहैया कराए गए निर्देशों के अनुसार की गई और इस दौरान 13-14 अगस्त को हुई कोर कमांडर स्तर की बैठक के पिछले दौर में हुई प्रगति को आगे बढ़ाया गया। बयान में कहा गया, वे प्रासंगिक सैन्य और राजनयिक तंत्र के माध्यम से संवाद और वार्ता की गति को बनाए रखने पर सहमत हुए। विदेश मंत्रालय ने कहा, उन्होंने इस बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीन पर शांति बनाए रखने की प्रतिबद्धता भी जताई। पूर्वी लद्दाख में कुछ बिंदुओं पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच तीन साल से अधिक समय से गतिरोध बना हुआ है, लेकिन दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई स्थानों से अपने सैनिकों को वापस बुला लिया है।

# भारत ने अफगानिस्तान को आठ विकेट से रौंदा

**भाषा।** नई दिल्ली

- कप्तान की रिकॉर्ड तोड़ पारी, विराट कोहली ने भी जड़ा अर्द्धशतक

**कप्तान** रोहित शर्मा की रिकॉर्ड तोड़ शतकीय पारी के दम पर भारत ने एकदिवसीय विश्व कप के मैच में बुधवार को यहां अफगानिस्तान को 90 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। रोहित ने 84 गेंद की पारी में 16 चौके और पांच छक्कों की मदद से 131 रन बनाने के अलावा ईशान किशन (47) के साथ पहले विकेट के लिए 112 गेंद में 156 रन और विराट कोहली (नाबाद 55) के साथ दूसरे विकेट के लिए 42 गेंद में 49 रन की साझेदारी की।

कोहली ने श्रेयस अय्यर (नाबाद 25) के साथ 56 गेंद में 68 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। भारत ने अफगानिस्तान को आठ विकेट पर 272 रन पर रोकने के बाद 35 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत से भारतीय टीम अपना नेट रन रेट बेहतर करते हुए पदक तालिका में दूसरे स्थान पर आ गई। अफगानिस्तान ने कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (80) और अजमतुल्लाह ओमरजई (62) के बीच साथ चौथे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी से सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया लेकिन भारतीयों इसे बौना साबित कर दिया। शाहिदी ने 88 गेंद में आठ चौका और एक छक्का लगाया तो वहीं ओमरजई ने 69 गेंद की पारी में दो चौके और चार छक्के जड़े। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने एक बार फिर अपनी धारदार गेंदबाजी से प्रभावित करते हुए 10 ओवर में 39 रन देकर चार विकेट लिए। हार्दिक पंड्या ने दो जबकि कुलदीप यादव और शारदुल ठाकुर ने एक-एक विकेट चटकाए। मोहम्मद सिराज ने नौ ओवर में बिना किसी सफलता के 76 रन लुटाए।




रोहित शर्मा
रन- 131
गेंद- 84
छक्के- 05
चौके- 16

लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित ने फजलहक फारुकी के खिलाफ आक्रामक तेवर दिखाते हुए बाएं हाथ के इस गेंदबाज के शुरूआती चार ओवर में पांच चौके और दो छक्के जडे। उन्होंने इस दौरान विश्व कप में 19 पारियों में 1000 रन पूरा कर डेविड वार्नर की बराबरी की। भारतीय कप्तान ने नवीन उल हक पर चौका लगाकर 30 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर 85 मीटर लंबा छक्का लगाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकार्ड अपने नाम किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था जिन्होंने 483 मैच (टेस्ट, एक दिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय) में 553 छक्के लगाए है। रोहित के नाम 453 पारी में 556 छक्के है। भारतीय टीम ने 12वें ओवर में रन का शतक पूरा किया जिसमें किशन का योगदान महज 14 रन का था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 13वें ओवर में नबी के खिलाफ चौका और फिर स्लॉग स्वीप पर छक्का लगाकर हाथ खोला। रोहित ने 18वें ओवर में नबी के खिलाफ चौका और एक रन लेकर 63 गेंद में अपना शतक पूरा किया। विश्व कप में रोहित का यह रिकॉर्ड सातवां शतक है। विश्व कप में भारतीय बल्लेबाजों में यह सबसे तेज शतक है। राशिद खान ने 19वें ओवर में इशान किशन को आउट कर अफगानिस्तान को पहली सफलता दिलाई। किशन ने 47 गेंद की (शेष पेज 9)

# भारत और पाकिस्तान को झेलनी पड़ सकती है भीषण गर्मी

- एक अध्ययन के मुताबिक, ग्लोबल वार्मिंग के चलते सदी के अंत तक बिगड़ सकते हैं हालात, लोगों को गर्मी से संबंधित बीमारियों के अलावा हीट स्ट्रोक और दिल का दौरा जैसी बातें आम हो जाएंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जलवायु** परिवर्तन के चलते सदी के अंत तक भारत की सिंधु घाटी और पाकिस्तान में 2.2 अरब लोगों को कई घंटों तक असहनीय अत्यधिक गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। एक यह समस्या इस हद तक बढ़ेगी कि लोगों हीट स्ट्रोक या दिल का दौरा पड़ सकता है, जो घातक भी हो सकता है। जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (पीएनएएस) में प्रकाशित अध्ययन



प्रतीकात्मक चित्र

में कहा गया है कि यदि वैश्विक तापमान 1 डिग्री सेल्सियस (सी) या वर्तमान स्तर से अधिक बढ़ जाता है, तो हर साल अरबों लोग इतनी अधिक गर्मी और आर्द्रता के संपर्क में आएंगे कि वे स्वाभाविक रूप से खुद को ठंडा करने में असमर्थ होंगे। शोधकर्ताओं ने नोट किया कि अत्यधिक गर्मी का सबसे ज्यादा प्रभाव उन क्षेत्रों पर होगा गरीब हैं और जहां आने वाले दशकों में तेजी से जनसंख्या वृद्धि होने की उम्मीद है। शोधकर्ताओं ने कहा कि यह इस तथ्य के बावजूद सच है कि ये देश अमीर देशों की तुलना में बहुत कम ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन उत्पन्न करते हैं। परिणामस्वरूप अरबों गरीब लोग पीड़ित होंगे और कई की मौत हो सकती है।

लेकिन धनी राष्ट्र भी इस गर्मी से परेशान होंगे और इस परस्पर जुड़ी दुनिया में हर कोई किसी न किसी तरह से नकारात्मक रूप से प्रभावित होने की उम्मीद कर सकता है। गर्मी जब नमी के साथ मिल जाती है तो विशेष रूप से खतरनाक या घातक भी हो जाती है। दरअसल, भारत में अभी से गर्मी का एहसास होने लगा है। इसकी 1.4 अरब आबादी में से अधिकांश लोग अक्सर बिना सुरक्षा के बाहर काम करते हैं। हर साल गर्मियों के दौरान कई निर्माण श्रमिक, फेरीवाले और रिक्शा चालक मर जाते हैं क्योंकि उनके पास गर्मी से बचने के साधन नहीं होते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों से पता चला है कि 2012 से 2021 के बीच भारत में हीट स्ट्रोक के कारण 11,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई। अमेरिका में पेन स्टेट कॉलेज ऑफ हेल्थ एंड ह्यूमन डेवलपमेंट, पर्ड्यू यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ साइंसेज और पर्ड्यू इंस्टीट्यूट फॉर ए सस्टेनेबल फ्यूचर के शोधकर्ताओं की टीम ने वैश्विक तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस और 4 डिग्री सेल्सियस के बीच वृद्धि का अनुमान लगाया - जिसे सबसे खराब स्थिति माना जाता है। ग्लोबल वार्मिंग में तेजी आनी शुरू हो जाएगी। वार्मिंग के कारण गर्मी और आर्द्रता का स्तर मानव सीमा से अधिक हो जाएगा। पेन स्टेट के प्रोफेसर और नए अध्ययन के सह-लेखक डब्ल्यू लैरी केनी ने कहा कि यह समझने के लिए कि जलवायु परिवर्तन जैसी जटिल, वास्तविक दुनिया की समस्याएं मानव स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करेंगी, इसके लिए आपको ग्रह और मानव शरीर दोनों के बारे में विशेषज्ञता की आवश्यकता है।

अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि यदि वैश्विक तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सेल्सियस ऊपर बढ़ जाता है, तो पाकिस्तान और भारत की सिंधु नदी घाटी के 2.2 अरब निवासी, पूर्वी चीन में रहने वाले एक अरब लोग और उप-सहारा अफ्रीका के 80 लाख निवासी प्रभावित होंगे। हर साल कई घंटों की गर्मी का अनुभव होता है, जो मानव सहनशीलता से अधिक होगी। इन क्षेत्रों में मुख्य रूप से उच्च आर्द्रता वाली गर्मी का अनुभव होगा। उच्च आर्द्रता वाली हीटवेव अधिक खतरनाक हो सकती हैं क्योंकि हवा अतिरिक्त नमी (शेष पेज 9)

# शादियों के चलते राजस्थान में चुनाव अब 25 नवंबर को

- चुनाव आयोग ने लिया फैसला, वोटों की गिनती निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तीन दिसंबर को चार अन्य राज्यों के विधानसभा चुनावों के साथ ही होगी

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**चुनाव** आयोग (ईसी) ने बुधवार को 'बड़े पैमाने पर' शादियों और सामाजिक व्यस्तताओं का हवाला देते हुए राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तारीख 23 नवंबर से बदलकर 25 नवंबर कर दी।

एक अधिसूचना में चुनाव आयोग ने कहा कि उसे उस दिन बड़े पैमाने पर शादी/सामाजिक कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए चुनाव कार्यक्रम में बदलाव के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों से प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को असुविधा हो सकती है। इससे मतदान के दौरान मतदाताओं की भागीदारी कम हो सकती है। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि आयोग ने इन कारकों और अभ्यावेदन पर विचार करते हुए मतदान की तारीख 23 नवंबर, 2023 (गुरुवार) से बदलकर 25 नवंबर, 2023 (शनिवार) करने का फैसला किया है।' वोटों की गिनती निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तीन दिसंबर को चार अन्य राज्यों के विधानसभा चुनावों के साथ ही होगी। चुनाव आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार, गजट अधिसूचना जारी करने की तारीख 30 अक्टूबर है। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 6 नवंबर है और नामांकन की जांच 7 नवंबर को की जाएगी। नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 9 नवंबर है।

भाजपा सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि यह एक अच्छी चीज है। चुनाव आयोग चाहता है कि अधिक मतदान हो...यह एक अच्छा निर्णय है...मैं इसका स्वागत करता हूं। कांग्रेस नेता और एआईसीसी सचिव संजीव सिंह (शेष पेज 9)

### ढिलाई बरतने पर ईसी ने कई अफसरों का किया तबादला

**चुनाव** आयोग ने बुधवार को चुनाव वाले पांच राज्यों में 25 पुलिस आयुक्तों और पुलिस अधीक्षकों, नौ जिला मजिस्ट्रेटों और चार सचिवों और विशेष सचिवों सहित कई शीर्ष पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को उनके काम में ढिलाई बरतने के बाद स्थानांतरित करने का आदेश दिया। सूत्रों ने कहा कि एक समीक्षा के दौरान, चुनाव आयोग ने पाया कि कुछ अधिकारियों का प्रदर्शन 'असंतोषजनक' था। चुनाव आयोग ने स्थानांतरित अधिकारियों को तुरंत अपने संबंधित कनिष्ठों को प्रभार सौंपने को कहा है। इसने संबंधित राज्य सरकारों को बृहस्पतिवार शाम तक हटाए गए लोगों के स्थान पर अधिकारियों का एक पैनल भेजने का भी निर्देश दिया है।

# रैपिडएक्स का आज जायजा लेंगे सीएम योगी

## नवरात्र में प्रोजेक्ट का उद्घाटन कर सकते है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, युद्धस्तर पर चल रही तैयारियां



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार यानि 12 अक्टूबर को गाजियाबाद आएंगे। वे रैपिड रेल प्रोजेक्ट का जायजा लेंगे। नवरात्र में इस प्रोजेक्ट का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी को करना है। इसके लिए तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। सरकारी कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री राजकीय वायुयान से सुबह 10 बजे गाजियाबाद में हिंडन एयरपोर्ट पर उतरेंगे। यहां से वे हेलीकॉप्टर से हरियाणा के रोहतक स्थित बाबा मस्तराम विश्वविद्यालय जाएंगे।

रोहतक से वापस उनका हेलीकॉप्टर 3.40 बजे गाजियाबाद में इंदिरापुरम के मैदान पर उतरेगा। यहां से वसुंधरा सेक्टर-8 में जाएंगे, जहां एक बड़े मैदान में प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। जनसभा स्थल का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री रैपिडएक्स के साहिबाबाद स्टेशन का दौरा करेंगे।

रैपिडएक्स स्टेशन पर ही अधिकारी, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर अपनी तैयारियों का



प्रेजेंटेशन सीएम के सामने देंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री वापस हिंडन एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। यानि गुरुवार को वे करीब दो घंटे तक गाजियाबाद में रहेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय से अभी रैपिड रेल प्रोजेक्ट के उदघाटन की फाइनल तारीख नहीं आई है। लेकिन माना जा रहा है कि नवरात्र में 16 से 18 अक्टूबर के बीच पीएम नरेंद्र मोदी गाजियाबाद आ सकते हैं। इसीलिए फाइनल तैयारियों का जायजा लेने के लिए खुद सीएम योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आ रहे हैं। जनसभा स्थल वसुंधरा सेक्टर.8 में बनाया गया है, जहां पर युद्धस्तर पर काम जारी है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश को दिल्ली से जोड़ने वाली रैपिडएक्स फिलहाल गाजियाबाद में 18 किमी. तक दौड़ेगी. साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक पहले चरण का उद्घाटन किया जाएगा। 2025 तक दिल्ली से मेरठ तक शुरू करने की डेडलाइन रखी गयी है। बहुप्रतिक्षित रैपिडएक्स के उद्घाटन के लिए गाजियाबाद के वसुंधरा सेक्टर आठ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जमीन आवास विकास परिषद की है, जो खाली पड़ी है। मिट्टी डालकर बुलडोजर से भूमि समतल करने का काम हो रहा है।

# ग्रेटर नोएडा में युवक की पीटकर हत्या

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● मामले में नाबालिग समेत दो हिरासत में लिया गया

ग्रेटर नोएडा के कासना थाना क्षेत्र में गाड़ी खड़ी करने के विवाद में दो लोगों ने एक युवक को रॉड और डंडों से पीट दिया। युवक को गम्भीर हालात में अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि आंत फटने की वजह से उसकी मौत हुई है। दरसअल कासना थाना क्षेत्र की एक साइट में ट्रांसपोर्ट की गाड़ी चालक राजेश ने सोमवार की रात्रि में अपनी गाड़ी को रास्ते में खड़ा कर दिया। इसी दौरान मजदूरी करने वाले एक नाबालिग व गोविद वहां आ गए। इन लोगों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बताया जा रहा है रास्ते में गाड़ी खड़ी करने को लेकर ही इनके बीच विवाद हुआ था। इन लोगों के बीच विवाद बढ़ता चला गया और मारपीट शुरू हो गई।

इन तीनों लोगों में जमकर लात और घूसे चले। फिर रॉड से एक दूसरे पर हमला कर दिया। दोनों के द्वारा की गई मारपीट और हमले में राजेश गम्भीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उसको नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया। लेकिन उसको ज्यादा चोट आई थी। इस वजह से उसको दिल्ली रेफर कर दिया गया। जहां से उसे दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में भर्ती कर दिया गया। इलाज के दौरान आंत फटने से राजेश की मंगलवार रात को मौत हो गई।

इस लड़ाई और झगड़े के बारे में किसी भी पक्ष के द्वारा पुलिस को कोई भी जानकारी नहीं दी गई थी। राजेश की मौत के बाद अस्पताल से पुलिस को जानकारी दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के परिजनों से शिकायत लेकर एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। जबकि नाबालिग को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया। कासना थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि 8 अक्टूबर को रात्रि में इन लोगों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

विवाद के दौरान ही राजेश घायल हो गया और उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया। मंगलवार को अस्पताल में उसकी मौत हो गई। फिलहाल मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर एक युवक को हिरासत में लिया गया है। वहीं एक नाबालिग को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

# सड़क हादसे में घायल युवक की अस्पताल में मौत

नोएडा। सड़क हादसे में घायल एक युवक की नोएडा के शिवालिक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना सेक्टर-49 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेक्टर-49 के प्रभारी संदीप चौधरी ने बताया कि सेक्टर 51 में रहने वाले संजय कुमार पुत्र सुरेश कुमार उम्र 36 वर्ष अपनी पत्नी के साथ दिल्ली गए हुए थे। वहीं पर किसी अज्ञात वाहन ने पति-पत्नी को टक्कर मार दी।




उन्होंने बताया कि संजय के सिर में गुम चोट लगी। उसने अपनी पत्नी का उपचार करवाया तथा उन्हें लेकर नोएडा आ गया। कल संजय को चोट की वजह से तेज उल्टी आई तथा उसे नोएडा की शिवालिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि थाना सेक्टर.49 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजपाल धीमान/ राजरानी/ रमेश मलिक/ वी.के. टेक्स इंडिया/ LBPNP00002275932 | फ्लैट नंबर टी-15-2003, ग्रीन पार्क-क्रिसेंट पार्क सेक्टर 92, हरियाणा, गुड़गाँव-101002/ अक्टूबर 10, 2023 | अप्रैल 19, 2023 रु. 10,14,868/- | पानीपत/ गुड़गाँव |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अक्टूबर 12, 2023
स्थान : गुड़गाँव

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | देवेन्द्र कुमार सक्सेना/ आदर्श सक्सेना/ सत्य प्रिया सक्सेना/ सुमन सक्सेना- LBKOT00003397937/ LBKOT00003399314/ LBKOT00003397944 | प्लॉट नं. 42, पंचशील कॉलोनी, सुभाष नगर में, खसरा नंबर 390, थर्मल रोड और नांता रोड, गाँव कुन्हारी, तहसील लाडपुरा, कोटा, राजस्थान-324008। प्लॉट नंबर 43, पंचशील कॉलोनी, सुभाष नगर में, खसरा नंबर 390, थर्मल रोड और नांता रोड, गाँव कुन्हारी, तहसील लाडपुरा, कोटा, राजस्थान-324008/ अक्टूबर 10, 2023 | मई 17, 2023 रु. 83,68,805.00/- | कोटा/ जयपुर/ दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अक्टूबर 12, 2023
स्थान : दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | योगेश भंडारी/ भारती शर्मा/ LBFDB00003412411 | फ्लैट नंबर- 4011, गोल्डन पैनोरमा टॉवर- 4, गुब्बालु गाँव, उत्तरहल्ली होबली, बैंगलोर, कर्नाटक/ अक्टूबर 06, 2023 | जून 23, 2021/ रु. 62,30,672/- | दिल्ली एवं एनसीआर/ बैंगलोर |
| 2. | सौरव सिंह/ LBGUR00005987401 | फ्लैट नंबर डी-103, डी ब्लॉक, पहली मंजिल, कॉनकॉर्ड अम्बर, बैंगलोर एसवाई नंबर 63/1 63/8, बैंगलोर/ अक्टूबर 09, 2023 | फ़रवरी 25, 2023/ रु. 73,41,048/- | दिल्ली एवं एनसीआर/ बैंगलोर |
| 3. | कपिल डंग/कांता देवी/ LBDEL00004807343/ LBDEL00004808769 | जोडा प्रॉप नंबर-53-55, बिना छत वाली पहली मंजिल, ब्लॉक ई-16, सेक्टर-08, रोहिणी, दिल्ली/ अक्टूबर 07, 2023 | अप्रैल 26, 2023 रु. 25,77,654/- | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 4. | नीरज गुप्ता/ राखी बुबना/ नेवकॉम टेक्नोलॉजीज/ LBDEL00002030314 | प्रॉपर्टी बियरिंग नंबर 280, पूरी दूसरी मंजिल, ब्लॉक-सी, बिना छत/छत के अधिकार के, प्रशांत विहार आवासीय योजना, प्रशांत विहार, (साथ में स्टिल्ट पार्किंग फ्लोर का चौथा अविभाजित हिस्सा नीचे की भूमि के आनुपातिक की होल्ड अधिकार के साथ सुविधाओं का अधिकार) दिल्ली 110085/ अक्टूबर 07, 2023 | जून 07, 2023/ रु. 21,22,309/- | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 5. | सीमा सूरी/ वीरेंद्र सूरी/ LBDEL00001790872 | संपत्ति क्र- 156, ब्लॉक-एस यू, केवल भूतल बिना छत के अधिकार के, मौर्य एन्क्लेव पीतमपुरा, दिल्ली 110034/ अक्टूबर 07, 2023 | मई 24, 2023/ रु. 7,21,455/- | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 6. | संजीव रंजन दास/ सुमिता दास/ LBDEL00002364358 | फ्लैट नंबर 1129, 11वीं मंजिल, एमआईजी-1 सिद्धि टॉवर, महागुन मंत्रा- II, प्लॉट नंबर जीएच 01 में स्थित, सेक्टर 10, गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा वेस्ट/ अक्टूबर 09, 2023 | जून 09, 2023/ रु. 24,90,318/- | दिल्ली एवं एनसीआर/ भागलपुर |
| 7. | राजेश कुमार यादव/ अनिल कुमार यादव/ LBDEL00002587330 | फ्लैट नंबर-9, ग्राउंड फ्लोर एलआईजी वीनस सीजीएचएस जिसे वीनस अपार्टमेंट के नाम से जाना जाता है, इंदर एन्क्लेव के पास, रोहतक रोड, पश्चिम विहार, दिल्ली, दिल्ली/ अक्टूबर 09, 2023 | मई 17, 2023/ रु. 35,51,405/- | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 8. | साक्षी सक्सेना/ सविता सक्सेना/ LBDEL00005573062 | फ्लैट नंबर टी 6-1702, 17वीं मंजिल, एसी ई डिविनो, सेक्टर 01, प्लॉट नंबर -जी एच14ए, सेक्टर- 1, ग्रेटर नोएडा वेस्ट/ अक्टूबर 09, 2023 | जून 09, 2023/ रु. 10,19,095/- | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 9. | मोहम्मद शहजाद/ रशीदा मलिक/ LBNOD00004964064 | दुकान नंबर ओ-977, 9वीं मंजिल पर, विंग बी, गौर सिटी सेंटर, गौर सिटी प्लॉट नं. जीएच- 01 पर स्थित, सेक्टर-4, उत्तर प्रदेश, ग्रेटर नोएडा/ अक्टूबर 09, 2023 | जून 03, 2023/ रु. 5,75,992/- | दिल्ली एवं एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अक्टूबर 12, 2023
स्थान : दिल्ली / एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


## निगम ने पीडब्ल्यूडी से मांगे 47 लाख रुपये

गाजियाबाद। पीडब्ल्यूडी के अंडर में हापुड़ रोड को ठीक कराने में नगर निगम करीब 47 लाख रुपये खर्च कर बुरी तरह से फंस गया है। यह पैसा पिछले दिनों मुख्यमंत्री के गाजियाबाद आगमन पर सड़क ठीक करने में खर्च किया गया था।

नगर निगम के निर्माण विभाग का कहना है कि उस समय पीडब्ल्यूडी का कहना था कि उनके पास पैसा नहीं है। पैसा जैसे ही मिल जाएगा नगर निगम पैसा लेकर इसका भुगतान नगर निगम को कर देगा। बताया जाता है कि नगर निगम को अभी तक भी पीडब्लयूडी पैसा नहीं दे पा रहा है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा गया है। यह पत्र नगर निगम के निर्माण विभाग की ओर से लिखा गया है। नगर निगम का कहना है कि पीडब्लयूडी पर बकाया पैसा लेने के लिए आगे मुख्यालय को पत्र लिखा जाएगा।

# धुआं उड़ाने वाली 15 औद्योगिक इकाइयों पर लगा जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● 14 टीमों के जरिए शहर भर में निगरानी की जा रही

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने धूल और धुआं उड़ाने वाली 15 औद्योगिक इकाइयों पर 18 लाख रुपए से ज्यादा का जुर्माना लगाया।

सेक्टर-150 की दो इकाइयों पर पांच-पांच लाख रुपए का जुर्माना किया गया। अन्य पर 50-50 हजार का जुर्माना ठोका गया। सबसे ज्यादा नौ कार्रवाई सेक्टर-150 स्थित औद्योगिक इकाइयों पर हुई। फेज दो स्थित होजरी कॉम्प्लेक्स की तीन इकाइयांए सेक्टर-63ए सेक्टर-155 की एक-एक इकाइयों पर जुर्माना लगाया गया। इन स्थानों पर मानकों के अनुसार भवन निर्माण कार्य नहीं हो रहा था। साथ ही, खुले में भवन सामग्री रखी हुई थी, जिससे काफी धूल उड़ रही थी। अब तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और प्राधिकरण की टीमों ने वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर 50 लाख से ज्यादा का जुर्माना ठोक चुकी हैं। नोएडा में सुबह 10 बजे का एक्यूआई 141 बना हुआ है। वहीं प्राधिकरण की ओर से रोजाना सड़कों पर पानी का छिड़काव और स्प्रिंकल किया जा रहा है। इसके अलावा 14 टीमों की जरिए शहर भर में निगरानी की जा रही है। जुर्माना वाली कंपनियों में सेक्टर-63 वाइट लाइन साफ्टवेयर एलएलपी, सेक्टर.151 में डिक्सन टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट आदि शामिल है।

# निगरानी टीम ने किया एसडीजीएस का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● यूनीसेफ, डब्ल्यूएचओ के अधिकारी हुए शामिल, देखे गए सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स

देश में पहली बार जॉइंट मॉनिटरिंग प्रोग्राम के तहत बुधवार को यूनाइटेड नेशन इंटरनेशनल चिल्ड्रंस इमरजेंसी फंड यूनीसेफ, वर्ल्ड हेल्थ आर्गनाइजेशन डब्ल्यूएचओ, डिपार्टमेंट ऑफ डिक्रिंग वाटर एंड सेनिटेशन डीडीडब्ल्यूएस और आवासन एंव शहरी विकास मंत्रालय के द्वारा नोएडा में सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजीएस) का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान सेक्टर-94 स्थित इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंट्रल आईसीसीसी के अंतर्गत संचालित डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम के द्वारा हो साफसफाई, कूड़ा निपटारा, डोर टू डोर की लाइव ट्रैकिंग, स्वच्छता कर्मियों की अटेंडेंस, शौचालय की साफ-सफाई मॉनिटरिंग, मैकेनिकल की लाइव ट्रैकिंग के कार्य को देखा गया। इसके बाद सेक्टर-94 स्थित इंटीग्रेटेड सीक्यूरिटी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम आईएसटीएमएस के अंतर्गत एन्वायर्नमेंट मॉनिटरिंग सिस्टम से हो रहे शहर में प्रदूषण की निगरानी, शहर में वाहनों की निगरानी और सर्विलांस कैमरों के माध्यम से विभिन्न चौराहों की सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग के कार्यों का निरीक्षण किया गया। इसके बाद संयुक्त टीम की ओर से नोएडा में संचालित पिंक टॉयलेट और पब्लिक शौचालयों का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा निरीक्षण में शौचालयों की साफ-सफाई, फीडबैक सिस्टम, सैनिटरी पैड मशीन आदि का गहनता से निरीक्षण किया। सेक्टर.54 स्थित एसबीआर टेक्नोलॉजी पर आधारित सिवेज ट्रिटमैंट प्लांट का संयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें शोधक संयत्र पीएलसी एंड एससीएडीए द्वारा संचालित किया जा रहा है।

## यति नरसिंहानंद गिरफ्तार थाने से मिली जमानत

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने यति नरसिंहानंद गिरि को बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। वे आत्मसमर्पण करने के लिए थाना वेव सिटी पर जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें डासना देवी मंदिर पर पहुंचकर रोक लिया। पुलिस ने गिरफ्तारी दिखाते हुए उन्हें हाथों हाथ जमानत देकर 41-ए का नोटिस दिया है। पुलिस ने यति से कहा है कि वो लखनऊ तक पदयात्रा भी न निकालें।

दरअसल यति नरसिंहानंद गिरि गाजियाबाद में डीएम दफ्तर पर एक प्रोटेस्ट में शामिल होने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें डासना देवी मंदिर पर ही पहुंचकर रोक लिया और प्रोटेस्ट में नहीं जाने दिया था। इस दौरान हुई धक्का-मुक्की में यती जमीन पर गिर गए।

# युवक के गले में ब्लेड मारा, घायल

● पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



मोदीनगर की श्याम विहार कॉलोनी में दोपहर को मामूली बात पर हुए विवाद में ब्लेड से वार कर दोस्त का गला रेतने का मामला सामने आया है। गंभीर हालात में पीड़ित को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

नगर की श्याम सिंह विहार कॉलोनी में गली नम्बर सात निवासी बादल दुबे परिवार सहित रहते हैं। बादल दुबे अपने दोस्त अंशुल के साथ बैठे थे। बताया जा रहा है कि दोनों का किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि अंशुल ने ब्लेड से वार कर बादल का गला रेत दिया।

चीख पुकार की आवाज सुन मौके पर पहुंचे परिजनों ने बादल दुबे को अस्पताल में भर्ती कराया। एसपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि बादल दुबे की पत्नी बबली दुबे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी अशुंल उर्फ आशु निवासी महेन्द्रपुरी कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया है।

# संक्षिप्त समाचार



जनसुनवाई के दौरान नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोगों की समस्याओं का निवारण करते हुए।

### कांशीराम सामुदायिक केंद्र का नाम बदलने को सौंपा ज्ञापन

गाजियाबाद। बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कविनगर स्थित मान्यवर कांशीराम सामुदायिक केन्द्र का नाम बदलने और लीज पर दिए जाने का विरोध जताते हुए डीएम को ज्ञापन सौंपा हैं। बसपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र जाटव ने ज्ञापन में कहना है कि बसपा के संस्थापक के नाम पर जिले में यह सामुदायिक केन्द्र बनाया गया जिसका उद्घाटन भी बसपा की अध्यक्षा व पूर्व सीएम मायावती ने किया था उनके नाम का शिलापट भी लगा हुआ है। जीडीए ने अब केन्द्र को लीज पर दे दिया है, इसके बाद उसका जीर्णोद्वार के समय शिलापट व बोर्ड को तोड़ दिया गया है, जिसपर तत्काल आपत्ति दर्ज कराई गई थी जिस पर आश्वासन दिया गया था किशिलापट को तोड़ा नहीं जाएगा। लेकिन अब केन्द्र का नाम टैरेन्टी रख बड़ा बोर्ड लगा दिया है जो मान्यवर कांशीराम का अपमान है। बसपाई ने अपने ज्ञापन में मांग की है कि केन्द्र का नाम यथावत रखा जाए, शिलापट को तत्काल लगाया जाए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र जाटव, महासचिव नरेन्द्र मोहित, प्रभारी रवि जाटव, हरिदत्त पहलवान, अधिवक्ता संजय, राधेश्याम, बिल्लू आदि मौजूद रहे।

### कार्यकारिणी की बैठक दिवाली से पहले कराने की तैयारी

गाजियाबाद। नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक इसी महीने होने की संभावना है। हालांकि इसके लिए कोई तारीख अभी तय नहीं हो पाई है। मगर माना जा रहा है कि कार्यकारिणी की बैठक दीवाली से पहले होगी। कार्यकारिणी की नए नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक के लिए यह पहली बैठक होगी। इससे पहले नए सदन की जो दो कार्यकारिणी की बैठक हुई है वह दोनों बैठक तत्कालीन नगर आयुक्त नितिन गौड़ के दौरान हुई थी। कार्यकारिणी की बैठक प्रत्येक महीने होती है। इस कार्यकारिणी की बैठक में क्या प्रस्ताव पेश होंगे इनके बारे में अभी पत्ते नहीं खोले जा रहे है।

### गाजियाबाद में सवा करोड़ रुपये की शराब बरामद

गाजियाबाद। डीसीपी रूरल विवेकचंद्र यादव एवं आबकारी विभाग की टीम के द्वारा संयुक्त रूप से शराब माफ्याओं एवं तस्करों के खिलाफचलाई जा रही मुहिम को उस समय सफलता मिली कि जब अंकुर विहार थाना पुलिस ने आबकारी विभाग की टीम के साथ मिलकर एक गोदाम में छुपाकर रखी गई लाखों की कीमत की 160 पेटी चण्डीगढ़ मार्का शराब एवं चार पिकअप वैन के सहित लगभग सवा करोड़ का माल बरामद कर लिया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी एसीपी अंकुर विहार रविप्रकाश सिंह ने दी।

### मोदीनगर में सभासदों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

गाजियाबाद। मोदीनगर में कस्बा पतला से उजैड़ा तक जाने वाले नाले से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर कस्बा पतला के सभासदों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर हंगामा किया। नाले की सफाई ना होने से 400 भूमि में पानी भरा हुआ। उपजिलाधिकारी ने इस मामले को लेकर सिंचाई विभाग की एक कमेटी का गठन किया है। कस्बा पतला से गांव उजैड़ा तक एक नाला जा रहा है। यह नाला बरसात का पानी नहर में डालता है। कस्बा पतला के लोगों का आरोप है कि गांव नगला आक्खू में नाले पर अतिक्रमण करके उसे बंद कर रखा है। जिस कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। पानी की निकासी ना होने के कारण जलभराव हो जाता है। जलभराव होने के कारण फसल नष्ट हो रही और आगे की बुवाई पर भी असर पड़ रहा है। मंगलवार को रालोद नेता योगेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में सभासदों का एक प्रतिनिधि मंडल उपजिलाधिकारी संतोष राय से मिला। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सभासदों ने उपजिलाधिकारी को बताया कि जलभराव होने के कारण 400 बीघा कृषि भूमि में पानी भरा हुआ है।

# नोएडा में बन रहा देश का पहला वेस्ट टू वाइल्ड लाइफ पार्क

● नोएडा जंगल ट्रेल नाम दिया, अंडरपास और एफओबी से जुड़ेगा, 4डी कांसेप्ट और होगी नाइट सफारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

देश का पहला नेचुरल ट्रेल ऑफ आर्टिफिशियल जू थीम पार्क दिल्ली के एकदम नजदीक महामाया फ्लाई ओवर के पास नोएडा में बनने का काम शुरू हो गया है।

इसे नोएडा जंगल ट्रेल नाम दिया गया है। ये भी दावा किया जा रहा है कि ये देश का पहला वेस्ट टू वाइल्ड लाइफ पार्क है। इस पार्क को तीन



जोन में बांटा गया है। 18.27 एकड़ में इसे बनाया जा रहा है। पार्क नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस के दोनों और ओखला की ओर जाने वाले कट के पास डेवलप किया जा रहा है।

पार्क को एक फुटओवर ब्रिज और एक अंडर पास से कनेक्ट किया जाएगा। पार्क के तीन जोन में बांटा गया है। पहला जोन-ए 4.05 एकड़ का है। इसमें पार्किंग, एंपीथियेटर 1000 लोगों की क्षमता का फूड कोर्ट और ऐग्जीबिशन एरिया है। यहां 8 बसों और 76 कारों की पार्किंग होगी। जोन-बी 8.77 एकड़ का बनाया जा रहा है। इसमें ट्रोपिकल रेन फारेस्ट, ग्रास लैंड, वेट लैंड को बनाया जाएगा। जोन.ए और बी को जोड़ने के लिए एक्सप्रेस वे के ऊपर एक एफ ओबी बनाया जाएगा।

तीसरा जोन-सी 5.45 एकड़ का है। इसमें आईस लैंड ओशियन, ट्रेम्प्रेट फरेस्ट और पोलर रीजन होगा। ये पार्क अपने आप में अनोखा होगा, जिसका कॉन्सेप्ट 4डी पर आधारित होगा। इस पार्क को बनाने वाली कंपनी ही इसका संचालन और मेंटेनेंस करेगी। पार्क में आने वाले लोगों के लिए टिकट रखा जाएगा जिसका 50-50 प्रतिशत राजस्व की हिस्सेदारी होगी। इस पार्क की रीच को बढ़ाने के लिए ही इसे सेक्टर-94 के पास बनाया जाएगा ताकि दिल्ली, ग्रेटर नोएडा और फरीदाबाद के लोग तक यहां आ सके।

## 500 टन लोहे का होगा प्रयोग

पार्क में 500 टन लोहा वेस्ट का प्रयोग किया जाएगा। जिसे प्राधिकरण को दिया जा रहा है। इसके बाद लोहे से पार्क में स्कल्पचर बनाए जाएंगे। इसके अलावा प्लास्टिक वेस्ट का प्रयोग भी किया जाएगा। इस पार्क को बनाने में करीब 15 करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा। इसमें हाथी, पैंगुविन, शेर, जिराफ, बर्ल्डस, बत्तख, फ्लेमिंगो, बरटफ्लाई, जंगली भैस, डाइनासौर, गैंडा, मोर, भालू, क्काला, पांडा आदि को बनाया जाएगा। नोएडा जंगल ट्रेल में आप नाइट सफारी भी कर सकेंगे। यहां बनाया जाने वाला अंडर पास करीब दो करोड़ की लागत से तैयार किया जाएगा। इसका निर्माण प्राधिकरण करेगा। इस अंडर पास में ई कार्ट और पैदल जाया जा सकेगा। इस अंडर पास और पार्क को फसाड और अन्य कॉन्सेप्ट लाइटों से सजाया जाएगा। ताकि ये दिखने में बिल्कुल जंगल का लुक दे।

# अमानतुल्लाह खान के बचाव में आए केजरीवाल

## साथ खड़े हो दी क्लीनचिट, पीएम मोदी पर आप को खत्म करने की कोशिश का आरोप लगाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के बाद पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को उनका बचाव किया है। केजरीवाल ने अमानतुल्लाह खान के साथ खड़े होकर उन्हें क्लीनचिट दी और पीएम मोदी पर उनकी पार्टी को खत्म करने की कोशिश का आरोप लगाया। केजरीवाल ने कहा कि उनके कई विधायकों और नेताओं पर केस किया गया, लेकिन किसी पर दोष साबित नहीं हुआ।

उन्होंने मनीष सिसोदिया का भी जिक्र किया और कहा कि ईडी ने कोर्ट में उनके खिलाफ जज के मांगने पर सबूत नहीं दिए। इसका मतलब केस झूठा है।

अमानतुल्लाह खान ने मंगलवार को हुई ईडी को लेकर बुधवार सुबह अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रेड की सारी सच्चाई बताया। इसके उपरांत केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की पूरी कोशिश है कि आम आदमी पार्टी को कुचलकर खत्म कर दिया जाए। खान के यहां ईडी की छापेमारी भी आप को खत्म करने की पीएम की मुहिम का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आज तक इन्होंने हमारी खूब जांच कराई, खूब छापेमारी की। कई विधायकों और मंत्रियों को फर्जी मामलों में जेल भेजा, लेकिन एक नए पैसे की भी गड़बड़ी नहीं मिली। सब एक-एक करके छूट गए। एक-एक करके सारे केस कोर्ट में बंद हो गए।


मीडिया से बात करते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व विधायक अमानतुल्लाह।

दरअसल, पीएम मोदी को बहुत अहंकार हो गया है। वे इंसान को इंसान ही नहीं समझते हैं। उन्होंने सवाल किया कि अगर किसी देश के राजा को इतना अहंकार हो जाए तो वो देश तरक्की कैसे करेगा। यह पहला मौका नहीं है, जब प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी के नेताओं पर रेड कराई है। जब से उनकी दिल्ली में सरकार बनी है, पीएम की पूरी कोशिश यही है कि किसी भी तरह से आम आदमी पार्टी को कुचल दिया जाए, खत्म कर दिया जाए। वर्ष 2015 में आप सरकार बनी और वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री ने हमारे खिलाफ शुंगलू कमेटी बैठाई। शुंगलू कमेटी उनकी सरकार द्वारा किए गए सभी कार्यों की फाइल मंगाई, जो तकरीबन 400 फाइलें थीं। बड़े-बड़े नौकरशाहों ने सारी फाइलों की जांच की और एक पैसे का भी घोटाला नहीं निकला।

### मोरबी पुल गिर गया, वहां ईडी-सीबीआई की रेड नहीं हुई

अरविंद केजरीवाल ने कहा गुजरात के अंदर मोरबी ब्रिज गिर गया और कई लोगों की मौत हो गई। वहां ईडी-सीबीआई की कोई रेड नहीं हुई। इसी तरह भाजपा शासित कर्नाटक सरकार को 40 फीसदी वाली सरकार कहा जाता था, लेकिन ईडी-सीबीआई की रेड नहीं हुई। यानी भाजपा शासित राज्यों के अंदर किसी भी तरह की जांच नहीं होती है। अभी सीएजी की रिपोर्ट आई है, उसने इनके कई सारे घोटाले निकाले हैं, लेकिन कोई सीबीआई-ईडी की जांच नहीं होती है।

### आप विधायकों पर 170 से ज्यादा केस हुए : सीएम

**अरविंद केजरीवाल ने कहा कि शुंगलू कमेटी की जांच में कोई भ्रष्टाचार नहीं मिलने के बाद मोदी ने हमारे उपर झूठे केस करने शुरू कर दिए। अभी तक आम आदमी पार्टी के विधायकों पर 170 से ज्यादा केस कर चुके हैं। इसमें से 140 से अधिक केस में कोर्ट का फैसला आ चुका है और सारे निर्णय केंद्र सरकार के खिलाफ हैं। कोर्ट के सारे निर्णय आम आदमी पार्टी के पक्ष में आए हैं कि विधायकों पर झूठा केस किया गया, झूठी एफआईआर और गलत गिरफ्तारी की गई। अब पिछले दो साल से पीएम ने मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार करना चालू किया है। इन्होंने सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को गिरफ्तार किया। मंगलवार को विधायक अमानतुल्लाह के यहां ईडी की रेड कराई।**

# दिल्ली वक्फ बोर्ड में गैर कानूनी भर्ती से जमा की नकदी : ईडी

- अमानतुल्लाह पर अवैध धन से सहयोगियों के नाम पर संपत्ति खरीदने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्ला खान के यहां छापेमारी के एक दिन बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को आरोप लगाया कि खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में अवैध भर्तियों के जरिए अपराध से भारी मात्रा में नकदी जमा की और उक्त राशि का इस्तेमाल अपने सहयोगियों के नाम अचल संपत्ति खरीदने में की।

केंद्रीय एजेंसी ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में विधायक और उनसे जुड़े लोगों के 13 स्थानों पर छापेमारी की थी। एजेंसी ने एक बयान में दावा किया, छापेमारी की कार्वाई 2018-2022 तक अमानतुल्लाह खान के दिल्ली वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष रहते हुए उसमें की गई गैर कानूनी भर्तियों और वक्फ की संपत्तियों को निजी लाभ के लिए अनुचित तरीके से पट्टे पर देने से संबंधित मामले में की गई। ईडी ने बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज प्राथमिकी और दिल्ली पुलिस की ओर से दर्ज तीन शिकायतें आम आदमी पार्टी के विधायक के खिलाफ उसकी कार्रवाई का आधार बनीं।

एजेंसी ने बताया कि अमानतुल्ला खान ने कथित आपराधिक गतिविधियों से बड़ी मात्रा में नकदी प्राप्त की और उक्त राशि का इस्तेमाल दिल्ली में उनसे जुड़े लोगों के नाम अचल संपत्ति खरीदने में की गई। ईडी ने बताया कि अपराध में संलिप्तता से जुड़े कई रिकॉर्ड, भौतिक और डिजिटल सबूत छापेमारी के दौरान जब्त किए गए हैं।

# सुकेश के साथ रैकेट चलाने वाले आठ जेलकर्मियों पर एक्शन

- उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने आर्थिक अपराध शाखा को जांच कर मंजूरी दी






पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

महाठग सुकेश चंद्रशेखर को रोहिणी जेल में मदद करने वाले आठ जेलकर्मियों भूमिका की दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा जांच करेगी। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ईओडब्ल्यू को इसकी मंजूरी दे दी है।

इस मामले में जेलकर्मियों पर भ्रष्टाचार का आरोप है। दिल्ली जेल के इन आठ ग्रुप बी अधिकारियों के खिलाफ यह जांच, पिछले साल भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 17 ए के तहत 81 अन्य जेल अधिकारियों के विरूद्ध सुकेश चंद्रशेखर को वित्तीय लाभ के बदले जेल में सुविधा प्रदान करने की भूमिका की जांच करने के लिए उपराज्यपाल द्वारा दी गई मंजूरी के अतिरिक्त है।

उपराज्यपाल कार्यालय के अनुसार, उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रोहिणी जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर द्वारा चलाए जा रहे संगठित अपराध सिंडिकेट के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 17ए के तहत 8 जेल अधिकारियों की भूमिका की जांच करने के लिए दिल्ली पुलिस को अनुमति दे दी है। मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए और न्याय के हित में, उपराज्यपाल ने आर्थिक अपराध शाखा को दिल्ली जेल के आठ जेल अधिकारियों के खिलाफ आरोपों के लिए पूछताछ जांच करने की मंजूरी दी है। जेल अधिकारी, जो अब भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 7 और 8 के तहत जांच का सामना करेंगे, वे हैं सुनील कुमार, सुंदर बोरा (दोनों अधीक्षक), प्रकाश चंद, महेंद्र प्रसाद सुंद्रियाल, सुभाष बत्रा (सभी उपाधीक्षक), धरम सिंह मीना, लक्ष्मी दत्त और प्रकाश चंद ( सभी सहायक अधीक्षक)।

जांचकर्ताओं ने बताया कि सुकेश चंद्रशेखर बिना किसी बाधा के मोबाइल फोन इस्तेमाल करने की सुविधा और एक अलग बैरक पाने के लिए हर महीने लगभग 1.50 करोड़ रुपये का भुगतान करता था । जांच के दौरान यह पाया गया कि मकोका के प्रावधानों के तहत पहले ही गिरफ्तार इन 8 जेल अधिकारियों ने बैरक नंबर 204, वार्ड नंबर 3, जेल नंबर 10, रोहिणी में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर को आर्थिक लाभ के बदले अलग बैरक, गोपनीयता एवं मोबाइल आदि की सुविधाएँ दी गयी जिससे वह जेल से संगठित अपराध सिंडिकेट चलाता था । रोहिणी जेल के विभिन्न कैमरों के फुटेज एकत्र कर उनका विश्लेषण किया गया, उक्त कर्मचारियों के ड्यूटी रोस्टर की जांच की गई, फोन विवरण का विश्लेषण किया गया और आरोपी व्यक्तियों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर जानकारी एकत्र की गई। जांच में यह पाया गया कि उक्त कर्मचारियों को सुकेश के बैरक में उसके कहने से तैनात किया गया था ताकि उसे उन कर्मचारियों से आर्थिक लाभ के बदले आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने में मदद मिल सके। जब्त किए गए फोन के सीडीआरएस, आईपीडीआरएस के विश्लेषण से पता चला कि सुकेश के पास लगातार दो मोबाइल फोन थे। जांच के दौरान, यह भी पता चला है कि उक्त सभी कर्मचारियों को उनके इन कुकृत्यों एवं चुप रहने के लिए रिश्वत के रूप में पैसे दिए गए थे। इन जेल अधिकारियों द्वारा जेल मैनुअल का उल्लंघन करते हुए सुकेश को विशेष रूप से एक अलग बैरक भी प्रदान किया गया था और इसके बदले जेल अधीक्षक धर्म सिंह मीना के माध्यम से नियमित रूप से आर्थिक लाभ लिया जाता था।

# यौन उत्पीड़न के आरोप में स्वयंभू बाबा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में 33 वर्ष के एक स्वयंभू बाबा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) एम. हर्षवर्धन ने बताया कि विनोद कश्यप को द्वारका उत्तर पुलिस थाने में दर्ज यौन उत्पीड़न की दो शिकायतों के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है।

अधिकारी ने कहा, विनोद ककरोला इलाके में माता मसानी चौकी दरबार लगाता था। वह एक यूट्यूब चैनल भी चलाता था, जिसके बड़ी संख्या में फालोवर हैं। दोनों मामलों में, आरोप है कि उसने महिला श्रद्धालुओं को उनकी समस्याओं के समाधान में मदद करने के बहाने बुलाया और उनसे कहा कि उन्हें गुरु सेवा करनी चाहिए। इसके बाद उसने महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया।



तालकटोरा स्टेडियम में 11वीं राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप खेलों की शुरुआत के दौरान गतका प्रदर्शन करते सिख युवा। फोटो: रंजन डिमरी

# प्रदूषण के 13 प्रमुख स्थानों पर नजर रखेगी वायु गुणवत्ता टीम


गोपाल राय

- गोपाल राय ने कहा, समस्या की पहचान और समाधान के लिए कार्ययोजना तैयार प्रदूषण के 13 प्रमुख स्थानों पर नजर रखेगी वायु गुणवत्ता टीम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि शहर की सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी के 13 सबसे अधिक प्रदूषण वाले स्थानों पर वायु गुणवत्ता में सुधार के वास्ते अंतर विभागीय टीमों का गठन किया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में जिन 13 सबसे अधिक प्रदूषण वाले केंद्रों की पहचान की गई है उनमें नरेला, बवाना, मुंडका, वजीरपुर, रोहिणी, आरके पुरम, ओखला, जहांगीरपुरी, आनंद विहार, पंजाबी बाग, मायापुरी और द्वारका शामिल हैं।

इन प्रदूषण केंद्रों की पहचान इलाके में पीएम10 और पीएम2.5 के वार्षिक औसत स्तर के आधार पर की गई है। राय ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वायु प्रदूषण के स्थानीय स्रोतों की पहचान कर उनका समाधान करने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है ताकि तत्काल उक्त इलाकों की वायु गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रदूषण की सूची से जानकारी मिली कि आनंद विहार में खराब वायु गुणवत्ता की वजह निर्माण कार्य, डीजल वाहनों से होने वाला उत्सर्जन, टूटी सड़कें और अत्यधिक यातायात आदि हैं।




राय ने कहा, इन मुद्दों का समाधान करने के लिए अंतर विभागीय टीम गठित की गई हैं। हम 12 सचल एंटी स्मॉग गन तैनात करेंगे ताकि इलाके में धूल कणों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अशोक विहार में जैव ईंधन जलने और टूटी सड़कों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए भी टीमें गठित की गई हैं। मंत्री ने रेखांकित किया कि बवाना में प्रदूषण के प्रमुख कारकों में निर्माण कार्य से निकले मलबे को फेंकना और अत्यधिक यातायात शामिल है।

उन्होंने कहा कि मुंडका में सड़क निर्माण और यातायात से वायु गुणवत्ता पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ता है।

# टैक्सी चालक की अपने ही कार से घिसटकर मौत

- लुटेरों से कार छीनने का विरोध करना पड़ा भारी, बसंत कुंज में मंगलवार देर रात हुई



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में एक व्यस्त सड़क पर कार छीने जाने का विरोध करते हुए 43 वर्षीय एक टैक्सी चालक अपने ही वाहन के पहिए में फंस गया और कई मीटर तक घसीटे जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यह घटना मंगलवार को हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर है। वीडियो में एक कार चलती नजर आ रही है जिसके पिछले पहिए में फंसा एक व्यक्ति काफी दूर तक वाहन के साथ घिसटता नजर आ रहा है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि उसे रात साढ़े ग्यारह बजे बसंत कुंज उत्तर में राष्ट्रीय राजमार्ग- 8 सर्विस रोड के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना मिली। उसने बताया कि मृतक की पहचान फरीदाबाद निवासी बिजेंदर के रूप में हुई है। पुलिस ने इस संबंध में हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

अधिकारियों के अनुसार, संदेह है कि पीड़ित पर लूट की कोशिश के दौरान हमला किया गया होगा। हालांकि, पुलिस घटनाओं के क्रम को जोड़ने की कोशिश कर रही है। इस साल के पहले ही दिन दिल्ली के कंझावला इलाके में एक कार के पहिए में फंसी 20 वर्षीय एक युवती को इसी तरह घसीटे जाने की याद ताजा कर दी।

# इजराइल में भारतीय नागरिकों के लिए 24 घंटे की हेल्प लाइन

- 18,000 लोग काम या पढ़ाई के सिलसिले में रह रहे

एजेंसी। नई दिल्ली

तेल अवीव भारतीय दूतावास ने बुधवार को इजराइल में भारतीय नागरिकों से शांत, सतर्क रहने का आग्रह करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि वह स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है और इजराइल में अपने नागरिकों की मदद के लिए लगातार काम कर रहा है।

भारतीय दूतावास ने कहा, दूतावास 24 घंटे की हेल्पलाइन के माध्यम से इजराइल में अपने नागरिकों की मदद के लिए लगातार काम कर रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक रिकॉर्डेड संदेश में इजराइल में भारत के राजदूत संजीव सिंगला ने कहा, यह आपको आश्वस्त करने के लिए है कि दूतावास आपकी सुरक्षा और कल्याण के लिए लगातार काम कर रहा है। हम सभी बहुत कठिन समय से गुजर रहे हैं लेकिन कृपया शांत रहें तथा सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करें।

तेल अवीव में दूतावास ने केरल की एक देखभालकर्ता तक पहुंचने के लिए कदम उठाया, जो शनिवार को अशदोद शहर में गोलाबारी में घायल हो गई थी। दूतावास भारत में उसके परिवार के साथ भी लगातार संपर्क में है। भारतीय समुदाय भी उसका ख्याल रख रहा है और अस्पताल में उससे मिल रहा है। दूतावास ने कहा, हेल्पलाइन के माध्यम से इजराइल में अपने नागरिकों की मदद के लिए लगातार काम कर रहा है। दूतावास ने अपने पोस्ट में कहा, आपने हमें जो सराहना के संदेश भेजे हैं, उनके लिए हम इजराइल और बाहर के अपने साथी भारतीय नागरिकों को धन्यवाद देते हैं। इजराइल में करीब 18,000 भारतीय नागरिक काम या पढ़ाई के सिलसिले में रह रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

### युवाओं में बढ रहा घुटने का ओस्टियोआर्थ्राइटिस


डॉ. एल तोमर

**नई दिल्ली।** बुजुर्गों में घुटने के ओस्टियोआर्थ्राइटिस की समस्या के बाद अब इसकी चपेट में बड़ी संख्या में युवा भी आ रहे हैं। ओस्टियोआर्थ्राइटिस-डे की पूर्व संध्या पर नई मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के डॉयरेक्टर और यूनिट हेड डॉ. एल तोमर ने बताया कि पिछले कुछ समय से घुटने के गंभीर दर्द के मरीज आ रहे हैं जिनकी उम्र 40 से 41 साल है। उन्होनें कहा कि युवाओं में घुटने के ओस्टियोआर्थ्राइटिस मामलों का बढ़ना आश्चर्यजनक है। डॉ. तोमर ने कहा, शारीरिक गतिविधियों को बढ़ाने, वजन को नियंत्रित रखने, विटामिन डी के लिए सूरज की रोशनी लेने, तंबाकू व शराब से बचने से इस बीमारी से बचा जा सकता है।

### विश्व उर्दू दिवस समारोह समिति की बैठक संपन्न

**नई दिल्ली।** उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन तमिलनाडु एंड कर्नाटक के अध्यक्ष डॉ उबैदुल्ला बेग की अध्यक्षता में दरयागंज नई दिल्ली स्थित कार्यालय में विश्व उर्दू दिवस समारोह समिति की बैठक संपन्न हुई। डॉ उबैदुल्ला बेग ने इस वर्ष 9 नवंबर को विश्व उर्दू दिवस का समारोह मद्रास विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग और अंजुमन अबना ए कदीम के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा। इसी तरह बीएम हबीबुर्रहमान ब्लॉक एजुकेशनल अफसर उर्दू तमिलनाडु सरकार ने भी उर्दू दिवस मनाने के लिए सहयोग का वादा किया है। विश्व उर्दू दिवस समारोह समिति के संयोजक डॉ. सैयद अहमद खान ने कहा कि 25 साल पहले सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा के रचयिता विश्व विख्यात दार्शनिक अल्लामा इकबाल के जन्मदिन को उर्दू दिवस मनाए जाने का जो सिलसिला शुरू किया था अब उसका प्रभाव विश्व भर में होने लगा है।

### यूथ कॉन्क्लेव विमर्श का होगा आयोजन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सत्यवती कॉलेज के साभागार में तीन दिवसीय बौद्धिक महाकुंभ विमर्श का आयोजन किया जा रहा है। 13 से 15 अक्टूबर तक चलने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रम में देशभर के विद्वान विभिन्न विषयों पर युवाओं से संवाद करेंगे। विमर्श कॉन्क्लेव युवाओं के बीच होने वाला मध्य भारत का सबसे बड़ा बौद्धिक वैचारिक महाकुंभ है, जिसमें देशभर से 2500 से 3000 चिंतनशील युवा भाग लेंगे और आमंत्रित विद्वान वक्ताओं के साथ निर्धारित विषयों पर विचार विमर्श करेंगे। यहां एक ही मंच पर मीडिया, शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, कानून, विज्ञान आदि अनेक महत्वपूर्ण विषयों के विद्वान निर्धारित विषयों पर संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में प्रतिदिन 16 सत्र होंगे, समानंतर सत्रों में विद्वान युवाओं से संवाद करेंगे

# छठ महापर्व की तैयारियां जोर-शोर से शुरू, बनेंगे एक हजार घाट

## राजस्व मंत्री ने जिलाधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक, घाटों पर आयोजित होंगे मैथली कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वांचल के सबसे बड़े पर्व छठ की तैयारियां शुरू हो गई है। दिवाली के बाद पूर्वांचल के वह लोग जो दिल्ली में ही छठ पूजा मनाएंगे अभी से तैयारियों में लग गए हैं, जिसके चलते नेता भी अपने हिसाब से उन तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा दिल्ली की सातों सीट पर कब्जा बनाए रखना चाह रही है।

वहीं आम आदमी पार्टी की भी नजर पूरबिया लोगों पर। इसके लिए जरुरी है की पूर्वांचल के लोगों को ज्यादा से ज्यादा अपने पक्ष में किया जाए। इसी के मद्देनजर इस साल भी छठ की तैयारियों में कोई कमी न छूटे इसको लेकर राजस्व मंत्री आतिशी ने सभी जिलाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अंतिम समय की अफरातफरी से बचने के लिए अभी से ही छठ महापर्व को लेकर सभी जरूरी तैयारियाँ शुरू कर दी जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। आतिशी ने कहा कि छठ महापर्व लाखों श्रद्धालुओं के आस्था का त्यौहार है। ऐसे में ये त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मन सके और श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के छठी मईया की उपासना कर सके इसको लेकर केजरीवाल सरकार ये सुनिश्चित कर रही है कि इसकी तैयारियों में कोई कमी न छूटे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि, सभी जिलाधिकारी अपने जिलों में लोगों की सुविधा के अनुसार छठ घाट के लिए स्थान चिन्हित करें और वहाँ घाट बनाना शुरू करा दे।



प्रैस वार्ता के दौरान राजस्व मंत्री आतिशी, विधायक संजीव झा व अन्य।

साथ ही अधिकारी स्थानीय छठ पूजा समितियों के साथ बैठकें करना शुरू कर पूजा के सफल आयोजन के लिए उनके सुझाव ले और उसके अनुसार तैयारियाँ करें। एक हजार से अधिक छठ घाट बनाए जाएंगे राजस्व मंत्री ने कहा कि, इस साल केजरीवाल सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरी दिल्ली में 1,000 से अधिक छठ तैयार करवायेगी। जहां साफ पानी, टेंट, बिजली, शौचालय, सुरक्षा, मेडिकल सुविधा, पॉवर बैकअप, सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्था मुहैया की जाएगी। कई घाटों पर मैथली-भोजपुरी अकादमी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

# दुष्कर्म मामले में भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बलात्कार और आपराधिक धमकी दिए जाने का आरोप लगाने वाली एक महिला की शिकायत पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सैयद शाहनवाज हुसैन को तलब किया। अदालत ने कथित अपराध का संज्ञान लिया और पूर्व केंद्रीय मंत्री को 20 अक्टूबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया।

न्यायाधीश ने कहा, इस अदालत ने (प्राथमिकी) रद्द करने की रिपोर्ट, शिकायतकर्ता द्वारा दायर विरोध याचिका, जांच अधिकारी द्वारा विरोध याचिका पर दाखिल जवाब तथा रिकॉर्ड पर रखी गई अन्य सामग्री पर गौर करने के बाद यह पाया है कि शिकायतकर्ता ने पुलिस, अदालत, मजिस्ट्रेट के समक्ष दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 164 के तहत एक समान बयान दिए हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 12 अक्टूबर, 2023



# नूंह दंगों के आरोपी मोनू मानेसर ने जमानत याचिका लगाई

### जमानत याचिका पर 16 अक्टूबर को होगी सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम/नूंह

**नूंह** दंगों में सोशल मीडिया पर भडक़ाऊ बात लिखने के मामले में गिरफ्तार किए जा चुके मोनू मानेसर ने अब जमानत याचिका लगाई है। जिस पर 16 अक्टूबर को सुनवाई होगी। मोनू मानेसर को एक महीने पहले 12 सितम्बर को मानेसर से एसआईटी ने गिरफ्तार किया था। वहीं से उसे राजस्थान पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर लेकर गई थी। मोनू मानेसर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट डाली थी। जिसमें लिखा था कि- परिणाम की चिंता हम नहीं करते, वार एक ही होगा, पर आखिरी होगा। नूंह दंगे शांत होने के बाद दोबारा से निकाली जाने वाली ब्रजमंडल यात्रा से दो दिन पहले उन्होंने यह पोस्ट डाली थी। इसमें 26 अगस्त को एफआईआर दर्ज की गई। इसी पर उसकी



गिरफ्तारी भी की गई। मोनू मानेसर पर भिवानी में राजस्थान के दो व्यक्तियों को जिंदा जलाकर मारने का भी आरोप है। भडक़ाऊ पोस्ट के मामले में हुई गिरफ्तारी के बाद अब मोनू मानेसर ने उस मामले में जमानत याचिका नूंह की अदालत में दायर की है, जिस पर अदालत 16 अक्टूबर को सुनवाई करेगी।

मोनू मानेसर एकाएक पुलिस के लिए मोस्ट वांटेड बन गया। भिवानी में दो युवकों जुनैद व नासिर को जिंदा जलाने के मामले में राजस्थान पुलिस को उसकी तलाश थी। पटौदी थाना क्षेत्र में जान से मारने की धमकी देने का भी मोनू मानेसर पर केस दर्ज है। भडक़ाऊ पोस्ट डालने के केस में नूंह एसआईटी ने मोनू मानेसर को 12 सितंबर को गिरफ्तार किया और नूंह ले गई। वहां अदालत में पेशी के दौरान पहले से तैयारी करके आई राजस्थान पुलिस ने भी मोनू मानेसर का ट्रांजिट रिमांड मांग लिया। अदालत ने राजस्थान पुलिस की अर्जी स्वीकार करते हुए मोनू मानेसर उन्हें सौंप दिया। कुछ दिन बीतने के बाद पटौदी पुलिस ने भी सक्रियता दिखाई और मोनू मानेसर को राजस्थान के भरतपुर से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर पूछताछ करने की योजना बनाई। पहली बार में तो मोनू मानेसर को सुरक्षा कारणों से पुलिस ला नहीं पायी। दूसरी बार में उसे पांच दिन पूर्व पटौदी पुलिस राजस्थान से लेकर आई। अदालत में पेश करके पुलिस ने 7 दिन का रिमांड मांगा था, लेकिन अदालत ने 4 दिन का ही रिमांड दिया। चार दिन का रिमांड बुधवार 11 अक्टूबर को पूरा हो गया।

# पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को लूटी गई नकदी व कार समेत किया गिरफ्तार

**सोहना।** अपराध शाखा सोहना पांच पुलिस ने लूट, लूट, चोरी, मारपीट व शस्त्र अधिनियम आदि मामलों में संलिप्त हिस्ट्रशीटर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 09/10 सितम्बर को निजी स्कूल के पास शिकायकर्ता कार से टक्कर मारकर नकदी लूटी थी।

अपराध शाखा पांच प्रभारी सत्यप्रकाश ने बताया कि गांव सांप की नंगली निवासी हिस्ट्रीशीटर नरेश व अमरजीत ने अपने की गांव के नवीन के साथ 9 सितम्बर को निजी स्कूल के पास से पैदल जाते समय लूटा था। नरेश ने पीछे से उसकी गर्दन पकड़ी थी। अमरजीत के सहयोग से उसके पास रखे एक हजार रुपये की नकदी छीन ली। क्योकि नरेश नशा करने का आदि है। उसके पास नशा करने के लिए पैसा नहीं था। इसी उद्देश्य से नरेश ने अमरजीत के साथ लूटा था। जब नवीन वहा से भागने लगा। तब नरेश ने कार से उसे टक्कर मारते हुए घायल किया था।

# मोनू मानेसर की निशानदेही पर राईफल समेत बुलेट प्रूफ गाड़ी बरामद

## 4 जिंदा कारतूस व 2 खाली खोल भी किए गए बरामद

### साथी के परिवार को तंग करने वालों से झगड़े में चलाई थी गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम।



मोनू मानेसर को पटौदी कोर्ट में पेश करने ले जाती पुलिस।

**हत्या** के प्रयास में राजस्थान से प्रोडक्शन वारंट पर लगाए गए मोनू मानेसर ने पुलिस ने चार दिन के रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ की। इस दौरान पुलिस को कई जानकारियां मिलीं। साथ ही मोनू मानेसर की निशानदेही पर एक राईफल, 4 जिंदा कारतूस व 2 खाली खोल भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस पूछताछ में मोनू मानेसर ने बताया कि 6 फरवरी 2023 को वह अपने साथियों सहित राकेश निवासी पटौदी के घर गया था। वहां पर ललित निवासी पटौदी ने बताया कि एक पक्ष के लोग यहां दूसरे पक्ष को तंग करते हैं। वो आने वाले हैं। उस समय मोनू मानेसर ने सुल्ली उर्फ सुनील निवासी पटौदी को फोन करके बुला लिया। कुछ देर बाद अन्य पक्ष के लोग वहां आ गए और उन लोगों ने राकेश के घर पर पथराव कर दिया। जिसमें उसके घर के शीशे टूट गए। उन्होंने बाहर आकर देखा तो अन्य पक्ष के लोग उनकी गाडिय़ों को भी लाठी डंडों से तोड़ रहे थे। इस दौरान गोली की भी आवाज सुनाई दी। तब इन्होंने भी लाईसेंसी राईफल 315 बोर से हवाई फायर किए। मोनू मानेसर की पिस्टल से भी 1-2 फायर किए गए थे। आरोपी मोनू की निशानदेही पर 1 राईफल, 4 जिन्दा कारतूस, 2 खाली खोल व 1 बुलेट प्रूफ गाड़ी (स्कार्पियों) बरामद की गई है। इस केस में गुरुग्राम पुलिस द्वारा ललित व राकेश निवासी पटौदी नामक आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था। आरोपी सुनील उर्फ सुल्ली को उच्च न्यायालय के आदेशानुसार जांच में शामिल किया गया था। मोहित उर्फ मोनू यादव निवासी मानेसर इस केस में अब तक पकड़ से बाहर था।

**रिमांड पूरा होने के बाद मोनू मानेसर जेल भेजा**

पटौदी में हत्या के प्रयास में राजस्थान से प्रोडक्शन वारंट पर लाए गए मोनू मानेसर का बुधवार को चार दिन का रिमांड पूरा हो गया। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद उन्हें पटौदी पुलिस ने अदालत में पेश किया। अदालत ने मोनू मानेसर का रिमांड नहीं बढ़ाया और उसे 14 दिन के लिए जिला जेल भोंडसी भेज दिया।

बता दें कि मोनू मानेसर पर राजस्थान के दो युवकों की भिवानी में गाड़ी में बंद करके जिंदा जलाने का भी आरोप है। नूंह दंगों में एसआईटी ने मोनू मानेसर को गिरफ्तार करके कुछ दिन पहले अदालत में पेश किया था, जहां से उसे राजस्थान पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर लेकर गई। तब से मोनू मानेसर राजस्थान की जेल में ही बंद था। नूंह दंगे भडक़ाने के आरोप में मोनू मानेसर का नाम भी सामने आया। मोनू मानेसर सोशल मीडिया, मीडिया के माध्यम से अपने ऊपर लगे आरोपों को लगातार नकारता रहा है।

इसके अलावा मोनू मानेसर पर हत्या के प्रयास का पटौदी थाना में केस दर्ज है। इस केस में पूछताछ के लिए मोनू मानेसर को लाने के पटौदी पुलिस कई दिन से प्रयास कर रही थी। बीते शनिवार को मोनू मानेसर को पटौदी में लाया गया। वहां अस्पताल में उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाया गया। इसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया। अदालत से चार दिन का रिमांड मिला। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद बुधवार को पुलिस ने अदालत में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भोंडसी भेज दिया गया।

# निरंकारी कॉलेज में युवाओं की मतदाता जागरुकता शिविर लगा वोट बनाएं

**सोहना।** बुधवार को स्थानीय निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल कॉलेज में वोट बनाने के लिए दो दिवसीय मतदाता जागरुकता शिविर की शुरुआत की गई। इस अवसर पर युवाओं की नई वोट बनाई गई। पहले दिन 108 युवाओं ने अपना वोट बनावाया। बुधवार को निरंकारी कॉलेज में मतदाता जागरुकता शिविर की शुरुआत की गई। जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों को मत का अधिकारी की जानकारी दी गई। युवाअें को अपना वोट बनवाना क्यों जरुरी है। इस अधिकार का युवा कैसे और देश हित में कब-कब उपयो कर सकते है। मतदाता अधिकारी का क्या लाभ है। भविष्य में इससे क्या-क्या लाभ होंगे। मतदाधिकार का महत्व और देश भावना के प्रति अपना कर्तव्य की जानकारी दी गई। शिविर के दिन विद्यार्थियों ने भारी जोश दिखाया। शिविर का उद्घाटन कॉलेज की उपप्रधानाचार्य प्रेरणा शर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर डीपी सिंह, मास्टर हुकम सिंह, प्रधायापक रोहताश सिंह, समेत सभी बीएलओ मौजूद थे। कॉलेज उपप्रधानाचार्य प्रेरणा शर्मा ने विद्यार्थियों को किस उम्र में यह मत का अधिकार मिलता है। उन्होने कहा कि देश की नागरिकता का सबसे बड़ी पहचान पत्र होता है। इसलिए युवाओं को इस मतदाता अधिकार को लेना चाहिए। मत का अधिकारी अपने मौलिक अधिकारों में से सबसे महत्वपूर्ण अधिकार होता है।

# सभी बल्क वेस्ट जनरेटर्स ठोस कचरा प्रबंधन नियमों की पालना करें सुनिश्चित: पीसी मीणा

## निगम द्वारा बल्क वेस्ट जनरेटर्स पर कार्रवाई के लिए शुरू किया जाएगा सघन अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम नगर निगम में अधिकारियों की बैठक लेते निगमायुक्त पीसी मीणा।

**भारत** सरकार द्वारा अधिसूचित ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में स्थित सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों को नियमों की पालना सुनिश्चित करना अनिवार्य है। अवहेलना करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई किए जाने का प्रावधान भी नियम में किया गया है। नगर निगम क्षेत्र में बल्क वेस्ट जनरेटरों के यहां नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए बुधवार को निगमायुक्त पीसी मीणा की अध्यक्षता में सिटीजन सुपरवाईजरी कमेटी की बैठक हुई। जिसमें कमेटी सदस्यों ने इस मामले में अपने-अपने सुझाव दिए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर निगम क्षेत्र में स्थित सभी बल्क वेस्ट जनरेटर्स का सोशल ऑडिट किया जाएगा। प्रथम चरण में उन्हें ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की पालना सुनिश्चित करने के लिए नोटिस जारी किए जाएंगे। जो बल्क वेस्ट जनरेटर्स अपने यहां कचरे का सही प्रकार से निष्पादन कर रहे हैं, उन्हें नगर निगम द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। इसके अलावा जो नियमों की पालना सुनिश्चित नहीं करेंगे, उन पर कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भारी जुर्माना लगाने के साथ ही अन्य दंडात्मक कार्रवाई भी अमल में लाई जा सकती है। नियमों की

### निगमायुक्त पीसी मीणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई सिटीजन सुपरवाईजरी कमेटी की बैठक

पालना नहीं करने वाले बल्क वेस्ट जनरेटर्स के खिलाफ कार्रवाई के लिए जल्द ही एक सघन अभियान शुरू किया जाएगा।

गौरतलब है कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत प्रतिदिन 50 किलोग्राम या इससे अधिक कचरा उत्पन्न करने वाली रिहायशी सोसायटियां, आरडब्ल्यूए, होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल, स्कूल, कॉलेज आदि बल्क वेस्ट जनरेटर हैं। नियम के तहत इन्हें अपने यहां से निकलने वाले कचरे को अपने परिसर में ही स्वयं के स्तर पर निष्पादित करना अनिवार्य है।

इसके लिए सबसे पहले गीले, सूखे व घरेलू हानिकारक कचरे को अलग-अलग करना है। एक अनुमान के अनुसार इस कचरे का 50 से 70 प्रतिशत हिस्सा बायोडिग्रेडेबल है। गीले कचरे से खाद तैयार करके उसका उपयोग पेड़-पौधों में किया जा सकता है। सूखा व घरेलू हानिकारक कचरा अधिकृत रिसायकलर को सौंपा जा सकता है। इस प्रकार हम गुरुग्राम शहर में उत्पन्न होने वाले कुल कचरे में से 40 प्रतिशत कचरे को लैंडफिल साईट पर कम करने में अपना योगदान दे सकते हैं।

# दूसरे दिन भी छात्राओं को नहीं मिली बस, धक्का मुक्की खाते हुए गई गुरुग्राम




बुधवार को भी सोहना के सामान्य बस स्टैंड पर छात्राएं गुरुग्राम जाने के लिए सामान्य बसों में धक्का मुक्की करते चढ़ते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

गुरुग्राम-सोहना के बीच छात्राओं के लिए चल रही विशेष हरियाणा रोडवेज की बस दो दिन से बंद पड़ी है। जिसके कारण छात्राओं को सामान्य बसों से लेकर सोसायटी और निजी वाहनों में किराया देकर गुरुग्राम जाना तथा आना पड़ रहा है। गुस्साएं अभिभावक गुरुवार का सामान्य बस स्टैंड पर विरोध प्रकट कर सकते है।

प्रदेश सरकार ने हरियाणा रोडवेज की बसों में स्कूल, कॉलेज व यूनिवर्सिटी समेत अन्य शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाली छात्राओं को बसों में किराया माफ किया हुआ है। इतना ही नहीं गुरुग्राम शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाने वाली छात्राओं की सुविधा के लिए एक बस भी चलाई हुई है। लेकिन बीच-बीच में बस बंद हो जाने से छात्राओं को अन्य भीड़भाड़ वाली बस व निजी वाहनों में मजबूरीवंश सफर करना पड़ जाता है। मंगलवार के बाद बुधवार को भी सोहना से छात्राओं के लिए चलने वाली विशेष बस नहीं गई।

### अभिभावकों में रोष

छात्राओं को सोहना से हरियाणा रोडवेज की बस दो दिन से न मिलने से अभिभावकों में भारी रोष पनप रहा है। अभिभावक बिरजू अधाना का कहना है कि यदि गुरुवार को छात्राओं के लिए बस की सुविधा नहीं मिलने पर विरोध प्रदर्शन किया जा सकता है। जिसके लिए अभिभावक योजना तैयार कर रहे है। अभिभावक बस संचालकों पर मनमर्जी बरतने का आरोप लगा रहे है।

# पुलिस ने बदमाश को अवैध हथियार समेत दबोचा



**सोहना।** अपराध शाखा सिकन्दरपुर की टीम ने पलवल जाने वाले मार्ग के गांव सिलानी चौक पर बदमाश को हथियार समेत दबोचा है। उक्त बदमाश से तलाशी के दौरान अवैध हथियार बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को अपराध शाखा सिकन्दपुर की टीम ने पलवल-सोहना मार्ग के गांव सिलानी के निकट बदमाश को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान हर्ष कुमार निवासी गांव हरफ्ला के रुप में हुई है। हर्ष बाइक को लेकर चौक पर किसी का इंतजार कर रहा था। उसका इरादा अपने साथी के सग मिलकर अपराधिक वारदात को अंजाम देना था। पुलिस ने मौके पर पहुंच हर्ष को दबोच लिया। जिसके पास तलाशी में एक देशी पिस्टल बरामद की। जिसको खोलकर जांच किया तो खाली थी। पुलिस ने आरोपी का हथियार और बाइक को अपने कब्जे में लेते हुए सदर थाना में मामला दर्ज कराया है। सदर थाना सोहना पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद से जांच शुरु कर दी है।

# हनुमान चालीसा पाठ मुहिम को बोधराज सीकरी ने बना दिया है भक्ति आंदोलन

## मंदिरों के साथ अब स्कूलों में भी शुरू किया हनुमान चालीसा पाठ

### अब तक 3 लाख 69 हजार का आंकड़ा हो चुका है पार

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**मंदिरों** में हनुमान चालीसा पाठ के साथ अब स्कूलों में भी पाठ शुरू कर दिया गया है। समाजसेवी बोधराज सीकरी ने इस धार्मिक मुहिम को भक्ति आंदोलन बना दिया है। उनके इस कार्य की चहुओंर चर्चा और तारीफ हो रही है। अब तक मुहिम के तहत कुल 134 स्थानों पर 27243 श्रद्धालुओं ने 3 लाख 69 हजार 948 बार हनुमान चालीसा के पाठ किए हैं।

जीएमवी इंटरनेशनल स्कूल डीएलएफ फेज-3 में 200 विद्यार्थियों व 30 शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने 11-11 बार, गंगा गिरी कुटिया बसई रोड पर करीब 125 साधकों ने पांच-पांच बार चालीसा पाठ किया। स्कूल के चेयरमैन प्रदीप कौशिक व एमडी मनीष कौशिक ने बोधराज सीकरी को इस आयोजन के लिए आमंत्रित किया था।

हनुमान चालीसा पाठ के बाद बोधराज सीकरी ने प्रेरणादायी बातें बताई। हास्य और व्यंग्य के माध्यम से अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि सदा प्रसन्न रहें। उन्होंने कहा-हर मर्ज का इलाज नहीं दवाखाने में, कुछ मर्ज ठीक हो जाते मुस्कुराने में। उन्होंने कहा कि हमें आलोचना को ठीक से स्वीकार करना चाहिए। विद्यार्थियों को हनुमान चालीसा अवश्य पढना चाहिये।

क्योंकि उसमें बल, बुद्धि, विद्या मिलने का जिक्र है। विद्यार्थियों को धैर्यवान होना चाहिए। सफलता का अहंकार नहीं करना चाहिए। बड़ों को अपना अनुभव युवाओं को साझा करना चाहिए और युवा को अपनी ऊर्जा राष्ट्र हित में देनी चाहिए। युवाओं को कर्मशील होना चाहिए। स्कूल की ओर से चेयरमैन प्रदीप कौशिक ने बोधराज सीकरी की कार्यशैली की प्रशंसा की। उनके ज्ञान की भी सराहना की। गंगागिरी कुटिया में प्रधान ब्रह्म कथूरिया के अतिरिक्त रमेश कुमार, चुन्नी लाल शास्त्री, लक्ष्मण व श्याम अदलखा सेवारत थे। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में धर्मेन्द्र बजाज, रामलाल ग्रोवर, रमेश कामरा, गजेन्द्र गोसाईं, किशोरी लाल डुडेजा, ओम प्रकाश गाबा, हेमंत मोंगिया, सतपाल नासा, महिला प्रकोष्ठ की ओर से ज्योत्सना बजाज, शशि बजाज, पुष्पा नासा, निशी मोंगिया, रीटा, सिमरन बजाज, संतोष पाहुजा मौजूद रहीं।



हनुमान चालीसा पाठ के आयोजन में बोधराज सीकरी को तिलक करके स्वागत करते आयोजक।



गुरुग्राम के सेक्टर-4 स्थित एमएम पब्लिक स्कूल में डाक टिकट संग्रह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि।

# विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं का ज्ञान होना जरुरी: रमेश चंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम।

डाक विभाग गुडग़ांव मण्डल गुडग़ांव की स्कीम दीन दयाल स्पर्श स्कॉलरशिप योजना के अंतर्गत एमएम पब्लिक स्कूल सेक्टर-4 में डाक टिकट संग्रह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर डाक विभाग से मंडल अधीक्षक रमेश चंद्र, सहायक अधीक्षक जय सिंह व कार्यालय सहायक मंजीत सिंह, डाक संग्रह इंचार्ज विनोद समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

सभी ने बच्चों के साथ अध्यापकों को भी डाक विभाग के कई अभिन्न अंगों से अवगत कराया। शिक्षा के क्षेत्र में डाक विभाग के कार्यों व योगदान की जानकारी दी। डाक विभाग के सामाजिक कार्यो के प्रति जागरूक किया गया। इस प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के मुख्य सचिव मनोज गुप्ता, प्रिंसिपल स्वाति खंडेलवाल के साथ सलोनी

### एमएम पब्लिक स्कूल में डाक टिकट संग्रह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई

गुप्ता, सुनीता राव, गौरव भारद्वाज व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों के 18 प्रतियोगी शामिल हुए। लगभग 250 विद्यार्थी दर्शक के रूप में मौजूद रहे। डाक विभाग के अधीक्षक रमेश चंद्र ने विद्यालय के इंतजाम व्यवस्थाओं की सराहना की। बच्चों की जानकारी को भी खूब सराहा। रमेश चंद्र के अनुसार एमएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का ज्ञान बहुत ही उत्तम श्रेणी का है। ऐसे विद्यार्थी ही आगे देश और माता-पिता का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं का ज्ञान होना जरूरी है। उन्हें समय-समय पर ऐसे आयोजन करके जानकारी देती रहनी चाहिए।

# रैड पेस्ट ने त्योहारों के लिए लॉन्च किया स्पेशल पैक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दुनिया के नंबर 1 आयुर्वेदिक टूथपेस्ट ब्राण्ड डाबर रैड पेस्ट ने त्योहारों के इस सीज़न के लिए स्पेशल एडीशन पैक का लॉन्च किया है।

इस स्पेशल पैक के लॉन्च के साथ डाबर रैड पेस्ट चाहता है कि लोग अच्छी ओरल हेल्थ का आनंद उठाते हुए दोस्तों एवं परिवारजनों के साथ मिलकर त्योहारों की खुशियां मनाएं। इस अवसर पर श्री ऑगस्टस डेनियल, हैड मार्केटिंग- ओरल केयर- डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा, ''डाबर रैड पेस्ट हमारा प्रमुख ब्राण्ड है, जिसे प्यार से 'देश का लाल' कहकर पुकारा जाता है। भारतीयता की भावना के साथ हम इस पेस्ट का खास फेस्टिव पैक एडिशन लेकर आए हैं, जो अपने प्रीमियम लुक एवं कन्ज़्यूमर फ्रैंडली ट्यूब के साथ उपभोक्ताओं को खूब लुभाएगा। इसे इस्तेमाल करना बेहद आसान है, साथ ही अपने शानदार डिज़ाइन के साथ यह आपके बाथरूम की साज-सज्जा में भी चार-चांद लगा देगा। 1 किलो का यह स्पेशल पैक रु 700 की कीमत पर फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन इवेंट पर उपलब्ध है।




# गुरुग्राम में निजी संस्थानों की तर्ज पर 104 प्ले वे स्कूलों में नोनिहालों को दी जा रही प्रारंभिक शिक्षा

## संबंधित विभागों को वर्तमान सुविधाओं में बढ़ोतरी के साथ ही अन्य संसाधनों में इजाफे के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**फ्लैगशिप** प्रोग्राम के तहत जिला में 104 आंगनवाड़ी सेंटर को अपग्रेड करके प्ले वे स्कूल बनाया गया है। इसलिए इन प्ले वे स्कूलों में बच्चों के सर्वांगीण विकास की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए मौजूदा सुविधाओं में आवश्यक सुधार के साथ अन्य संसाधनों में बढ़ोतरी सुनिश्चित करें। यह बात डीसी निशांत कुमार यादव ने अधिकारियों की बैठक में कही।

डीसी ने कहा कि बचपन के प्रारंभिक चरण से लेकर वयस्कता तक, सामाजिक व बौद्धिक विकास गतिविधियां हमारे पारस्परिक कौशल, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और समग्र कल्याण को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक बचपन में ऐसी गतिविधियां जो साथियों के साथ साझा करने, सहयोग और संचार को प्रोत्साहित करती हैं। जीवन में बाद में स्वस्थ सामाजिक संपर्क व उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती हैं। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द प्ले स्कूलों में आरओ को इंस्टाल करवा पीने के स्वच्छ पानी की व्यवस्था करवाएं, छोटे बच्चों के लिए बेबी टॉयलेट शीट, बिजली की व्यवस्था, रसोई घर का निर्माण कार्य व बाला पेंटिंग जैसे कार्यो को पंचायत से रेजोल्यूजन पास करवा और विभाग के आपसी तालमेल कर पूरा करवाएं।

डीसी ने बताया कि सरकार की प्ले स्कूल की योजना के तहत यहां पर रसोई, शौचालय, बिजली व पानी आदि की उत्तम व्यवस्था की जानी है। साथ ही बच्चों के लिए खिलौने आदि की उपलब्धता भी की जानी है। रस्सी कूदना, उछलना, रस्सी पर चलना, सीढियां चढना व उतारना, हल्का व्यायाम करना आदि से स्थूल मासपेशियों का विकास होता है। वर्गीकरण करना, आकार बताना, छोटा बड़ा बताना, मिलान करना, स्वाद बताना, खुशबु पहचान करना आदि से बौद्धिक विकास होगा, आंगनवाड़ी में आकर अपनी अध्यापिका का अभिनन्दन करना, प्रार्थना करना, एक साथ खेलना, अपनी बारी का इंतजार करना, से सामाजिक विकास होगा, कहानी सुनना, बाल गीत, गपशप, स्वतंत्र वार्ता आदि से भाषा का विकास होगा।



गुरुग्राम में प्ले वे स्कूलों को लेकर बैठक लेते डीसी निशांत कुमार यादव।

# 40 हजार दर्शकों की क्षमता का बनेगा राजा नाहर सिंह स्टेडियम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**नाहर** सिंह क्रिकेट स्टेडियम के नवीनीकरण और जीर्णोद्धार के बाद इसमें 40 हजार दर्शक एक साथ मैच देख सकेंगे। पहले 25 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता थी। स्टेडियम में फ्लड लाइट्स लगेंगी और इलेक्ट्रॉनिक्स स्कोर बोर्ड लगेगा। साथ ही इसकी पिच भी नई बनेगी। यहां रात-दिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच हो सकेंगे। मार्च 2006 में भारत और इंग्लैंड के बीच अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच हुआ था। इसके बाद यहां अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेले गए।

बता दें कि राजा नाहर सिंह क्रिकेट स्टेडियम के कार्य पांच साल में भी पूरा नहीं हो सके हैं। अधूरे कार्यों को पूरा कराने के लिए 99 करोड़ रुपये की जरूरत है। दूसरी ओर प्रदेश सरकार ने अब स्टेडियम के निर्माण कार्य पूरा कराने की जिम्मेदारी फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण को सौंप दी है।

नाहर सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के जीर्णोद्धार का काम साल 2019 में शुरू हुआ था और 2020 में पूरा करने का लक्ष्य था। नगर निगम ने स्टेडियम के निर्माण में तेजी से कार्य शुरू कराया, लेकिन बाद में गति धीमी हो गई। कार्य में देरी से स्टेडियम की लागत में भी बढ़ोतरी होती चली गई है।

निगम ने इसका बजट बढ़ाकर 115 से 127 करोड़ रुपये कर दिया गया, इसके बाद भी स्टेडियम बनकर तैयार नहीं हो सका। अभी करीब 60 फीसदी ही निर्माण कार्य हो सका है। इस पर पूरे प्रोजेक्ट पर कई प्रकार के सवाल उठने लगे। दूसरी ओर सरकार से पैसा नहीं मिलने से कार्य रुक गया। हालांकि सरकार ने 72 करोड़ की राशि मंजूरी थी, लेकिन इसके लिए नगर निगम रिवाइज स्टीमेट 99 करोड़ का भेजा हुआ है। दूसरी ओर हाल में स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त व सचिव विकास गुप्ता ने नाहर सिंह स्टेडियम का दौरा कर जल्द पैसे जारी कराने का आश्वासन दिया था। सरकार ने नाहर सिंह स्टेडियम प्रोजेक्ट को एफएमडीए को सौंपने का निर्णय लिया है।

> प्रदेश सरकार ने राजा नाहर सिंह क्रिकेट स्टेडियम के कार्यों को पूरा कराने की जिम्मेदारी एफएमडीए को दे दी है। इसके लिए नगर निगम को पत्र मिल चुका है। जल्द ही परियोजना को एफएमडीए को ट्रांसफर कर दिया जाएगा।
>
> **-बीके कर्दम, मुख्य अभियंता नगर निगम**

नगर निगम ने रिवाइज स्टीमेट 99 करोड़ का बनाया है। पुराने ठेकेदार से कार्य पूरा कराया जाना था। अब प्रोजेक्ट एफएमडीए को दिए जाने से प्राधिकरण इसका नए सिरे से स्टीमेट बनवाएगा। ऐसे में इसकी लागत और बढ़ सकती है। ऐसा पहले भी हो चुका है। नगर निगम बल्लभगढ़ में ऑडिटोरियम बनवा रहा था, काम पूरा करने के लिए पांच करोड़ की जरूरत थी। सरकार ने बचे कार्य को पूरा कराने के लिए कार्य लोक निर्माण विभाग को दे दिया। इसका रिवाइट स्टीमेट 11 करोड़ का बना।

# हरियाणा स्कूली खेलकूद योग प्रतियोगिता का आयोजन होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**हरियाणा** राज्य स्कूली खेलकूद योग प्रतियोगिता का आयोजन नेताजी सुभाषचंद्र बोस खेल स्टेडियम में 12 से 14 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक पलवल दीपक मंगला करेंगे।

जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य से लगभग 900 खिलाड़ी, जिनमें 450 छात्राएं व 450 छात्र भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन खेलों में प्रदेश के सभी 22 जिलों के खिलाड़ी भाग लेंगे। खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल बाल, राजकीय उच्च विद्यालय पलवल कैंप, दयानंद स्कूल और कुसलीपुर के स्कूल में की गई है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहायक जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी जसवीर तेवतिया, सहायक जिला शिक्षा अधिकारी राजवीर तेवतिया की ड्यूटी लगाई गई है। इस प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# बाल महोत्सव से बच्चों को प्रतिभा दिखाने का मिलता है मौका : सीजेएम

## जिला स्तरीय बाल महोत्सव में बच्चों ने देशभक्ति कार्यक्रम से बांधा समां

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**बाल** कल्याण परिषद द्वारा पलवल के बाल भवन में चार दिवसीय जिला स्तरीय बाल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के कार्यक्रमों का शुभारंभ सीजेएम कुनाल गर्ग ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर उनके साथ जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा, जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा डागर, बाल कल्याण संरक्षण समिति पलवल के चेयरमैन रणवीर मनोज, सुनील, एसडी कॉलेज की प्राचार्या प्रतिभा सिंगला, एनके गोयल मौजूद रहे।

सीजेएम ने कहा कि बाल भवन बच्चों की प्रतिभाओं को तराशने में अहम भूमिका निभा रहा है। इस महोत्सव के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है। अपनी प्रतिभा को और अधिक निखारने के लिए बच्चों को ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। महोत्सव में मूक व बधिर बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीजेएम कुनाल गर्ग ने बच्चों की बहुत सराहना कर इन बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा डागर ने कहा कि बाल भवन में बच्चों एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। बाल महोत्सव में बाल कल्याण परिषद द्वारा कार्ड मेकिंग, सोलो डांस, क्ले मॉडलिंग, पेट्रीयोटिक ग्रुप सांग, ग्रुप डांस, पोस्टर मेंकिंग में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिला स्तर पर सभी विजेता बच्चों को 14 नवंबर बाल दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

पहले ग्रुप में सोलो डांस की प्रतियोगिता में आर्य समाज हाई स्कूल की यतिका ने प्रथम, बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कार्तिक ने द्वितीय, निशांत पब्लिक स्कूल की पूर्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा ओम इंटरनेशनल स्कूल के दिव्याना व धर्म पब्लिक स्कूल की नव्या को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। प्रथम ग्रुप की क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में गोलाया प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल की चेतन्या को प्रथम, बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल के जियान को द्वितीय, निशांत पब्लिक स्कूल की खुशबू मंगला को तृतीय स्थान तथा एसडी पब्लिक स्कूल के हर्षित व डीएवी स्कूल की वंशिका एवं आर्या हाई स्कूल की पूर्वी को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इसी प्रकार द्वितीय ग्रुप की पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में गोलाया प्रोग्रेसिव स्कूल की अंजली ने प्रथम, निशांत पब्लिक स्कूल के भारत भूषण ने द्वितीय तथा डीएवी पब्लिक स्कूल की महक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और शांति पब्लिक स्कूल की निशा व सेंट सीआर कॉन्वेंट स्कूल की पावनी को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। द्वितीय ग्रुप की क्ले मॉडलिंग में बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल की साना ने प्रथम, गोलाया प्रोग्रेसिव स्कूल की कामना ने द्वितीय तथा एसएनडी पब्लिक स्कूल के मोनी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और निशांत पब्लिक स्कूल की वंशिका व शांति पब्लिक स्कूल के कृष्णा को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। द्वितीय ग्रुप की ग्रुप सांग प्रतियोगिता में गोलया प्रोग्रेसिव स्कूल ने प्रथम, डीएवी पब्लिक स्कूल ने द्वितीय तथा एसएनडी पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल व विस्डम वैली स्कूल को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। तृतीय ग्रुप की पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निशांत पब्लिक स्कूल की दीपीका ने प्रथम, मॉडिश पब्लिक स्कूल की सानिया ने द्वितीय व केसीएम पब्लिक स्कूल की गीतिका पंवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और जीवन ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्राची व शांति पब्लिक स्कूल के रोहन को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इसी प्रकार चतुर्थ ग्रुप की समूह नृत्य प्रतियोगिता में गोलाया प्रोग्रसिव पब्लिक स्कूल ने प्रथम, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बसंतगढ ने द्वितीय व बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने तृतीय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल शहर एवं एसएनडी पब्लिक स्कूल को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। चौथे ग्रुप की पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में गोलाया प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल की यशिका गुप्ता ने प्रथम, निशांत पब्लिक स्कूल की अंकिता ने द्वितीय तथा जीवन ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल की गौरीशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मोनू व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल शहर की किशनी को सांत्वना पुरस्कार दिए गए।

इस अवसर पर एसएनडी स्कूल के चेयरमैन सतीश शर्मा, योगाचार्य गुरूमेश, रामेश्वर रावत, मनोज कुमार गोयल, सुरजीत रावत, कृष्ण मुरारी, टेकचंद, मीनाक्षी शर्मा, पूनम शर्मा सहित सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी, अध्यापक, निर्णायक कमेटी के सदस्यों में डॉ. मोनिका, सुमित, प्रीति, मीनू कौशिक, पूनम यादव, डालचंद, धर्मेंद्र मौजूद रहे।



# एमवीएन यूनिवर्सिटी में ब्रेकिंग दा आइस कार्यक्रम का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**स्कूल** ऑफ इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में एमवीएन यूनिवर्सिटी में ब्रेकिंग दा आइस नाम के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जूनियर और सीनियर दोनों विद्यार्थियों द्वारा मिलकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वाइस चांसलर अरुण गर्ग ने की। उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अगर ऐसे कार्यक्रम न हों तो मनुष्य एक मशीन की तरह हो जाए। ये कार्यक्रम विद्यार्थियों को तकनीकी के अलावा अन्य सामाजिक विषयों का भी ज्ञान देते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित प्रो वाइस चांसलर एनपी सिंह ने विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की सलाह दी। योगेंद्र सिंह ने पढ़ाई के साथ ऐसे कार्यक्रमों का बच्चों पर प्रभाव के बारे में बताया।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के आयोजन किए गए, जैसे कविता पाठ, बिना आग के खाना पकाना, नुक्कड़ नाटक और बेकार चीज से काम की चीज बनाना। इन सभी कार्यक्रमों को विद्यार्थियों ने बहुत सराहा और इन सबमें सब में बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

कार्यक्रम के अंत में इवेंट की कोऑर्डिनेटर पूनम डागर ने सबको किया। कार्यक्रम में हंसी, आदित्य, कुश आदि विद्यार्थियों का बहुत योगदान रहा। कार्यक्रम में आलोक श्रीवास्तव, संजू बाला, सागर शर्मा, मनीषा, धीरज सिंह, इत्यादि उपस्थित रहे।



# शिक्षा अधिकारी को मांगों को लेकर सौंपा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**हरियाणा** विद्यालय अध्यापक संघ के बैनरतले जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के साथ मासिक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला उप प्रधान गीतेश कुमार ने की तथा संचालन जिला ऑडिटर वेदपाल ने किया।

जिसमें अध्यापकों और छात्र-छात्राओं की समस्याओं को अधिकारी के संज्ञान में लाया गया। जिला उप प्रधान गीतेश कुमार और ऑडिटर वेदपाल ने कहा कि जेबीटी, सीएंडवी तथा टीजीटी अध्यापकों के एसीपी मामले पिछले तीन वर्षों से कार्यालय में पेंडिंग पड़े हैं। जब से पलवल जिला बना है, तब से कोई अनुभाग अधिकारी नहीं है। एलटीसी का बजट नहीं है तथा जिन एलटीसी को वित्त विभाग को अप्रूवल के लिए भेजा गया है, एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अप्रूव होकर वापस नहीं आई है। वीरसिंह सौरोत ब्लॉक प्रधान होडल, महेशचंद्र ब्लॉक प्रधान पलवल ने कहा कि एससी बीसीतथा बीपीएल वर्ग से संबंधित छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति पिछले तीन वर्षों से लंबित है, एक्स ग्रेशिया तथा चिकित्सा प्रतिपूर्ति का बजट उपलब्ध नहीं है। इन सब मांगों को लेकर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से बातचीत हुई, जिसमें अधिकारी ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर नरेश कुमार, सरला देवी, तरुण जैन, शिवदयाल विनोद कुमार, बाबूराम, गुलाब सिंह और यादराम मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सुस्त जीवनशैली और खराब खानपान के कारण बढ़ रहा ऑर्थराइटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जोड़ों** से संबंधित समस्याओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 12 अक्टूबर को वर्ल्ड ऑर्थराइटिस डे मनाया जाता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. अनुराग अग्रवाल, डायरेक्टर एवं एचओडी, आर्थोपेडिक्स एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद ने बताया कि एक सप्ताह में ओपीडी में करीब 125-150 मरीज जोड़ों की समस्या लेकर आते हैं, जिनमें 25-35 वर्ष की आयु के 30-35 प्रतिशत युवा लोग होते हैं। एक महीने में ऐसे मरीजों की संख्या लगभग 200 पहुंच जाती है। चिकित्सीय जांच करने पर 200 में से 70 फीसदी महिला और 30 फीसदी पुरुष हैं। आमतौर पर ऑर्थराइटिस की समस्या बढ़ती उम्र के लोगों में देखने को मिलती है, लेकिन आजकल की सुस्त जीवनशैली और खराब-खानपान के कारण कम उम्र के लोगों में भी जोड़ों में दर्द की समस्या देखने को मिल रही है। डेस्क जॉब के चलते फिजिकल एक्टिविटी न होने एवं तले-भुने मसालेदार खाद्य पदार्थों के अत्यधिक सेवन के कारण कम उम्र में वजन में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। हमारे शरीर के वजन का कई गुना वजन सीधा हमारे घुटनों के जोड़ों पर पड़ता है। वजन के तेजी से बढ़ने और समय रहते पर्याप्त ध्यान न देने के कारण घुटनों से संबंधित समस्या अधिक बढ़ जाती है और परिणाम स्वरूप घुटनों के प्रत्यारोपण की भी नौबत आ जाती है। वहीं धूम्रपान एवं शराब के सेवन के प्रति युवा लोगों में रुझान तेजी बढ़ा है, जिससे उनके जोड़ों पर नकारात्मक असर पड़ता है।

# सुबह शाम लगने वाले बिजली कटों से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**पिछले** कुछ दिनों से सुबह-शाम लगने वाले बिजली कटों से लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। बिजली कटों से ग्रामीण क्षेत्र में पीने के पानी की सप्लाई बाधित हुई है। जिससे ग्रामीणों को ट्यूबवेलों आदि से पीने का पानी लाना पड़ता है, इससे ग्रामीणों में नाराजगी है।

ग्रामीण क्षेत्र में बिजली कटों में एकाएक बढ़ोतरी का सबसे अधिक खामियाजा महिलाओं को उठाना पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों से आसपास के गांव दूधौला, आमरू, पातली, फिरोजपुर, आल्हापुर, अगवानपुर, कारना, लालवा, गेलपुर, घुघेरा, अल्लिका, यादूपुर, महेशपुर, अहरवां, दुर्गापुर, बढा, मंडौरी, धतीर, किशोरपुर, जैंदापुर, चांदपुर,

**बिजली न आने से पीने के पानी की सप्लाई रहती है बाधित**

दहलाका, पारौली आदि गांवों के लोगों का कहना है कि एकाएक पिछले कुछ दिनों से सुबह-शाम बिजली कटों में बढोतरी ने लोगों के जीवन को बुरी तरह से प्रभावित करके रख दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार स्कूली बच्चों को बगैर नहाए ही स्कूल जाना पडता है। लोगों का कहना है कि सरकार को सुबह-शाम पीने के पानी के सप्लाई के समय लगने वाले कटों पर तुरंत ही रोक लगाए। जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर धक्के खाने को मजबूर न होना पड़े।

# अटाली गांव में कल से होगा फुटबॉल टूर्नामेंट

**फरीदाबाद।** अटाली गांव स्थित शहीद संदीप सिंह खेल स्टेडियम में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट के बारे में जानकारी देते हुए शिव फुटबॉल क्लब के प्रधान मास्टर मुकेश कुमार ने बताया कि 12वां स्वर्गीय जितेंद्र मैमोरियल ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट 13 अक्टूबर से लेकर 15 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट का शुभारंभ हरियाणा वेयर हाउस कॉरपोरेशन के चेयरमैन एवं पृथला के विधायक नयनपाल रावत करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि जिला परिषद के वाइस चेयरमैन धर्म चौधरी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 51 हजार नकद इनाम व एक ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। वहीं द्वितीय टीम को 31 हजार व तृतीय स्थान पर आने वाली टीम को 11 हजार प्रदान किए जाएंगे। फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर कमेटी का गठन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट में हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रांतों की फुटबॉल टीम भाग लेंगी।

# पराली प्रबंधन के लिए किसानों को किया जा रहा है जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल




**संबंधित** विभागीय अधिकारी जिला में धान की पराली में लगने वाली आग को रोकने के लिए किसानों को जागरूक करने के साथ-साथ ऐसी घटनाओं में लिप्त किसानों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाएं। इसके अलावा पराली में आग लगने की घटनाओं को न्यूनतम करने अथवा रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाई करें। राजस्व, पंचायत विभाग एवं कृषि विभाग के साथ-साथ पटवारी, ग्राम सचिव व कृषि विभाग कर्मी क्षेत्र का अवलोकन नियमित रूप से करते रहें।

कृषि उपनिदेशक डॉ. बाबूलाल ने बताया कि कृषि विभाग के कर्मचारी न केवल क्षेत्र में रहकर बिजाई वाले धान फसल क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं, इसके साथ ही पूरे जिला में ग्राम स्तर पर किसानों को जागरूक करने के लिए किसान गोष्ठी का भी आयोजन कर रहे हैं। इन किसान गोष्ठियों के माध्यम से किसानों को बताया जा रहा है कि इन-सीटू व एक्स-सीटू द्वारा पराली प्रबंधन में एक हजार रुपये प्रति एकड़ सहायता राशि के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ है। किसानों द्वारा मेरी फसल मेरा ब्योरा में धान का पंजीकरण कराया हुआ है। वह किसान अपनी धान की फसल के अवशेष के प्रबंधन के लिए पोर्टल पर अपना आवेदन कर पराली प्रबंधन योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

इसी कड़ी में नया गांव, जनौली, मांदकोल, ककड़ीपुर, बढराम, अलावलपुर व खजूरका में सहायक तकनीकी प्रबंधक अतुल शर्मा एवं खंड तकनीकी प्रबंधक सुंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# सरस्वती महिला कॉलेज की एनएसएस इकाई ने मनाया खादी महोत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**सरस्वती** महिला महाविद्यालय पलवल में एनएसएस इकाई के तहत खादी महोत्सव मनाया गया। इस महोत्सव में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर वंदना त्यागी ने खादी के इतिहास के बारे में विस्तार से कहा कि स्वराज की तरह खादी हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है, इसका प्रयोग करना हमारा जीवन का कर्तव्य है।

उन्होंने बताया कि खादी भारतीय कपड़ा विरासत का प्रतीक है, भारत की आजादी की लड़ाई में पूरे देश को संगठित करने में महात्मा गांधी, खादी, चरखे का बहुत बड़ा योगदान रहा। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को बताया कि हमें खादी के कपड़े जरूर बनवाने चाहिएं, क्योंकि खादी के बने कपड़े गरमी और सर्दी दोनों ही मौसम के अनुकूल होते हैं। इस महोत्सव में निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में 30 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मनित किया गया। महोत्सव की संयोजक एनएसएस यूनिट की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर रानी सांगवान तथा कुमारी बबीता सिंह रहीं।

# हिसार की राज्यस्तरीय योग प्रतियोगिता में पलवल के खिलाड़ियों ने जीते मेडल

## पलवल के खिलाड़ियों द्वारा ऐतिहासिक जबरदस्त जीत के साथ पांच गोल्ड मेडल, एक सिल्वर मेडल, पांच ब्राउन मेडल जीता

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**हिसार** के डीएवी कॉलेज में चौथी हरियाणा राज्य योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा योग आयोग अध्यक्ष व हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर जयदीप आर्य के सानिध्य तथा हरियाणा योग एसोसिएशन के महासचिव सुनील शर्मा के प्रबंधन व ईस आर्य हिसार की अध्यक्षता तथा योगाचार्य गुरमेश सिंह टेक्निकल सचिव हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के आशीर्वाद से पलवल के खिलाड़ियों द्वारा ऐतिहासिक जबरदस्त जीत के साथ पांच गोल्ड मेडल, एक सिल्वर मेडल, पांच ब्राउन मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। हिसार में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 22 जिलों के 400 खिलाड़ियों ने अपने-अपने आयुवर्ग अनुसार विभिन्न इवेंटों में भाग लिया था। जिसमें भारी सख्त मुकाबले के साथ पलवल के खिलाड़ियों ने योग की अलग-अलग आयु वर्गों में तथा विभिन्न योग इवेंट में यह शानदार प्रदर्शन करके जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही अब यह राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में खिलाड़ियों द्वारा द्वारा दम दिखाया जाएगा। वहीं खिलाड़ियों की योग कोच राजबाला को श्रेष्ठ जजमेंट का सम्मान के साथ नवाजा गया। सतीश दीघोट ने अपने आयु वर्ग 28 से 35 में प्रथम स्थान प्राप्त करके गोल्ड मेडल जीता। इसी प्रकार नरेश कुमार रसूलपुर ने अपने आयुवर्ग 35 से 45 में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। कुमारी कोमल ने अपने आयु वर्ग में 14 से 18 में ब्राउन मेडल जीता। रिदमिक पेयर में बहादुर देशवाल, महेश ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। अंश वंश ने इसी इवेंट में ब्राउन मेडल जीता तथा पलवल का नाम रोशन किया। हिसार से खिलाड़ियों की इस प्रचंड जीत के बाद पलवल की धरती पर आने पर फूलमाला, पीतांबर शॉल देकर इन खिलाड़ियों का स्वागत किया।

इस उपलब्धि पर पंडित दशरथ शर्मा, सतबीर पटेल प्राइवेट एसोसिएशन अध्यक्ष, सतीश कुमार, रविदत शर्मा, चौधरी रणबीर सिंह चौहान प्रबंधक व महासचिव जाट धर्मशाला सभा, पंडित धर्मवीर, राजेंद्र सिंह राणा, मदन मोहन आर्य केंद्रीय सभा, मुकेश सिंगला जय किसान एजेंसी, डॉक्टर श्याम सुंदर ने ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### गेस्ट ऑफ ऑनर के अवार्ड से नवाजा गया

राजबाला ने बताया कि योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में जिला पलवल की चुनी हुई 25 सदस्यों की टीम ने हिसार में राज्य स्तरीय योगासन टूर्नामेंट में भाग लिया तथा उनको भी गेस्ट ऑफ ऑनर के अवार्ड से नवाजा गया। प्रतियोगिता ट्रेडिशनल इवेंट में कुमारी विधि ने अपने आयु वर्ग नौ से 14 वर्ष सब जूनियर में प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक जीतकर पलवल का नाम रोशन किया तथा इसी प्रकार महेश कुमार घोड़ी ने सब जूनियर ग्रुप में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। आर्टिस्टिक पैयर जोड़ी में जूनियर गर्ल्स में शशिबाला व राधिका होडल ने संयुक्त रूप से ब्राउन मेडल जीतकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# जाति गणना

## राहुल का जोर

**जाति गणना** पर राहुल के जोर तथा भाजपा की हिचक के कारण यह मुद्दा काबू के बाहर जा सकता है जिससे हमारे सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुंच सकता है। गलत समय पर हुए महत्वपूर्ण घटनाक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घोषणा कर दी है कि उनकी पार्टी द्वारा शासित राज्य जाति गणना कराएंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वे जाति गणना के 'शत-प्रतिशत' समर्थन में हैं। राहुल गांधी इसे 'एक्स रे' की तरह मानते हैं और उनका कहना है कि इससे दलितों, आदिवासियों, ओबीसी व अन्य जातियों की संख्या की स्पष्ट तस्वीर मिलेगी जो भविष्य का रास्ता तय करेगी। इस घोषणा से जाति गणना कराने के प्रभावों पर बहस को फिर हवा दे दी है। पिछली बार ऐसी तुलनात्मक जाति-आधारित गणना 1931 में ब्रिटिश शासनकाल में हुई थी। इसके बाद से जाति के आंकड़े आधिकारिक जनगणना रिपोर्टों से हटा दिए गए। समर्थकों का तर्क है कि विभिन्न जाति समूहों के सामाजिक व आर्थिक आंकड़ों से हाशियाकृत समुदायों के लिए एक ज्यादा सकारात्मक कार्रवाई योजना बनाना संभव होगा। इसके अलावा जाति जनगणना से भारत की आरक्षण व्यवस्था के अंतर्गत संसाधन और लाभों का निर्धारण ठोस आधार पर संभव हो सकता है। निश्चित रूप से इससे कांग्रेस और 'इंडिया' समूह को भारतीय राजनीति के हमेशा केन्द्र में रहने वाली 'जातीय पहचान' को हवा देकर धार्मिक राजनीति का मुकाबला करने का अवसर मिलेगा। हालांकि, भाजपा को ओबीसी की जातीय पहचान कमजोर कर इसमें अपना मत प्रतिशत लगभग दूना करने में सफलता मिली है। विपक्षियों का मानना है कि उसकी जाति गणना पर आपत्तियां इसलिए हैं क्योंकि जातीय पहचान फिर उभरने से उसका मतदाता आधार घट सकता है। लेकिन कांग्रेस के निर्णय की घोषणा का संबंध मुद्दे के असली लाभ के बजाय 'जाति की राजनीति' अधिक है।



सैद्धान्तिक रूप से भले ही समाज के हाशियाकृत वर्ग के लिए सकारात्मक दिखे, पर कोई भी जाति गणना खतरों से भरी है। इससे समाज में ऊपर से नीचे तक जातीय आधार पर विभाजन का खतरा है और हमारे पास इसे सिद्ध करने के प्रमाण हैं। वीपी सिंह की मंडल कमीशन राजनीति ने अशांति पैदा की तथा देश को जातीय आधार पर बांट दिया। यह नहीं भुलाया जाना चाहिए कि विभाजनकारी राजनीति देश को नुकसान पहुंचाती है, फिर चाहे वह जाति, क्षेत्र, धर्म या भाषा, किसी आधार पर हो। कांग्रेस तथा एक प्रकार से पूरा 'इंडिया' समूह जाति जनगणना को एक चुनाव जीतने की रणनीति समझ रहा है, पर इससे जातीय राजनीति की बाढ़ आ सकती है जिसे संविधान निर्माता दबाना चाहते थे। जवाहरलाल नेहरू जातीय जनगणना के खिलाफ थे और उन्होंने कभी अपने जीवन में इसकी अनुमति नहीं दी। भाजपा का तर्क है कि जाति-आधारित आंकड़े एकत्र करना एक जटिल व संवेदनशील प्रक्रिया है जिससे गलतियां हो सकती हैं। पार्टी को चिन्ता है कि जाति आंकड़ों की मांग पर जोर देने से भारतीय समाज में जातीय आधार पर और विभाजन पैदा होगा जो उसके एकीकृत व सांस्कृतिक भारत के दृष्टिकोण के विपरीत है। लेकिन जातीय जनगणना पर जोर देकर 'इंडिया' समूह ने भाजपा को फिलहाल रक्षात्मक स्थिति में ला दिया है। जातीय जनगणना के भारत के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य पर दूरगामी प्रभाव होंगे। यह कटु सत्य है कि जातीय जनगणना के पैरोकार तथा स्वयं को ओबीसी का मसीहा घोषित करने वाले अनेक नेता भ्रष्टाचार में गले तक डूबे हैं। वे जातीय जनगणना को चुनाव जीतने का माध्यम बनाना चाहते हैं, भले ही इससे देश और समाज का चाहे जितना नुकसान क्यों न हो जाए।

# पब्लिक स्टाकहोल्डिंग की पहेली

### यूरोपीय संघ के देश चाहते हैं कि भारत पब्लिक स्टाकडोल्डिंग-पीएसएच कार्यक्रम में पारदर्शिता बरते तथा अवैध निर्यात के खिलाफ सुरक्षा मानक लागू करे।

**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




जेनेवा में 2 अक्टूबर, 2023 को आयोजित विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ की कृषि समिति-सीओए बैठक में यूरोपीय संघ ने सहमति प्रकट की कि वह खाद्य सुरक्षा के लिए पब्लिक स्टाकहोल्डिंग-पीएसएच समस्या का स्थाई समाधान तलाशने की भारत की मांग पर विचार करेगा। यह मार्च, 2023 के बाद दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण परिवर्तन है जब यूरोपीय संघ-ईयू ने अमेरिका व कनाडा के साथ मिल कर इसे चुनौती दी थी। भारत ने डब्लूटीओ सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे इस मुद्दे पर पाठ-आधारित वार्तायें शुरू करे। उसने कहा है कि 'यथासंभव इनकी शुरुआत 23-24 अक्टूबर, 2023 को निर्धारित वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में हो सकती है।' पाठ-आधारित वार्ताओं में एक सहमति प्रारूप पाठ के आधार पर हो सकती है जिसे इस विषय पर एक खास समिति ने तैयार किया हो। यह प्रारूप सदस्य देशों के बीच हुई चर्चाओं पर आधारित होता है जिसे सहमति पर सभी देशों के विचारों के अनुसार सुधारा जा सकता है।

भारत चाहता है कि इस पर चर्चा अबूधाबी में फरवरी, 2024 में प्रस्तावित डब्लूटीओ के मंत्रिमंडलीय सम्मेलन-एमसी में हो जाए। सवाल है कि पीएसएच कार्यक्रम क्या है? इसका स्थाई समाधान क्या है? विकसित देशों ने अब तक इसका विरोध क्यों किया है? अब उनके दृष्टिकोण में परिवर्तन का क्या कारण है? क्या वे इसके प्रति गंभीर हैं? पीएसएच कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी सरकारी एजेंसियां गेंहू, चावल-धान व मोटे अनाजों जैसे कृषि उत्पादों को किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर खरीदती हैं। इसके बाद वे इसे 2,3,1 रुपया प्रति किलो के सस्ते दाम पर वितरित करती हैं जिसका उद्देश्य भारत की गरीब व संकटग्रस्त जनसंख्या की राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के अंतर्गत जरूरतें पूरी करना है।

एमएसपी से अतिरिक्त तथा हैंडलिंग, भंडारण व वितरण खर्च को केन्द्रीय बजट से सब्सिडी के रूप में दिया जाता है। इसमें किसानों को सब्सिडी भी शामिल है जो एमएसपी के अतिरिक्त होती है। उदाहरण के लिए, यह चावल के मामले में डब्लूटीओ की शब्दावली में अंतरराष्ट्रीय कीमत या एक्सटर्नल रेफरेंस प्वाइंट-ईआरपी से अलग मूल्य है। इसमें खाद्य उपभोक्ता को सब्सिडी भी शामिल है जो चावल के मामले में उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए 3 रुपये प्रति किलो से अधिक ईआरपी के बराबर होती है। डब्लूटीओ को 'उत्पाद विशिष्ट' सब्सिडी की चिन्ता है। उसे कृषि निवेशों, जैसे उर्वरकों, बीजों, सिंचाई, बिजली, आदि पर दी जाने वाली सब्सिडी की भी चिन्ता है जिसे 'गैर-उत्पाद विशिष्ट' सब्सिडी कहा जाता है।

अधिकांश विकसित देश कृषि उत्पादों के निर्यातक हैं। उनका तर्क है कि सब्सिडी से अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभावित होता है, इसलिए इस पर लगाम लगाने की जरूरत है। उनके तर्क को डब्लूटीओ ने स्वीकार किया है। इसके अनुसार एओए के अंतर्गत कुल उत्पाद व गैर-उत्पाद विशिष्ट सब्सिडी या समग्र मानक समर्थन-एएमएस को विकासशील देशों के कृषि उत्पादन के 10 प्रतिशत पर सीमित किया जाना चाहिए। यदि कोई सदस्य देश 10 प्रतिशत से अधिक एएमएस देता है तो यह नियमों का उल्लंघन होगा। एओए 1995 में अस्तित्व में आया। जहां तक भारत का सवाल है, 2005 तक एमएसपी ईआरपी से कम था। इसके बाद एमएसपी ईआरपी से अधिक हो गया और पिछले दशक में यह अंतर और बढ़ गया। चावल के मामले में 2018-19 में एएमएस 10 प्रतिशत की सीमा से अधिक 11 प्रतिशत था। 2019-20 में यह और अधिक 13.7 प्रतिशत हो गया। पिछले लगभग एक दशक से भारत तथा अन्य विकासशील देश डब्लूटीओ में इस स्थिति से बाहर निकलने का प्रयास कर रहे हैं।

बाली में 2013 में हुए नवें मंत्रिमंडलीय सम्मेलन-एमसी में उन्होंने एक 'शांति प्राविधान' प्राप्त करने में सफलता पाई। इसमें कहा गया था कि 'यदि कोई विकासशील देश 10 प्रतिशत से अधिक एएमएस देता है तो कोई भी सदस्य देश इसे 2017 तक चुनौती नहीं देगा जब डब्लूटीओ स्थाई समाधान पर विचार करेगा।' दिसंबर, 2014 में आयोजित जनरल कौंसिल-जीसी में इस प्रतिबंध को परिवर्तित करते हुए कहा गया था, 'शांति प्राविधान उस समय तक लागू रहेगा जब तक इसका स्थाई समाधान न निकाल लिया जाए।' लेकिन शांति प्राविधान के साथ अनेक शर्तें जुड़ी थीं। इसमें खाद्यान्न खरीद, भंडारण, वितरण और सब्सिडी का डेटा देना शामिल था। इनमें यह स्थापित करना भी था कि सब्सिडी होने से 'व्यापार बाधा' नहीं पैदा होती है।

भारत ने चावल पर सब्सिडी 10 प्रतिशत की सीमा से अधिक होने पर डब्लूटीओ में कई बार 'शांति प्राविधान' लागू किया है। लेकिन विकसित देशों ने इसे लागू करने पर आपत्ति की है। उनका तर्क यह है कि पीएसएच कार्यक्रम के अंतर्गत खरीदा गया स्टाक अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुंच जाता है जिससे व्यापार विकृति पैदा होती है। अमेरिका ने यहां तक कहा है कि भारत पीएसएच के अंतर्गत बहुत अधिक सब्सिडी देने के कारण दुनिया में सबसे बड़ा चावल निर्यातक बन गया है। भारत का दृष्टिकोण यह है कि निर्यात की जाने वाली प्रीमियम चावल किस्में सार्वजनिक खरीद में शामिल नहीं हैं। लेकिन यह तर्क गैर-बासमती चावल के निर्यात पर सटीक नहीं बैठता है। 2022-23 में 6.4 बिलियन डालर मूल्य का 17.8 मिलियन टन गैर-बासमती चावल निर्यात हुआ था।

यदि यूरोपीय संघ के देश अब वार्ताओं के लिए तैयार हुए हैं तो इसका कारण यह है कि वे भारत से पीएसएच कार्यक्रम के बारे में ज्यादा पारदर्शिता बरतने तथा भारी खाद्यान्न भंडार से अवैध निर्यात रोकने पर सुरक्षा व्यवस्थायें लागू करने को कह रहे हैं। वे भारत से यह भी सिद्ध करने की मांग कर रहे हैं कि उसका 'घरेलू समर्थन' उनके शब्दों में 'व्यापार विकृति सहायता' में न बदल जाए। इस स्थिति को देखते हुए भारत द्वारा 'शांति प्राविधान' लागू कराना आसान नहीं होगा। इसका कारण यह है कि भारत का पीएसएच कार्यक्रम खुला है जिसके अंतर्गत सरकारी एजेंसियां किसानों से लगातार बढ़ते एमएसपी पर अधिकतम संभव मात्रा में गेंहूं और चावल खरीदती हैं जिसका कारण 'वोटबैंक' राजनीति है। इन खरीदों का एनएफएसए आवश्यकताओं से कोई संबंध नहीं है। एजेंसियों के पास अतिरिक्त भंडार से बचा नहीं जा सकता है जिसे ओपेन मार्केट सेल स्कीम-ओएमएसएस के अंतर्गत नीलामी के माध्यम से निजी व्यापारियों को बेचा जाता है। ओएमएसएस के अंतर्गत सभी बोलीकर्ताओं को अंडरटेकिंग देनी होती है कि वे इसे निर्यात नहीं करेंगे। लेकिन सवाल है कि क्या निजी व्यापारियों की यह अंडरटेकिंग विकसित देशों को संतुष्ट करने के लिए काफी होगी। इससे स्थाई समाधान की आवश्यकता पैदा होती है। इस संबंध में भारत ने पिछले साल जी-33 की ओर से एक प्रस्ताव पेश किया था जिसमें 'खाद्य सुरक्षा के लिए पीएसएच सहायता को पूर्णत: अलग रखने' की मांग की गई थी। लेकिन इस मुद्दे पर जेनेवा बैठक में विचार नहीं हुआ।

यह प्रस्ताव ऐसे देश के लिए बिल्कुल ठीक है जो खाद्यान्न उत्पादन मुख्यत: अपनी जनता की आवश्यकताओं के लिए करता है और उसका निर्यात नहीं करता है। लेकिन भारत कृषि उत्पादों का प्रमुख निर्यातक भी है। इसलिए डब्लूटीओ में उसे पूर्ण रियायत मिलने की संभावना नहीं है। भारत ने 'शांति प्राविधानों' में संशोधनों का प्रस्ताव किया है, पर विकसित देशों द्वारा इस पर सहमति की आशा नहीं है। हालांकि, भारत का यह कहना सही है कि एओए द्वारा एएमएस की गणना में कई कमियां हैं जिनको ठीक किया जाना चाहिए। इन विकृतियों के कारण 'कृत्रिम' रूप से सब्सिडी 10 प्रतिशत की सीमा से अधिक दिखती है।

भारत को ये विकृतियां दूर करने की मांग करनी चाहिए। इस बीच सरकार को खुली खरीद पर भी लगाम लगानी चाहिए जिससे ऐसी स्थिति से बचा जा सके जहां 10 प्रतिशत से अधिक सब्सिडी की अनुमति के लिए संशोधन फार्मूले की मांग करनी पड़े।

# सामाजिक उद्यमिता से मानव व्यापार का मुकाबला




**सुनीत कौशिक** **वीरेंद्र मिश्रा**

सितंबर 2023 में, भारत की राष्ट्रपति श्रीमती। द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में मानवाधिकारों पर एशिया-प्रशांत फोरम की वार्षिक आम बैठक और द्विवार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए सभी से मानवाधिकारों के मुद्दे को अलग-थलग न करने का आग्रह किया। उन्होंने प्रकृति माता की देखभाल पर भी समान ध्यान देने पर जोर दिया, जो मानव के अविवेक से बहुत आहत है। प्राचीन भारतीय धर्मग्रंथ मानते हैं कि ब्रह्मांड का प्रत्येक कण देवत्व की अभिव्यक्ति है, और इसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का प्राथमिक कर्तव्य है, जो दर्शाता है कि भारतीय लोकाचार होमो सेपियन्स के अधिकारों से परे है। पश्चिमी दुनिया के मैग्ना कार्टा के माध्यम से समान मानव अधिकारों की अवधारणा से परिचित होने से बहुत पहले, दक्षिणी भारत के एक श्रद्धेय संत और दार्शनिक बसवन्ना ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और समानता की अवधारणा को बढ़ावा दिया था। उन्होंने अनुभवमंतपा नामक लोगों की एक सभा बनाई, जहां लोग अपने वर्ग और लिंग के बावजूद भाग लेंगे और अपने सामूहिक भाग्य का निर्धारण करेंगे। इसी प्रकार, गणतंत्र की अवधारणा आधुनिक प्रतीत हो सकती है, लेकिन लगभग 2,800 साल पहले, भारत में वैशाली में दुनिया की पहली जन प्रतिनिधि सरकार थी। गणतंत्र की स्थापना के बाद से, हमारे संविधान ने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार अधिकारों को मान्यता दी है, जिससे हमें लैंगिक न्याय और जीवन और सम्मान की सुरक्षा के क्षेत्र में कई मूक क्रांतियाँ शुरू करने की अनुमति मिली है। भारत वसुधैव कुटुंबकम की भावना से अपने विकास संबंधी अनुभवों और तकनीकी विशेषज्ञता को अन्य देशों के साथ साझा कर रहा है। विकास के लिए भारत का दृष्टिकोण मुख्य रूप से मानव-केंद्रित है और सम्मान, विविधता, भविष्य की देखभाल और सतत विकास द्वारा चिह्नित है। आज, दुनिया भारत की सीप.



जबकि दुनिया बड़े पैमाने पर विस्तार कर रही है और विकास संकेतकों के बारे में व्यापक रूप से बात कर रही है, मानव तस्करी, सबसे खराब प्रकार का मानवाधिकार उल्लंघन, अभी भी प्रमुख है, और इस पर विश्व सरकारों को ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि इससे विश्व स्तर पर निपटने की जरूरत है। मानव तस्करी एक मूक अपराध है जिस पर अक्सर या तो ध्यान नहीं दिया जाता या नजरअंदाज कर दिया जाता है; यह आज की युद्ध की दुनिया में और अधिक जटिल और प्रचलित होता जा रहा है, जहां सबसे कमजोर समुदायों को गंभीर सामाजिक-आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ा है, जिससे सभी प्रकार की मानव तस्करी की घटनाएं बढ़ रही हैं। उनकी आवाज़ को बढ़ाने और समन्वित और व्यापक सामाजिक न्याय और उद्यमशीलता प्रणाली बनाने के लिए बहु-हितधारक परामर्श प्रक्रिया में शामिल होकर मानव तस्करी के सभी रूपों से लड़ने और रोकने की आवश्यकता है। मानव तस्करी एक जघन्य अपराध और मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है जो हजारों पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को प्रभावित करता है। हालाँकि भारत सरकार ने देश में तस्करी से निपटने के लिए काफी प्रयास किए हैं, लेकिन समाज में मौजूद भारी सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक कमजोरियों के कारण तस्करी के खतरे से निपटने के लिए मौजूदा कानूनी ढांचा अपर्याप्त है।

सामाजिक उद्यमिता भेद्यता को कम करने और मानव तस्करी की समस्या को प्रभावी ढंग से संबोधित करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण बन सकती है। सामाजिक उद्यमी सिर्फ संगठन नहीं बनाते; वे सिस्टम बदलते हैं. जब हम मानव तस्करी को समाप्त करने के बारे में सोचते हैं तो हम दान और सरकारों के बारे में सोचते हैं। लेकिन हम व्यवसायों के बारे में क्या सोचते हैं? आइए समझें कि सामाजिक उद्यम उच्च-यातायात समुदायों में बचे लोगों के लिए पुनर्वास के रूप में कैसे कार्य कर सकते हैं। सामाजिक उद्यमिता के लाभों के साथ-साथ इस प्रकार की शिक्षा तक शीघ्र पहुंच के महत्व पर बहुत चर्चा और लेखन हुआ है। लेकिन उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र तस्करी विरोधी नेताओं की अगली पीढ़ी को कैसे प्रशिक्षित और प्रेरित कर सकता है? उद्यमशीलता मानव तस्करी के खतरे में पड़े लोगों और बचे लोगों के लिए रोकथाम का प्रेरक और आर्थिक स्थिरता का स्रोत कैसे बन सकती है?

तस्करी विरोधी आंदोलन को अपने नवोन्वेषी प्रयासों को आगे बढ़ाना चाहिए और एक सच्चे प्रणालीगत परिवर्तन को बल देना चाहिए। मानव तस्करी के संभावित पीड़ितों और बचे लोगों का मूल्यांकन किया जाना चाहिए (जागरूक, कुशल, स्व-रोज़गार, सशक्त, समर्थित, शिक्षित और प्रतिष्ठित)। मानव तस्करी से बचे लोगों को सक्षम और प्रेरित करने और उनके छोटे व्यवसाय मॉडल को विकसित करने में सहायता करने के लिए, उन्हें उनके संबंधित हितों के आधार पर सही कौशल, क्षमता निर्माण, प्रासंगिक जानकारी और सहायता प्रदान की जानी चाहिए। मानव तस्करी की रोकथाम के उद्देश्य को बढ़ावा देने की दिशा में एकल-दिमाग वाले काम को सुविधाजनक बनाने के लिए मानव तस्करी पर सामाजिक उद्यमिता, कानून और सार्वजनिक नीतियों को बनाने में बचे लोगों की भागीदारी के महत्व के बारे में बातचीत करना महत्वपूर्ण है।

ऐसा करने के लिए, यह अनुशंसा की जाती है कि सामाजिक उद्यमिता के माध्यम से भारत में मानव तस्करी से सर्वोत्तम तरीके से कैसे निपटा जाए, इस पर राय सुनने के लिए एक बहु-हितधारक संवाद आयोजित किया जाए। अब समय आ गया है कि कार्य किया जाए और सामाजिक उद्यमों का निर्माण किया जाए जो देश भर में और यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनता को नवीन सामान और सेवाएं प्रदान करेंगे।

## आप की बात

### खिलाड़ियों की सफलता

**इस बार** भारत ने एशियाई गेम्स में 107 पदक जीत कर इतिहास रच दिया है। पदकों की बढ़ी हुई संख्या देखकर हम सहज ही अनुमान लगा सकते हैं कि खिलाड़ियों को यदि निष्पक्ष चयन, पूर्ण प्रशिक्षण और सभी तरह की सुविधा निरंतर उपलब्ध करवाई जाए तथा वह 12 महीने लगातार प्रैक्टिस करते रहें तो अपना श्रेष्ठतम प्रदर्शन करके देश का नाम रोशन कर सकते हैं। बेशक ओलंपिक प्रतिस्पर्धाएं अत्याधिक कठिन होती है और एशियाई गेम्स में खेले जाने वाले कई खेल ओलंपिक में नहीं शामिल है। इसके बावजूद भी जो खेल ओलंपिक में शामिल है उनमें भी अब भारतीय खिलाड़ियों से अधिक से अधिक पदकों की उम्मीद हम कर सकते हैं और आशा करते हैं कि ओलंपिक में भी अब हम अधिकाधिक पदक लेकर आएं। हालांकि, क्रिकेट को भारत में सर्वाधिक लोकप्रियता हासिल है, लेकिन एशियाई खेलों में तीरंदाजी, शूटिंग, कुश्ती, तैराकी, नौकायन, आदि खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन भारत में सभी खेलों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता प्रकट करता है। खिलाड़ियों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने में सरकार के साथ निजी क्षेत्र भी उल्लेखनीय योगदान कर सकता है।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### अर्थशास्त्र का नोबल

**अर्थशास्त्र** का नोबल पुरस्कार 77 वर्षीया प्रोफेसर क्लाउडिया गोल्डिन को दिया गया। इससे दुनिया की आधी आबादी भी सम्मानित हुई है। उन्होंने महिलाओं के प्रति लिंग भेद को उजागर करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। महिलाओं के साथ लिंग भेद का एक रूप पुरुषों के मुकाबले उनको आधे या तीन चौथाई वेतन का भुगतान भी है। क्लाउडिया गोल्डिन ने इस पर बड़ा सरल व व्यापक शोध पत्र तैयार किया। उन्होंने यह चौंकाने वाला तथ्य भी उजागर किया कि महिला के माँ बनने के बादए कार्यक्षेत्र में उसके साथ और भी अलग तरह के भेदभाव किया जाता है। कृषि प्रधान समाज से औद्योगिक समाज में परिवर्तन के साथ विवाहित महिलाओं की कार्यक्षेत्र में भागीदारी कम हो गई, लेकिन बीसवीं सदी की शुरुआत में सेवा क्षेत्र के विकास के साथ इसमें वृद्धि होने लगी। इससे पूर्व दो महिलाओं को अर्थशास्त्र का नोबल तो मिला था मगर वो पुरुषों के साथ साझा किया गया था। मगर पहली बार अकेली महिला को इस सम्मान के लिए चुना गया। उम्मीद करनी चाहिए कि लिंगभेद के मुद्दे पर अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार मिलने के बाद महिलाओं की स्थिति में कुछ सुधार आएगा।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### स्वास्थ्य व्यवस्था

**आदिकाल** से ही वैद्यों, हकीमों व डॉक्टरों को मरीजों के लिए भगवान कहा जाता रहा है। लेकिन जब से अस्पताल की व्यवस्था व नियंत्रण व्यवसायिक होने लगा है तब से अनेक चिकित्सक व्यापारी दिखने लगे हैं। हालांकि, अधिकांश डॉक्टर अपने मरीजों का इलाज वाजिब फीस व सस्ती दवाओं से करने के इच्छुक रहते हैं किन्तु व्यावसायिक अस्पताल नियंत्रक उनको ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाने में सहायता के लिए मजबूर करते हैं। दवा-इलाज महंगा होने के अनेक कारण हैं। इनमें निदान व इलाज के आधुनिक उपकरणों तथा बेहतर सुविधाओं व अनुभवी चिकित्सकों तथा सहायक कर्मियों पर होने वाला ज्यादा खर्च प्रमुख है। स्वास्थ्य बीमा भी दवा-इलाज के महंगे होने का कारण है। निजी अस्पतालों पर विभिन्न मानकों, खासकर मानक चिकित्सा प्रोटोकाल के लागू न होने के कारण ये अनेक मामलों में मरीजों की लूट का कारण बन जाते हैं। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भारी भीड़ के चलते चाहते हुए भी डाक्टर उनकी समुचित देखभाल नहीं कर पाते हैं। इन विसंगतियों से निपटने के लिए स्थाई, व्यापक व कारगर सुधार जरूरी हैं।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### मिट्टी के दिये

**आगामी** 12 नवंबर को दीपावली का महापर्व है। पहले दीपावली पर दीपों को जलाने का चलन था जिसकी जगह धीरे धीरे चीन निर्मित टूनी बल्बों ने ले ली है। इससे मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हारों की रोजी-रोटी खतरे में पड़ गई है। मिट्टी के साथ ही सरसों तेल की कीमत में आशातीत वृद्धि को देखते हुए इन दीपों की मांग धीरे-धीरे कम होती जा रही है। माल शहर समेत उत्तर बंगाल के विस्तीर्ण इलाकों में रहने वाले कुम्हार मिट्टी के दीये, कलश, गमले और टब बनाकर इनसे जीविकोपार्जन करते हैं। लेकिन मिट्टी के दीये अब महंगे होते जा रहे हैं और उसी अनुपात में इनकी मांग भी कम होती जा रही है। सिकुड़ते बाजार के चलते अब कुम्हारों की नई पीढ़ी इस पेशे में नहीं आना चाहती। बुजुर्ग कुम्हारों के बच्चों का कहना है कि अब इस शिल्प कर्म से जुड़ा रहना असंभव है। मिट्टी के दीये व मिट्टी से अन्य चीजें बनाने का कला कौशल अब लुप्त होने के कगार पर हैं। भारतीय संस्कृति व सभ्यता को प्रोत्साहित करने का प्रयास करने वालों को अब मिट्टी के दियों की ओर भी ध्यान देना चाहिए।

–**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

# लघु उद्योगों से ही संभव होगा परिवारों का आर्थिक स्वावलंबनः मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने लघु उद्योग भारती के उद्यमी महाअधिवेशन में उद्यमियों से किया संवाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ आगरा



**सीएम** योगी आदित्यनाथ लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश उद्यमी महा अधिवेशन में शिरकत करने पहुंचे। आगरा में पहली बार प्रदेशभर के 5 हजार से अधिक लघु उद्यमियों ने प्रतिभाग किया। लघु उद्यमियों को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि लघु उद्योग अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है। लघु उद्योगों से ही रोजगार सृजन और परिवारों का आर्थिक स्वावलंबन संभव है। साथ ही उद्यमियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि प्रदेश में कानून से खिलवाड़ करने वालों को छोड़ा नही जाएगा, चाहे वो कोई भी हो।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने लघु उद्योग भारती के उद्यमी महा अधिवेशन में प्रदेशभर से आए उद्यमियों का ब्रजभूमि में प्रदेश सरकार की ओर से हृदय से स्वागत किया। उन्होंने उद्यमियों से संवाद करते हुए कहा कि ये मेरे लिए अमूल्य क्षण है। आज लघु उद्यमियों के साथ तीन महीने में अंदर आज तीसरी बार लघु उद्यमियों से संवाद करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आपने 21 से 25 सितंबर के बीच में ग्रेटर नोएडा में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो को देखा होगा। इसमें लघु उद्योग भारती भी सरकार की सहयोगी थी। इसमें उत्तर प्रदेश के 2000 से अधिक एग्जीबिटर्स पूरे कार्यक्रम के भागीदार बने थे। वहीं विदेशों से भी 500 से अधिक बायर्स ने ट्रेड शो में शिरकत की थी। चार दिनों में 5 लाख से अधिक बायर आए थे, उन्होंने उत्तर प्रदेश की सामर्थ्य को देखा था।

मुख्यमंत्री ने हाल ही में भदोही में आयोजित हुए इंटरनेशनल कारपेट एक्सपो का जिक्र करते हुए कहा कि पहले वहां के उद्यमियों को देखकर लगा कि कैसे उनकी उपेक्षा होती थी। भारत प्रतिवर्ष 17 हजार करोड़ का कारपेट एक्सपोर्ट करता है। जिसमें अकेले भदोही, मिर्जापुर और वाराणसी से 10 हजार करोड़ रुपए का कारपेट का एक्सपोर्ट होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु उद्योग अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है। कम खर्च में पर्यावरण के सभी मानकों को पूरा करते हुए कम स्थान में ज्यादा रोजगार का सृजन और ज्यादा परिवारों को आर्थिक स्वावलंबन की ओर अग्रसर करना, यह सब लघु उद्योग के माध्यम से ही संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि यूपी तो प्राचीन काल से ही लघु उद्योगों की आधारभूमि रही है। अलग-अलग प्रकार के उद्योग, अलग-अलग क्षेत्रों में रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐसे लघु उद्योगों को पुनर्जीवित करने के लिए पीएम मोदी के प्रेरणा से हमारी सरकार ने 2018 में एक जिला, एक उत्पाद की योजना की शुरुआत की थी। ओडीओपी के माध्यम से परंपरागत उद्योगों को प्रोत्साहन देने, उन्हें टेक्नोलॉजीए डिजाइनए पैकेजिंग के प्रशिक्षण और उनको मार्केट उपलब्ध कराया जा सके, इसके लिए सरकार के स्तर से प्रयास प्रारंभ हुआ था। आज उसके परिणाम हम सबके सामने है। आज ओडीओपी योजना से उत्तर प्रदेश पिछले पांच वर्ष में अपने एक्सपोर्ट को 250 गुना बढ़ाने में सफल रहा है। उतर प्रदेश जैसे बीमारू राज्य को हमने इन उद्यमियों के परिश्रम से आर्थिक रूप से समृद्ध बनाया। 2020 में एमएसएमई पॉलिसी में एक हजार दिनों तक कोई एनओसी की जरूरत नही है, अब सारी सुविधाएं उद्यमियों को दी जा रही है। मिशन के अंतर्गत तेजी से आगे बढ़ रहा है। आगरा, कानपुर, वाराणसी में फ्लेटेड फैक्ट्री का निर्माण हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार की अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति नजीर बनी है। हम सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं करने देंगे, चाहे वो कोई भी हो। अगर किसी ने खिलवाड़ किया तो उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। 2023 के चुनाव में पहली बार हुआ कि कानून व्यवस्था चुनावी मुद्दा बने और जनता प्रदेश सरकार के साथ खड़ी दिखे। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि अगर आप उद्योग लगाना चाहते हैं या लगाया है। किसी स्थानीय संस्थान से आपका टाई-अप हो जाए तो वहां के बच्चे आपको मैन पावर की आसानी से सुविधा उपलब्ध करा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान जिन बच्चों को रखेंगे, जिस दौरान से काम करेंगे, अगर इनका रजिस्ट्रेशन कराते हैं तो, आधा मानदेय सरकारी देगी। इससे फ ायदा होगा कि हमारे पास अनुभवी लोगों की टीम खड़ी होगी। अपने युवाओं को अधिक से अधिक प्रशिक्षित करते हैं तो इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

## योगी ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर किया दर्शन-पूजन



### ● गोल्फ कार्टों को दिखाई हरी झंडी, गोवर्धन परिक्रमा में श्रद्धालुओं को होगी सहूलियत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ मथुरा

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ बुधवार को मथुरा पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ ही सीएम योगी श्री बांके बिहारी मंदिर गए। वहां उन्होंने लीलाधारी भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए। उसके बाद वह श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचे, जहां उन्होंने दर्शन-पूजन किया। इसके अलावा सीएम योगी ने बांके बिहारी मंदिर के दर्शन एवं गोवर्धन परिक्रमा हेतु संचालित की जाने वाली गोल्फ कार्टों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इससे वृंदावन और गोवर्धन में यातायात व्यवस्था को पटरी पर आएगी और श्रद्धालुओं को सहूलियत होगी। यह गोल्फ कार्ट उत्तर प्रदेश बृज तीर्थ विकास परिषद द्वारा खरीदी गई हैं।

## बरेली में छात्रा के साथ हुई घटना में सीएम के निर्देश पर इंस्पेक्टर सहित तीन निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जनपद बरेली में छात्रा के साथ हुई घटना के सम्बन्ध में कड़ा रुख अख्तियार किया है। उन्होंने घटना के लिए पुलिस की जवाबदेही तय करते हुए प्रभारी निरीक्षक, हलका दरोगा और बीट सिपाही को निलम्बित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने घायल छात्रा को 5 लाख रुपए की सहायता राशि तत्काल उपलब्ध कराने एवं छात्रा का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीएम के निर्देश के बाद घटना के लिए पुलिस की जवाबदेही तय करते हुए प्रभारी निरीक्षक सीबीगंज, हल्का दारोगा और बीट सिपाही को निलंबित कर दिया गया है। डीएम और एसएसपी ने घायल छात्रा का हाल जानने के लिए अस्पताल पहुंचे। उन्होंने छात्रा को इलाज के लिए हायर सेंटर में भेजने की बात कही है। उसका मुफ्त इलाज कराया जाएगा। इसके साथ ही डीएम ने मुआवजे की भी संस्तुति की है। उल्लेखनीय है कि बीते मंगलवार को बरेली के सीबीगंज में छेड़छाड़ का विरोध करने पर शोहदों ने दसवीं की छात्रा को ट्रेन के आगे फेंक दिया था। जिससे उसके दोनों पैर और एक हाथ कट गया। मामले की जांच एसपी सिटी को दी गई है। परिजन की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

## बेटियों को आत्मरक्षा में दक्ष बनायेगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● विभिन्न विभागों के सहयोग से बेटियों को सेल्फ डिफेंस के लिए किया जाएगा प्रशिक्षित

**उत्तर** प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार मिशन शक्ति के अगले चरण में बेटियों को आत्मरक्षा में दक्ष बनाने का प्रयास करेगी ताकि उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए दूसरों पर निर्भर न रहना पड़े। इसके लिए विभिन्न विभागों को सीएम योगी ने निर्देश दिए हैं। इसके तहत न सिर्फ बेटियों को आत्मरक्षा में दक्ष बनाने का प्रयास किया जाएगा बल्कि उन्हें विभिन्न महिला कानूनों से भी परिचित कराया जाएगा, जिससे वो समय पड़ने पर अपने अधिकारों और योगी सरकार द्वारा की गई पहलों का लाभ ले सकें। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में शारदीय नवरात्रि के साथ मिशन शक्ति के अगले चरण की शुरुआत हो रही है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के लिए विभागवार प्रस्तावित कार्ययोजना के अनुसार ग्राम्य विकास विभाग के तहत 36816 ग्राम पंचायतों में 18-40 वर्ष आयु वर्ग की बीसी सखियों तथा 18-40 वर्ष आयु वर्ग की समूह सखियों, कृषि आजीविका सखियों, स्वास्थ्य सखी, विद्युत सखी तथा स्वयं सहायता समूह को स्थानीय महिला पुलिस के माध्यम से आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान कर मास्टर ट्रेनर के रूप में दक्ष किया जाएगा। ये मास्टर ट्रेनर ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न माध्यमों से बेटियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाएंगी।

इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत दुर्गा शक्ति मेगा सेफ्टी वर्कशॉप के अंतर्गत बालिका गृहों में आवासित बालिकाओं के लिए सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित कराई जाएंगी। शक्ति कार्यशालाओं के तहत समस्त जनपदों में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत गठित स्थानीय व आंतरिक परिवाद समितियों का प्रशिक्षण व अभिमुखीकरण भी किया जाएगा। युवा कल्याण विभाग निर्भया योजना के अंतर्गत महिला मंगल दलों को आत्मरक्षाए स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए 7 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

वहीं उच्च शिक्षा विभाग भी छात्राओं को आपातकाल में आत्मसुरक्षा के लिए मार्शल आर्टए जूडो का प्रशिक्षण प्रदान कराने की व्यवस्था करेगा। इसके साथ ही पुलिस विभाग के सहयोग से प्रत्येक जनपद में महिला सुरक्षा एवं साइबर क्राइम पर जागरूकता अभियान का भी संचालन किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग में प्रोजेक्ट वीरांगना के अंतर्गत गृह विभाग के सहयोग से 11 हजार पीटीआई शिक्षकों को प्रशिक्षित करते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालयों की 40 लाख बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## डर और असुरक्षा के साये में जीवन व्यतीत करने को मजबूर है आधी आबादीः अजय राय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने यूपी में योगी सरकार और पुलिस का इकबाल पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। प्रदेश की आधी आबादी डर और असुरक्षा के साये में अपना जीवन व्यतीत करने को मजबूर है। मुख्यमंत्री की नाक के नीचे अति सुरक्षित क्षेत्र में महिला के साथ दुष्कर्म की घटना सरकार के माथे पर कलंक है।

राय ने आरोप लगाते हुए कहा कि योगी सरकार महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों को रोकने में पूरी तरह से नाकाम है। राजधानी लखनऊ में विधानसभा से महज चंद कदमों दूर दारूलशफा पर कौशाम्बी से न्याय मांगने आई महिला मुख्यमंत्री से न मिल पाने के कारण धरने पर बैठी, न्याय मिलना तो दूर उसके साथ दुष्कर्म जैसी घटना घटित हो गई। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की इससे भयावह तस्वीर और भला क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि जनपद बरेली में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, सीबीगंज इलाके में मनचलों ने कोचिंग से लौट रही एक छात्रा को चलती ट्रेन के आगे फेंक दिया जिससे छात्रा बुरी तरह जख्मी हो गई है। उसके दोनों पैर और एक हाथ कट गए हैं और कई हड्डियां भी टूट गई हैं। इतना ही नहीं स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद एवं राजनीतिक क्षेत्र गोरखपुर में महिलाओं के प्रति अपराध रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। गोरखपुर के पीपीगंज में तो हद हो गई जब शोहदों ने महिलाओं के घर में घुसकर छेड़खानी कीए गोरखनाथ क्षेत्र में युवती को शोहदे ने तेजाब से जलाने की धमकी दी। जब प्रदेश की पुलिस ही भक्षक बन जाए तो महिलाओं को सुरक्षा कौन देगा। प्रदेश में महिला सुरक्षा का दंभ भरने वाली योगी सरकार का महिलाओं के प्रति संवेदनहीनता उजागर हो चुकी है। यही कारण है कि प्रदेश में चारों ओर महिलाओं के साथ अपराधों की बाढ़ सी आ गई है। अजय राय ने कहा कि प्रदेश की जनता का भरोसा योगी सरकार से पूरी तरह से उठ चुका है और वह हर मोर्चे पर विफल भाजपा सरकार से जल्द से जल्द छुटकारा चाह रही है।

## नगर विकास मंत्री ने स्वच्छता जनादेश सर्वेक्षण-2023 अभियान का किया शुभारंभ

### ● सभी निकायों में स्वच्छता के मापदण्ड का किया जाएगा सर्वेक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगर** विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के दृढ़ संकल्प को पूरा करने के लिए प्रत्येक देशवासी समर्पित है और केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे स्वच्छता कार्यक्रमों में अपना सहयोग प्रदान कर रहा। प्रदेश सरकार ने स्वच्छता के लिए विगत डेढ़ वर्षों में अनेक अभियान चलाए हैं। सफाई के लिए अभी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा पखवाड़ा चलाया गया। निकायों की साफ-सफाई के लिए सबकी सामूहिक जिम्मेदारी बनती है। एके शर्मा बुधवार को प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिका और नगर पंचायतों में चलने वाले 'स्वच्छता जनादेश सर्वेक्षण-2023' अभियान का शुभारंभ करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह अभियान ने 11 से 22 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने सभी पार्षदों से स्वच्छता सर्वेक्षण में शामिल होकर अपने वार्ड की साफ-सफाई व व्यवस्थापन की जानकारी देने की अपील की। उन्होंने सभी पार्षदों से आग्रह किया वे अपने वार्ड की साफ-सफ ाई व्यवस्था का पूर्ववत निरीक्षण भी कर लें। इस सर्वेक्षण अभियान का उद्देश्य निकायों की समस्याओं का समाधान निकालना भी है। उन्होंने निकाय अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि अभियान के दौरान सभी वार्ड के पार्षदों से मिलकर उनके वार्ड की समस्याओं, स्वच्छ एवं व्यवस्थापन सम्बंधी जानकारी उपलब्ध कराने में सहयोग करें। नगर विकास मंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान सभी निकायों के पार्षद अपने वार्ड में स्वच्छता से संबंधित सवालों का जवाब देने के साथ ही अपने सुझाव भी देंगे।

## ग्रुप हाउसिंग प्लॉट स्कीम के जरिए वर्ल्ड क्लास लिविंग स्टैंडर्ड को प्रमोट करने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● यीडा अब ग्रेटर नोएडा में रेजिडेंशियल प्लॉटिंग्स पर भी कर रहा फोकस

**उत्तर** प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी व देश के ग्रोथ इंजन के तौर पर स्थापित करने के साथ ही योगी सरकार प्रदेश में लोगों को वर्ल्ड क्लास लिविंग स्टैंडर्ड्स के अनुरूप जीवनयापन सुनिश्चित कराने की दिशा में भी प्रयास कर रही है। इसी क्रम में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, ग्रेटर नोएडा में वर्ल्ड क्लास सिविक एमेनिटीज विकसित करने के साथ ही इन सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के लिए ग्रुप हाउसिंग प्लॉटिंग्स के लिए एक नई स्कीम जारी की है।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने सेक्टर 22-डी से 6 केटेगरी के प्लॉट्स के लिए आवेदन मांगे हैं। 28 सितंबर से शुरू हुई इस प्रक्रिया के अंतर्गत 61.50 करोड़ से लेकर 135.3 करोड़ रुपए के बीच प्लॉट्स का रिजर्व्ड प्राइस निर्धारित किया गया है जबकि रजिस्ट्रेशन अमाउंट 6.15 करोड़ से 13.53 करोड़ रुपए के बीच निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जेवर एयरपोर्ट, इंटरनेशनल फि ल्म सिटी, यमुना एक्सप्रेसवे, मेडिकल पार्क, एजुकेशनल हब व बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट से निकटता के कारण बेहतर कनेक्टिविटी समेत तमाम सुविधाओं का लाभ यहां ग्रुप हाउसिंग प्लॉट स्कीम के जरिए भूमि खरीद करने वाले डेवलपर्स को मिलेगी। उनकी हाउसिंग स्कीम्स के जरिए इन प्लॉट्स पर बनने वाले भवनों में रहने वाले लोगों को भविष्य में पॉड ट्रांजिट सिस्टम के रूप में भारत में अपनी तरह की पहली विश्व स्तरीय परियोजना समेत तमाम सुविधाओं का लाभ मिलेगा। स्पष्ट है कि इन वर्ल्ड क्लास सिविक एमेनिटीज का लाभ न केवल ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में रहने वाले लोगों के जीवनस्तर में सकारात्मक वृद्धि करेगा बल्कि उन्हें वर्ल्ड क्लास सुविधाओं का लाभ भी देगा। इससे उत्तर प्रदेश की छवि में भी सकारात्मक वृद्धि होगी और अन्य शहरों में भी इसी तर्ज पर वर्ल्ड क्लास एमेनिटीज को डेवलप करने का मार्ग प्रशस्त होगा। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना में प्लॉट्स लेने के इच्छुक आवेदक 27 अक्टूबर 2023 तक अप्लाई कर सकते हैं व अधिक जानकारी के लिए यीडा की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं। सफ ल आवेदनकर्ताओं का चयन 21 नवंबर के पूर्व हो जाएगा और 21 नवंबर को ही ई-ऑक्शन के जरिए सफल आवेदनकर्ता बोली लगाकर भूमि प्राप्त कर सकेंगे।

## कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**लखनऊ।** सूचना का अधिकार दिवस के मौके पर 12 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार विभाग द्वारा प्रदेश में भाजपा द्वारा भ्रष्टाचार निरोधक कानून को कमजोर किए जाने के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। सूचना का अधिकार विभाग के चेयरमैन पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि कांग्रेस की सरकार द्वारा सूचना का अधिकार कानून (आरटीआई) के रूप में एक ऐसा शस्त्र दिया गया था जिससे आमजन भी भ्रष्टाचार पर सीधे चोट कर सकता था। सूचना के अधिकार कानून की वजह से ही सरकारी कामकाज में पारदर्शिता आने लगी थी। भ्रष्टाचारियों को इस बात का डर सताता था कि इस कानून की वजह से कभी भी उनकी काली करतूतों की कलई खुल सकती है। पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि भाजपा की सरकार बनने के बाद लगातार इस कानून को कमजोर किया गया है। कांग्रेस का आरटीआई विभाग भाजपा की इस देश विरोधी कृत्य की आलोचना करता है।

## जेपी की जयंती पर कांग्रेस मुख्यालय में नेताओं ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**महान** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व लोक जननायक डॉ. जयप्रकाश नारायण की जयंती पर बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर कांग्रेसजनों द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री और कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. सीपी राय ने कहा कि जयप्रकाश नारायण महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने के साथ-साथ लोकतंत्र के सेनानी भी थे। 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' आंदोलन में जब कांग्रेस की वरिष्ठ पीढ़ी गांधी-नेहरू समेत तमाम नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया था तब जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में युवा पीढ़ी ने आंदोलन किया था। भूमिगत रहकर रेडियो के माध्यम से आंदोलन का संचालन किया। वह नेहरू के प्रिय मित्रों में से एक थे। वह आजीवन देश और लोकतंत्र के लिए समर्पित रहे।

## पॉवर फॉर ऑल के तहत 1.58 करोड़ नए विद्युत कनेक्शन देकर यूपी ने रचा कीर्तिमान

### ● योगी सरकार में 19 हजार से अधिक गांवों को खुले तारों से मिली मुक्ति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**24** करोड़ की विशाल आबादी वाले उत्तर प्रदेश में विद्युत उत्पादन और वितरण को कभी एक बड़ी समस्या के रूप में देखा जाता था मगर योगी सरकार ने ना सिर्फ बिजली के उत्पादन पर बल दिया, बल्कि इसके वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए बड़ी संख्या में नये कनेक्शन भी दिए हैं। पॉवर फॉर ऑल योजना अंतर्गत प्रदेश में 1.58 करोड़ नये कनेक्शन अब तक दिये जा चुके हैं। वहीं 1.21 लाख मजरों का विद्युतिकरण भी अपने आप में बड़ी सफलता है। यही नहीं सौभाग्य योजना के अंतर्गत प्रदेश में अबतक 62.18 लाख विद्युत कनेक्शन के साथ उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष जोर सौर ऊर्जा के जरिए प्रदेश में बिजली की जरूरतों को पूरा करने पर है। इसके लिए अयोध्या को जहां पहली सोलर सिटी के मॉडल के तौर पर विकसित किया जा रहा है, तो वहीं बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को 'सोलर एक्सप्रेस वे' के रूप में डेवलप करने की कार्रवाई भी तेज गति से आगे बढ़ रही है। इसके अलावा प्रदेश के 10 जिलों के 250 दुर्गम गांवों को भी सौर ऊर्जा के जरिए रोशन करने का कार्य हुआ है। इसी प्रकार सौभाग्य योजना के तहत अब तक प्रदेश में 53354 सोलर पॉवर पैक संयंत्र स्थापित किये जा चुके हैं। वहीं सोलर पार्क योजना के तहत प्रदेश में 365 मेगावॉट क्षमता के सोलर पार्क को विकसित किया जा रहा है। इसी प्रकार सार्वजनिक स्ट्रीट लाइट के लिए अबतक 21 हजार से अधिक स्थानों पर सोलर लाइट संयंत्रों को स्थापित करने का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। बता दें कि प्रदेश के 3.32 करोड़ से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को भरपूर बिजली प्रदान करने के लिए प्रदेश में बिजली उत्पादन की क्षमता को बढ़ाकर 30462 मेगावाट तक पहुंचा दिया गया है। वहीं बिजली चोरी को रोकने में योगी सरकार ने बड़े पैमाने पर अनमीटर्ड उपभोक्ताओं के परिसरों में मीटर इंस्टॉल करने का काम भी तेजी से किया है। प्रदेश में अब तक 8 लाख से अधिक अनमीटर्ड परिसरों को मीटर से कवर किया जा चुका है। विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए भी योगी सरकार तत्पर है। संभव पोर्टल के जरिए 3 लाख 61 हजार से ज्यादा शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। यही नहीं सरकार ने बिजली विभाग में सिटिजन चार्टर को लागू किया है, जिसके बाद अगर शिकायतों का तय समय में निस्तारण नहीं हुआ तो उपभोक्ता को हर्जाना देने का प्रावधान है। विद्युत वितरण को और गतिशील बनाने के लिए योगी सरकार ने जहां तकरीबन 16 लाख नये ट्रांसफॉर्मर को इंस्टॉल किया है, वहीं खराब ट्रांसफॉर्मरों को भी 24 घंटे के भीतर बदलने के निर्देश सीधे मुख्यमंत्री की ओर से हैं। इसके अलावा लाइन लॉस को कम करने पर भी सरकार का विशेष फोकस है।

## बिल जमा करने की व्यवस्था को और सुलभ व सरल बनाया जाए

### ● एके शर्मा ने विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा में अधिकारियों को लगाई फटकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**ऊर्जा** मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 23 से 25 हजार करोड़ रुपए की लागत के कार्य कराए जा रहे हैं। जिससे कि विद्युत की निर्वाध आपूर्ति सुलभ की जा सके और हमारा प्रदेश बिजली की समस्या से ग्रस्त राज्यों की श्रेणी से बाहर निकल पाए। उन्होंने कहा कि बिजली जीवन की मूलभूत आवश्यकता बन गई है। उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति का सुखद अनुभव कराने के लिए वर्तमान में चल रहे कार्यों में गति लाई जाए। ऊर्जा मंत्री बुधवार को नगरीय निकाय निदेशालय में ऊर्जा विभाग के प्रगति कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने योजनाओं व कार्यक्रमों में अपेक्षित प्रगति न होने पर नाराजगी जताई और विद्युत व्यवस्था के सुधार कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली कार्यों पर पूर्ण ध्यान दें। जितनी बिजली दी जाती है उतना राजस्व भी प्राप्त करें। प्रदेश में 24 घंटे बिजली देने के लिए फ ीडर अलगाव के कार्यों को लक्ष्य बनाकर पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि अधिकतम लाइनलास वाले फीडर से संबंधित क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाये जाए और विद्युत चोरी पर पूर्ण अंकुश लगाया जाए।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने में परेशानी न हो। इस व्यवस्था को और सरल व सुलभ बनाए। साथ ही सही बिलिंग के साथ शत-प्रतिशत बिलिंग कराई जाए। टेबल बिलिंग की शिकायतें आ रही है जिसे पूर्णतः बंद कराया जाए। बिलिंग कम्पनियों के कार्यों पर भी ध्यान दे। उपभोक्ताओं को सहूलियत देने के लिए ट्रस्ट बिलिंग को बढ़ावा दें और उपभोक्ता द्वारा मीटर की फोटो भेजने पर उसका बिल जनरेट कराएं और 2 से 3 महीने में फि जिकल रीडर भी कराएं। उन्होंने कहा कि अपने कारनामों से उपभोक्ताओं को सदमे में न पहुंचाएं। गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएउगी। किसी भी कार्मिक के आचरण, कार्यों एवं निष्ठा में कहीं पर भी कोई कमी पाई जाएगी तो बक्शा नहीं जायेगा।

समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा महेश कुमार गुप्ता, चेयरमैन आशीष कुमार गोयल, प्रबंध निदेशक यूपीपीसीएल पंकज कुमार के साथ सभी डिस्कॉम के एमडी, निदेशक, मुख्य अभियन्ता, अधिक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंताओं ने प्रतिभाग किया।

## शिकायतों के प्रति अंधे, बहरे व गूंगे न बनें निकाय अधिकारी

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने निकाय अधिकारियों को निर्देशित किया कि निचले स्तर पर व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाएं, पारदर्शी प्रक्रिया के साथ कार्यों में गति लाएं। अधिक से अधिक डिजिटलाइजेशन का प्रयोग करें, जहां कहीं पर भी व्यवस्था में खामियां हो, उसे दुरूस्त किया जाय जिससे कि लोगों को अपनी समस्याओं का शीघ्र निदान मिल सके और समस्याओं का स्थायी समाधान भी हो सके। क्षेत्रीय अधिकारी अपने क्षेत्रों की व्यवस्था को नियमित रूप से निगरानी करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अलर्ट होकर कार्य करें। नगर विकास मंत्री बुधवार को नगरीय निकाय निदेशालय में सम्भव पोर्टल के तहत नगरीय निकायों से आयी शिकायतों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम सुनवाई कर रहे थे।

# अमृत कलश यात्रा निकाल पंच प्रण की दिलाई शपथ, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता। कुठौंद, जालौन




**मेरी** माटी मेरा देश को लेकर अमृत कलश यात्रा के साथ पंच प्रण की शपथ का आयोजन हुआ। विकास खण्ड परिसर में बुधवार को मुख्य अतिथि डा. घनश्याम अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख प्रेमलता द्विवेदी व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य कुठौंद अनिरुद्ध द्विवेदी के आतिथ्य में पंच प्रण शपथ का कार्यक्रम्र का आयोजन किया गया। जिसमें मौजूद लोगों ने एक-एक मुट्ठी मिट्टी डालकर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

विकास खण्ड कुठौंद कार्यालय परिसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनुरागी ने कहा कि सदियों ने हमारे देश की सुरक्षा करने में अनगिनत जवानों ने अपनी कुर्बानी दी। देश की आजादी के दौरान भी अनेकों युवाओं ने अपना जीवन न्यौछावर किया था तब कहीं जाकर देश को स्वतंत्रता मिली थी। आज हम सभी ऐसे ही वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन कर देश में देश प्रेम का जज्बा पैदा करने के प्रयास में जुटे हुये है। ब्लॉक प्रमुख प्रेमलता द्विवेदी ने कहा कि देश की आजादी दिलाने लाखों वीर सपूतों ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए और देश की आजादी के लिए अपने प्राण तक बलिदान कर दिए। हम सब उन वीर सपूतों को नमन करते हैं। बॉर्डर पर देश में अमन चैन रहे जिसके लिए वीर सैनिक दुश्मनों के सामने कड़ी धूप भीषण सर्दी में डटे रहते हैं उनका अभिनंदन करना हम सब के लिए गर्व की बात है। जिला पंचायत सदस्य कुठौंद अनिरुद्ध द्विवेदी ने मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन पर प्रकाश डाला। बीडीओ सर्वेश कुमार रवि ने कहा कि ब्लाक के प्रत्येक गांव से मिट्टी के घड़े को लखनऊ और जिन्हें लखनऊ से दिल्ली भेजा जाएगा।

# रम्पुरिया संपर्क मार्ग का चित्रकूट सांसद पटेल ने किया शिलान्यास



संवाददाता। चित्रकूट

**प्रधानमंत्री** ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सात करोड़ 78 लाख की लागत से बनने जा रहीं सात किमी रम्पुरिया संपर्क मार्ग का बुद्धवार को बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस दौरान सांसद ने कहा कि मोदी-योगी सरकार में बुंदेलखंड का चहुमुखी विकास हुआ है। सड़कों और पुलों का जाल बिछने से क्षेत्र में समृद्धि और खुशहाली आयी है।

संसदीय क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए सतत प्रयासरत बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने बुद्धवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सात करोड 78 लाख की लागत से बनने जा रहीं सात किमी लम्बी खोह (मानिकपुर) रोड से रम्पूरिया संपर्क मार्ग का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।

इस मौके पर सांसद ने कहा कि बुंदेलखंड समेत उत्तर प्रदेश का चहुमुखी विकास हुआ है। कानून व्यवस्था दुरूस्त होने के साथ-साथ विकास की अविरल गंगा बह रहीं है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे,चित्रकूट में टेबल टाप एयरपोर्ट का निर्माण के साथ-मंदाकिनी के रामघाट व कामदगिरि परिक्रमा का सुंदरीकरण होने से क्षेत्र का पर्यटन विकास हुआ है।

# नन्दबाबा दुग्ध मिशन योजना से मिलेगा पशुपालन व्यवसाय को बढ़ावा: जिलाधिकारी

- क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति बैठक में डीएम ने दिये दिशा-निर्देश
- किया बहुद्देश्यीय ऑडिटोरियम का निरीक्षण

संवाददाता। चित्रकूट



**नन्दबाबा** मिशन के तहत योजनाओं के क्रियान्वयन को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में कहा कि शासन ने नन्दबाबा दुग्ध मिशन के तहत नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री स्वदेशी संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना एवं प्रारम्भिक दुग्ध सहकारी समिति योजना के गठन कर क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण को शासन ने जिला क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति गठित की है। बुधवार को समिति में पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पदेन उपाध्यक्ष मुख्य विकास अधिकारी सुश्री अमृतपाल कौर, समिति के पदेन सदस्य जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, सीवीओ डा सुभाषचन्द्र, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजदीप वर्मा, विनीत चौहान एमपीसी, पदेन सदस्य/सचिव उप दुग्धशाला विकास अधिकारी रामशरण मौजूद रहे। उप दुग्धशाला विकास अधिकारी रामशरण ने समिति के सदस्यों एवं मौजूद लोगों को मिशन के तहत प्रदेश के सभी जिलों समेत चित्रकूट में लागू मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के उद्देश्य बताये।

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिले में बन रहे रुर्बन मल्टीपरपज कांप्लेक्स ऑडिटोरियम का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम लि. को निर्देश दिये कि लाइट व साउंड अच्छी क्वालिटी का होना चाहिए। इसे चार-पांच दिन में तैयार कर टेस्टिंग करायें।

# भाजपा महिला मोर्चा ने नगर में निकाली धन्यवाद यात्रा



**जालौन, उरई।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास होने पर भाजपा महिला मार्चो के तत्वावधान में हर्ष व्यक्त करते हुए मोहल्ले में धन्यवाद यात्रा निकाली गई। इस दौरान लोगों को भाजपा सरकार में महिलाओं के हितों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष निशा माहेश्वरी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास होने पर महिलाओं ने बैठक कर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान निशा माहेश्वरी ने कहा कि संसद में भाजपा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पास कराकर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की है। इससे महिलाओं को अधिक अवसर मिलेंगे। राजनीति में भी उनका प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। भाजपा समाज के सभी वर्गों का ध्यान रख रही है। निश्चित ही इसका लाभ आगामी लोकसभा चुनावों में देखने को मिलेगा। बैठक के बाद गणेशजी मोहल्ले में धन्यवाद यात्रा निकाली गई। जिसमें घर जाकर सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन दे रही है। इसके अलावा गैस पर सब्सिडी भी दी जा रही है। विधवा महिलाओं को पेंशन और बेटी होने पर सरकार आर्थिक मदद भी कर रही है। इस सबके लिए महिलाओं ने मोदी सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रामलीला रंगमंच पर नारद मोह और रावण अत्याचार लीला का हुआ मंचन



**जालौन, उरई।** रामलीला भवन में संचालित 175वें श्रीरामलीला महोत्सव में पहले दिन नारद मोह की लीला का कुशल मंचन किया गया। जिसमें नारदजी की तपस्या को भंग करने के लिए इन्द्र कामदेव को भेजते हैं पर कामदेव नारदजी की तपस्या की भंग नहीं कर पाते तब वह नारदजी की शरण में जाकर माफी मांगते हैं। कामदेव के माफी मांगने से नारदजी को अभिमान हो जाता है। वह अपनी कहानी सुनाने ब्रह्मजी व शंकर जी के पास जाते हैं तो उन्हें सीख दी जाती कि वे यहां आए तो ठीक पर भगवान विष्णु के पास न जाएं। लेकिन गर्व से गर्वित नारद जी कहां मानने वाले थे। वह क्षीरसागर में भगवान विष्णु के पास पहुंच गए और भगवान विष्णु को अपनी कथा सुनाने लगे। जिसको सुनकर भगवान विष्णु ने माया को बुलाया और नारद को सही मार्ग पर लाने का आदेश दिया। नारदजी माया के मोहपाश में फंस जाते हैं। जब उन्हें इसका अहसास होता है तब वह भगवान विष्णु को नारी के वियोग में वन वन भटकने का शाप दे बैठते हैं। इसके अलावा रावण अत्याचार की लीला का भी प्रदर्शन किया गया।

# उद्यमिता विद्यापीठ चित्रकूट में मनाई गई लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती

संवाददाता। चित्रकूट



**दीनदयाल** शोध संस्थान के उद्यमिता विद्यापीठ चित्रकूट में समग क्रांति प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की 121 वीं जयंती को उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उद्यमिता विद्यापीठ के संयोजक मनोज सैनी एवं डीआरआई की आयुर्वेद सदन एवं शोध शाला के प्रभारी डॉ मनोज त्रिपाठी ने सर्वप्रथम लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन के साथ किया गया। इसके बाद खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के प्रशिक्षणार्थियों एवं स्वावलंबन केन्द्र से आए बंधु भगिनियों सहित उद्यमिता विद्यापीठ के कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पार्चन किया गया।

इस अवसर पर डीआरआई की शोध शाला के प्रभारी डॉ मनोज त्रिपाठी ने कहा कि आज का दिन हमारे देश का ऐतिहासिक दिन है। आज के दिन देश की महान दो विभूतियों का जन्म हुआ है। जिनमें एक लोकनायक जयप्रकाश नारायण जिन्होंने समग्र क्रान्ति का आहवान किया था। देश के प्रजातंत्र को बचाने के लिए उन्होंने जिस तरह युवा तरुणाई को शंखनाद किया था। वह इतिहास के पन्नों में अविस्मरणीय है। नानाजी के अनुसार भी जे.पी. भारत की गौरवमयी सांस्कृतिक धरोहर के सशक्त प्रहरी थे। आज ऐसे दोनों महापुरुषों का जयंती पर्व है।

## जयंती पर लोकनायक को किया नमन

**फर्रुखाबाद।** लोकनारायण जयप्रकाश नारायण की जयंती लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती सपा कार्यालय पर मनाई गई। वक्ताओं ने कहा कि जयप्रकाश नारायण ने समाज के प्रत्येक वर्ग की उन्नति की सोच के साथ काम किया। आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सपा के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव ने कहा कि जयप्रकाश नारायण पूरे भारत में सबसे लोकप्रिय नेता थे। जयप्रकाश नारायण को आजादी की लड़ाई का सबसे निडर नेता के साथ आजाद भारत की राजनीति का भी सबसे बड़ा नेता माना जाता है। जयप्रकाश नारायण समाजवादी विचारधारा के व्यक्ति थे और उन्होंने कई आंदोलनों में हिस्सा लिया।

## क्विक न्यूज

### डीएम ने कुंभी में बन रहे मेडिकल कालेज का किया निरीक्षण

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह ने कुंभी स्थित निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि लगभग 79 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, पूरी क्षमता के साथ दोनों शिफ्टों (दिन और रात) में कार्य कराया जा रहा है, दिसंबर तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के मुख्य भवन, हाल, एकेडमिक भवन, लैब, हॉस्टल आदि का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ज्यादातर व्यवस्थाएं जिलाधिकारी को दुरुस्त मिली। उन्होंने कहा कि कार्य को तेजी से करते हुए समय अंतर्गत पूर्ण करायें, जिससे कि जनपदवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। निर्माण कार्य में गुणवत्ता व मानक का विशेष ध्यान रखें, साथ ही निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिको को सुरक्षागत उपकरण अवश्य उपलब्ध कराए जाएं।

### किन्नर बनकर ट्रेन में पैसा वसूलने वाली महिलाएं गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन में किन्नर बनकर डिब्बे के अंदर के रेल यात्रियों से जबरदस्ती पैसा वसूलने वाली तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। आर पी एफसूत्रों ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पूर्वोत्तर रेलवे फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन के आरपीएफप्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने महिला आरक्षी शबनम राणा, महिला आरक्षी रेणुका कुमावत, व आरक्षी किशोर तथा महेंद्र आदि अपने दल बल के साथ गोरखपुर से बांद्रा जाने वाली अंत्योदय एक्सप्रेस जैसे ही फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन पर अपराहन करीब 15. 00 बजे के बाद पहुंची, वैसे ही डिब्बे के अंदर किन्नर बनकर रेल यात्रियों से अवैध ढंग से पैसा वसूलते हुए कानपुर जिले के थाना घाटमपुर ग्राम सारगामा दरौली निवासिनी नीलू पत्नी अजीत व मधु पुत्री भोला तथा निधि पुत्री भोला को रेल अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया।

### राघव दत्त मिश्रा सपा महानगर अध्यक्ष मनोनीत

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी ने राघव दत्त मिश्रा को महानगर अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। उनका जगह.जगह स्वागत किया गया। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल नें राघव दत्त मिश्रा को फर्रुखाबाद का महानगर अध्यक्ष मनोनीत कर दियाद्य जिसके बाद महानगर अध्यक्ष नें लोहिया प्रतिमा पर आकर माल्यार्पण कियाद्य कचहरी गेट पर अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। इसके साथ समर्थकों नें कई जगह शहर में स्वागत किया। शुभम शुक्ल, डॉ. शिवम अवस्थी, लवी मिश्र, अंशु गुप्ता गषि गुप्ता, अतुल वर्मा, अमित यादव आदि रहे।

### अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर मनाया बेटियों का जन्म दिन

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ के राजकीय बालिका कालेज में डीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में अन्तरराष्ट्रीय बालिका दिवस व कन्या महोत्सव का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष भाजपा रुपेश गुप्ता, जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द मिश्रा ने केक कटवाकर नवजात बेटियों का जन्मोत्सव मनाया। जन्मोत्सव पर नवाजात बेटियों को मिठाई, कपड़े एवं बेबी केयर किट वितरित की गयी। अन्तरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत स्कूली छात्राओं ने नाटक की प्रस्तुतियां दी। डीएम ने बेटियों की प्रस्तुति देख सराहना की । कार्यक्रम में तायकोंडो में गोल्ड मैडल प्राप्त करने वाली बेटियों एवं बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाली बेटियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

# नवाचार व तकनीक शिक्षा पर आधारित भावी पीढ़ी का भविष्य: असीम अरुण

संवाददाता। फतेहपुर

**अमृत** काल में सहभागिता कार्यक्रम में समाज कल्याण अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि भावी पीढ़ी का भविष्य नवाचार व तकनीक शिक्षा पर आधारित है जिसके पास नवाचार का भण्डारण है आने वाला समय उसी का है। राज्यमंत्री ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का बखान भी किया। उन्होने प्रेक्षागृह में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। तत्पश्चात जय प्रकाश नारायण विद्यालय खासमऊ के मेधावी पांच छात्रों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। राज्यमंत्री असीम अरुण, जिले की सांसद/केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, खागा विधायक कृष्णा पासवान, जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, डीएम सी. इंदुमती, एसपी उदय शंकर सिंह के साथ अंबेडकर पार्क स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर एवं महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। तत्पश्चात विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया व प्रदर्शनी में लगे स्टालों का अवलोकन किया।

# श्रीकृष्ण आदर्श विद्या मंदिर में मना विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

संवाददाता। फतेहपुर

**खंभापुर** स्थित श्रीकृष्ण आदर्श विद्या मंदिर मूकबधिर एवं मंदबुद्धि दिव्यांग शैक्षिक व्यावसायिक एवं पुनर्वासन विद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अन्तर्गत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। शुभारंभ जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रगति मिश्रा, जिला चिकित्सालय की मनोचिकित्सक डा. रिंकी लाकरा, श्यामलाल कंचन, इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन डा. अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. वकील अहमद, प्रबंधक सीताराम यादव ने संयुक्त रुप से मॉ शारदे की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करके किया। प्रबंधक सीताराम यादव ने कहा कि सलामती की एक स्थिति है जिसमें व्यक्ति को अपनी क्षमताओं का एहसास रहता है, वह जीवन के सामान्य तनावों का सामना कर सकता है। विशिष्ट अतिथि मनोचिकित्सक डा. रिंकी लाकरा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य या तो संज्ञानात्मक अथवा भावनात्मक सलामती के स्तर का वर्णन करता है। अध्यक्षता श्यामलाल कंचन ने की। अन्त में संस्था की ओर से चालीस दिव्यांग बच्चों को यूनीफार्म, फ्ल व डा. अनुराग श्रीवास्तव की ओर से बिस्कुट, नमकीन आदि भेंट किया गया।

# पेज एक का शेष

## गाजा के...

हैं, जिससे उनके लिए ईंधन का आयात करना असंभव है। वहीं, इज़राइल के हवाई हमलों के मद्देनजर फलस्तीनी लोग संयुक्त राष्ट्र के स्कूलों में शरण ले रहे हैं और सुरक्षित स्थान बहुत कम रह गए हैं। वहीं, सहायता संगठनों ने गाज़ा में मदद पहुंचाने के लिए मानवीय गलियारा बनाने का आग्रह किया है, और आगाह किया है कि अस्पतालों में जख्मी भरे पड़ें हैं और उनके पास जरूरी दवाइयों की कमी हो गई है। रीमल इलाके में बमबारी में फलस्तीन के तीन पत्रकारों की मौत के बाद गाज़ा के पत्रकार हसन जबर ने कहा, गाजा में अभी कोई सुरक्षित जगह नहीं है, आप हर दिन सभ्य लोगों को मारे जाते देखते हैं। मुझे मेरी जान का डर है। रीमल में हमास की सरकार के कई मंत्रालय और इमारतें हैं। इनके साथ-साथ विश्वविद्यालय, मीडिया संगठनों व सहायता संगठनों के दफ्तर भी हैं। संयुक्त राष्ट्र के विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि गाजा में सात अस्पतालों के लिए निर्धारित जरूरी दवाइयां घायलों की बड़ी संख्या की वजह से पहले ही खत्म हो चुकी हैं। चिकित्सा सहायता समूह डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने कहा कि गाजा में उनके दो अस्पतालों में सर्जिकल उपकरण, एंटीबायोटिक, ईंधन और अन्य आपूर्ति खत्म हो रही है। गाजा में सहायता समूह के मिशन प्रमुख मैथियास कान ने बुधवार को कहा कि एक बार में बड़ी संख्या में मरीज़ों के आने की वजह से तीन हफ्ते चलने वाला आपात भंडार तीन दिन में खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सबसे बड़े अस्पताल अल-शिफा में सिर्फ तीन दिन का ईंधन बचा है। इजराइल ने आरक्षित सैनिकों की संख्या बढ़ाकर 3,60,000 कर दी और ऐसा लगता है कि वह गाज़ा में ज़मीनी हमला शुरू कर सकता है क्योंकि इज़राइल की सरकार पर हमास को अपदस्थ करने का जबर्दस्त जन दवाब है। हमास को खत्म करने के लिए लंबे समय तक जमीनी हमले और गाजा पर फिर से कब्जा करने की जरूरत होगी। फिर भी, हमास का इज़राइल द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों में भूमिगत रह कर गतिविधियों को अंजाम देने का एक लंबा इतिहास रहा है। इज़राइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने मंगलवार को दक्षिणी सीमा के पास सैनिकों के साथ एक बैठक में कहा, हम ऐसी स्थिति नहीं बनने देंगे जिसमें इजराइली बच्चों की हत्या की जाए। मैंने हर प्रतिबंध हटा दिया है - जो कोई भी हमसे लड़ेगा हम उसे खत्म कर देंगे और अपने पास मौजूद हर उपाय का उपयोग करेंगे। हमास के वरिष्ठ अधिकारी बसम नईम ने अमेरिकी समाचार एजेंसी एसोसिएटिड प्रेस से कहा कि मंगलवार देर रात इज़राइल ने हमास की सैन्य इकाई के नेता मोहम्मद ज़इफ के खान युनिस कस्बा स्थित घर पर हमला किया जिसमें उनके पिता, भाई और कम से कम दो अन्य रिश्तेदारों की मौत हो गई। ज़इफ को कभी भी सार्वजनिक तौर पर नहीं देखा गया है और वह कहां हैं, इसके बारे में भी कोई जानकारी नहीं है। इज़राइल की उत्तरी सीमाओं पर भी लेबनान के चरमपंथी और सीरिया के साथ गोलाबारी हुई है जिससे संकेत मिलता है कि क्षेत्रीय संघर्ष का दायरा बढ़ सकता है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को अन्य देशों और सशस्त्र समूहों को चेतावनी देते हुए युद्ध में शामिल नहीं होने को कहा। अमेरिका इज़राइल को युद्ध सामग्री और सैन्य उपकरण भेज रहा है और उसने निवारक उपाय के रूप में पूर्वी भूमध्य सागर में एक पोत तैनात किया है। बुधवार को, लेबनानी चरमपंथी समूह हिजबुल्लाह ने एक इजराइली सैन्य चौकी पर टैंक रोधी मिसाइलें दागीं और सैनिकों को मारने और घायल करने का दावा किया। इज़राइल की सेना ने हमले की पुष्टि की है लेकिन हताहतों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। इज़राइल की सेना ने लेबनान के दक्षिणी इलाके में गोलाबारी की है जहां से हमला किया गया था। इजराइल ने नई रणनीति के तहत नागरिकों को केवल कुछ इमारतों के बजाय पूरे इलाकों को खाली करने की चेतावनी दी। हमास के अधिकारियों ने कहा कि फलस्तीनियों में हताशा बढ़ गई है। हमास शासित गाजा पट्टी के गृह मंत्रालय ने कहा कि इजरायली हवाई हमलों ने गाजा शहर में पूरे अल-कराम इलाके को तबाह कर दिया है जिसमें 'बड़ी संख्या में' लोग मारे गए हैं या घायल हुए हैं। फलस्तीनी नागरिक सुरक्षा बलों ने मंगलवार को अब्दुल्ला मुसलेह को 30 अन्य लोगों के साथ उनके तहखाने से बाहर निकाला, जब उनके अपार्टमेंट की इमारत हवाई हमलों से नष्ट हो गई थी। गाजा के 46 वर्षीय मुसलेह ने कहा, मैं खिलौने बेचता हूं न कि मिसाइल। मैं गाज़ा छोड़ना चाहता हूं। मैं यहां क्यों रहूं? मैंने अपना घर व नौकरी खो दी है। सेना ने कहा कि मंगलवार की रात चरमपंथियों का एक समूह अश्कलोन में एक औद्योगिक क्षेत्र में घुस गया, जिससे इजराइली सैनिकों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई। तीन चरमपंथी मारे गए हैं और सैनिक क्षेत्र में अन्य की तलाश कर रहे हैं। इज़राइली सेना ने कहा कि इज़राइल में 155 सैनिकों सहित 1,200 से अधिक लोग मारे गए हैं। यह संख्या 1973 में मिस्र और सीरिया के साथ हुई जंग में हताहतों की तादाद से ज्यादा है। गाज़ा के अधिकारियों के मुताबिक, वहां पर 1055 लोगों की मौत हुई है। इज़राइल ने कहा है कि हमास के सैकड़ों लड़ाके मृतकों में शामिल हैं। इज़राइल ने कहा कि हमास के करीब 1500 चरमपंथियों के शव इजराइली क्षेत्र में मिले हैं। हालांकि यह साफ नहीं है कि फलस्तीनी अधिकारियों द्वारा बताई गई संख्या में इनकी तादाद शामिल है या नहीं।

## पाक में...

के कैडर के रूप में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से कश्मीर घाटी में दाखिल हुआ था। हालांकि, उसे एक साल बाद गिरफ्तार कर लिया गया और अदालत ने उसे जम्मू की कोट भलवाल जेल भेज दिया। ऐसा माना जाता है कि उसी जेल में बंद आतंकी मसूद अजहर ने लतीफ को और कट्टर बनाया था। 1999 में इंडियन एयरलाइंस के विमान आईसी-814 का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था और इसे कंधार ले जाया गया था। अजहर को अपहृत विमान के यात्रियों के बदले जेल से रिहा किया गया था। भारतीय जेल में 16 साल बिताने के बाद, लतीफ को 2010 में अटारी-वाघा सीमा के माध्यम से पाकिस्तान भेज दिया गया और माना जाता है कि वह फिर से अजहर के संपर्क में आ गया, जिसने उस समय तक जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादी समूह का गठन कर लिया था। एक अधिकारी ने कहा, यह पाकिस्तान की धरती पर जैश-ए-मोहम्मद के लिए सबसे बड़ा झटका है। पंजाब के गुजरांवाला के अमीनाबाद का रहने वाला लतीफ राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा वांछित था। दो जनवरी, 2016 को जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों के पठानकोट वायुसेना स्टेशन में घुसने के बाद हुई मुठभेड़ में भारतीय वायुसेना के सात कर्मी शहीद हो गए थे। पठानकोट हमले के बाद लतीफ को पाकिस्तानी अधिकारियों ने कुछ समय के लिए हिरासत में लिया था। अधिकारियों ने बताया कि 2013 में सांबा और हीरानगर में हुए आतंकवादी हमलों में भी लतीफ की संलिप्तता थी।

## भारत ने...

पारी में पांच चौके और दो छक्के जड़े कोहली के क्रीज पर आते ही अफगान कप्तान शाहिदी ने गेंद नवीन को थमा दी और दर्शक कोहली कोहली का नारा लगाने लगे। कोहली और नवीन के बीच आईपीएल के बीते सत्र में विवाद हुआ था। कोहली और नवीन हालांकि बाद में एक दूसरे से बातचीत करते दिखे। कोहली ने कवर क्षेत्र में राशिद के खिलाफ चौके के साथ हाथ खोला। रोहित ने इस गेंदबाज के अगले ओवर में लगातार गेंदों पर चौका और छक्का लगाया। कोहली ने 25वें ओवर में ओमरजई की गेंद पर चौका जड़ टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। अगले ओवर में राशिद ने रोहित को बोल्ड कर अफगानिस्तान को बड़ी सफलता दिलाई। श्रेयस अय्यर ने क्रीज से आगे निकल कर मुजीब की गेंद पर छक्के के साथ हाथ खोला, जिससे भारत ने 33वें ओवर में 250 रन पूरे किए। कोहली ने 35वें ओवर में चौका और फिर तीन रन लेकर 55 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके लगाए। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जदरान (22) ने दूसरे और चौथे ओवर में सिराज के खिलाफ तीन चौके जड़े तो वहीं रहमानुल्लाह गुरबाज (21) ने भी इस गेंदबाज के खिलाफ पारी के छठे ओवर में दो चौके लगाए। दूसरे छोर से शानदार गेंदबाजी कर रहे बुमराह ने जदरान को विकेटकीपर लोकेश राहुल के हाथों कैच कराया। हार्दिक पंड्या ने 13वें ओवर में गुरबाज तो वहीं शारदुल ने 14वें ओवर में रहमत शाह (16) को पगबाधा किया। इससे अफगानिस्तान का स्कोर एक विकेट पर 63 रन से तीन विकेट पर 63 रन हो गया। इसके बाद शाहिदी और ओमरजई ने भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ अगले कुछ ओवर में रक्षात्मक नीति अपनाई लेकिन क्रीज पर समय बिताने के बाद आसानी से बड़े शॉट लगाए। ओमरजई ने 25वें ओवर में कुलदीप पर दो शानदार छक्के जड़ने के बाद जडेजा पर अपनी पारी का तीसरा छक्का लगाया। इस बल्लेबाज ने 32वें ओवर में 62 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद अगले ओवर में शाहिदी के साथ शतकीय साझेदारी पूरी की। अफगानिस्तान के कप्तान ने भी इसके बाद हार्दिक पर चौके से 58 गेंद में अपना पचासा पूरा किया हार्दिक ने हालांकि ओमरजई को बोल्ड कर चौथे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी को तोड़ा। अफगानिस्तान ने 37वें ओवर में 200 रन पूरे किए। शाहिदी ने शारदुल और सिराज पर चौके जड़े लेकिन कुलदीप ने उन्हें पगबाधा कर मैच में भारत की वापसी कराई। बुमराह ने 45वें ओवर में नजीबुल्लाह जदरान (दो) और मोहम्मद नबी (19) को चलता कर टीम को दोहरी सफलता दिलाई। मुजीब उर रहमान (नाबाद 10), राशिद खान (16) और नवीन उल हक (नाबाद नौ) ने इसके बाद टीम को 270 के स्कोर के पार ले जाने में सफल रहे।

## भारत और...

को अवशोषित नहीं कर सकती है, जो मानव शरीर से पसीने और कुछ बुनियादी ढांचे, जैसे बाष्पीकरणीय कूलर से नमी के वाष्पीकरण को सीमित करती है। शोधकर्ताओं ने निष्कर्ष निकाला कि यदि पृथ्वी का तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 3 डिग्री सेल्सियस ऊपर जारी रहता है तो मानव सहनशीलता से अधिक गर्मी और आर्द्रता का स्तर पूर्वी समुद्री तट और अमेरिका के मध्य भाग - फ्लोरिडा से न्यूयॉर्क और ह्यूस्टन तक को प्रभावित करना शुरू कर देगा। प्रमुख लेखक और बायोक्लाइमेटोलॉजिस्ट डैनियल वेसेलियो ने कहा, इस तरह के मॉडल रुझानों की भविष्यवाणी करने में अच्छे हैं लेकिन वे ओरेगॉन में 2021 की हीटवेव जैसी विशिष्ट घटनाओं की भविष्यवाणी नहीं करते हैं, जिसमें 700 से अधिक लोग मारे गए या पिछली गर्मियों में लंदन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। 2021-22 में भारत ने भी रिकॉर्ड तापमान को छुआ था। मार्च-अप्रैल, 2022 में भारत और पाकिस्तान ने गर्मी की लहर का अनुभव किया जो जलवायु परिवर्तन के कारण 30 गुना अधिक होने की संभावना थी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आने से स्वास्थ्य सीधे प्रभावित होता है, जिससे हृदय और श्वसन रोग जैसी अंतर्निहित स्थितियां बिगड़ती हैं और हीट स्ट्रोक, गर्भावस्था के प्रतिकूल परिणाम, नींद के पैटर्न में गिरावट, खराब मानसिक स्वास्थ्य और चोट से संबंधित मृत्यु में वृद्धि होती है। यह लोगों की काम करने और व्यायाम करने की क्षमता को सीमित करके अप्रत्यक्ष रूप से स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। शोधकर्ताओं ने निष्कर्ष निकाला कि यदि ग्रह का तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 3 डिग्री सेल्सियस ऊपर जारी रहता है, तो मानव सहनशीलता से अधिक गर्मी और आर्द्रता का स्तर पूर्वी समुद्री तट और अमेरिका के मध्य भाग-फ्लोरिडा से न्यूयॉर्क और ह्यूस्टन तक को प्रभावित करना शुरू कर देगा।

## शादियों के...

ने एकादशी के कारण बड़ी संख्या में शादी और सामाजिक जमावड़े के कारण राजस्थान में चुनाव की तारीख बदलने के चुनाव आयोग के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि देव उत्थान एकादशी हिंदुओं के लिए एक बड़ा त्योहार है... मतदान प्रतिशत भी प्रभावित होगा क्योंकि अब तारीख स्थगित कर दी गई है और मतदाता (अपना वोट डालने के लिए) बाहर आएंगे... कांग्रेस जीतेगी।'चुनाव आयोग ने शुरुआत में 9 अक्टूबर को घोषणा की थी कि राज्य में 23 नवंबर को चुनाव होंगे। यह गुरुवार था। राजस्थान में पिछला मतदान दिवस देवउठनी एकादशी के साथ पड़ रहा था। यह एक शुभ अवसर है जब राज्य में 50,000 से अधिक शादियाँ होने की संभावना है। कारोबार से जुड़े लोगों का दावा है कि उस दिन मतदान कराने से मतदान प्रतिशत पर असर पड़ सकता है। यह उन लोगों के लिए चिंता का कारण बन गया है जिनकी इस दिन पहले से ही शादियाँ तय हैं। साथ ही, इससे यह आशंका भी पैदा हो गई है कि उस दिन मतदान प्रतिशत प्रभावित हो सकता है। व्यापारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स और कई अन्य धार्मिक संगठनों ने चुनाव आयोग से आग्रह किया है कि देवउठान एकादशी का दिन शादियों की शुरुआत का दिन होने के कारण बड़े पैमाने पर लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तारीख में बदलाव किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे तर्क दिया कि मतदान के दिन व्यवसाय बंद होने से व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। चुनाव आयोग इस साल विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। राजस्थान में 200 विधानसभा क्षेत्र हैं और राज्य विधानसभा का कार्यकाल अगले साल 14 जनवरी को समाप्त हो रहा है। इन राज्यों के चुनावों को 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले सेमीफाइनल के तौर पर देखा जा रहा है। राजस्थान में भाजपा और कांग्रेस सीधी लड़ाई में हैं, जो लोकसभा में 25 सदस्य भी भेजता है। राजस्थान में फिलहाल अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार है।

# भारत ने परोक्ष रूप से चीन पर साधा निशाना

## संप्रभुता का सम्मान हिंद महासागर को मजबूत समुदाय के रूप में पुनर्जीवित करने का आधारः जयशंकर

**भाषा।** कोलंबो



**भारत** ने परोक्ष रूप से चीन पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के प्रति सम्मान के साथ-साथ एक बहुपक्षीय नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था हिंद महासागर को एक मजबूत समुदाय के रूप में पुनर्जीवित करने का आधार है। भारत की टिप्पणी ऐसे वक्त आई है जब चीन इस क्षेत्र में लगातार अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यहां हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) के मंत्रियों की परिषद की 23वीं बैठक में कहा कि समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र संधि के आधार पर हिंद महासागर को एक मुक्त, खुला और समावेशी स्थान बनाए रखना महत्वपूर्ण है। इस महत्वपूर्ण बैठक में भारत ने 2023-25 के लिए आईओआरए के उपाध्यक्ष की भूमिका ग्रहण की। इस मौके पर जयशंकर ने कहा, हम हिंद महासागर क्षेत्र में क्षमता निर्माण और सुरक्षा सुनिश्चित करने में पहले उत्तरदाता के तौर पर योगदान देने के अपने दृष्टिकोण को जारी रखेंगे। हिंद महासागर के देशों की भलाई और प्रगति के लिए भारत की प्रतिबद्धता पड़ोसी प्रथम नीति, सागर दृष्टिकोण, विस्तारित पड़ोस और हिंद-प्रशांत के प्रति उसके दृष्टिकोण पर आधारित है। उन्होंने कहा, एक बहुपक्षीय नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के प्रति सम्मान हिंद महासागर को एक मजबूत समुदाय के रूप में पुनर्जीवित करने का आधार बना हुआ है।

जयशंकर ने कहा कि एशिया के पुनरुत्थान और वैश्विक पुनर्संतुलन में, हिंद महासागर एक केंद्रीय स्थान रखता है, जो व्यापार का समर्थन करके और आजीविका बनाए रखकर, कनेक्टिविटी और संसाधन उपयोग की अपार संभावनाएं प्रदान करके, तटीय देशों के विकास और समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा, वसुधैव कुटुंबकम या दुनिया एक परिवार है का संदेश आईओआरए सदस्य देशों को एकसाथ लाने के लिए बांधने वाली शक्ति हो सकती है। जयशंकर ने कहा कि एक ट्रोइका (श्रीलंका-भारत-बांग्लादेश) के उपाध्यक्ष और सदस्य के रूप में, भारत की प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास एक ऐसे हिंद महासागर समुदाय को विकसित करना है जो स्थिर और समृद्ध, मजबूत और लचीले रुख वाला हो और जो महासागर की परिधि में सहयोग करने के साथ ही उसके परे होने वाली घटनाओं पर प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो। इस प्रकार हिंद महासागर को समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र संधि (यूएनसीएलओएस) के आधार पर, एक मुक्त, खुले और समावेशी स्थान के रूप में बनाए रखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 1971 की भावना, जिसका उल्लेख श्रीलंकाई सहयोगी ने किया है, वह हमारे दृष्टिकोण का मार्गदर्शन करती रहे तथा किसी भी छिपे हुए एजेंडे को हतोत्साहित किया जाना चाहिए।

रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में चीन अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहा है, साथ ही वह दक्षिण चीन सागर (एससीएस) और पूर्वी चीन सागर (ईसीएस) दोनों में क्षेत्रीय विवादों में भी उलझा हुआ है। हिंद महासागर में चीनी नौसैनिक जहाज और पनडुब्बियां भी सक्रिय हैं। चीन अपने निगरानी और अनुसंधान जहाज भी श्रीलंका भेज रहा है। जयशंकर ने कहा कि विकास संबंधी मुद्दे, मजबूत कनेक्टिविटी की कमी, अव्यावहारिक परियोजनाओं की वजह से उत्पन्न अपारदर्शी एवं अस्थिर ऋण का बोझ, आतंकवाद और अतिवाद से सामाजिक ताने-बाने को उत्पन्न खतरा, आतंकवाद से उत्पन्न खतरा, प्राकृतिक आपदाएं और जलवायु परिवर्तन, ए सभी ऐसी चुनौतियां हैं जिनका हम सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, शीर्ष क्षेत्रीय निकाय के रूप में, आईओआरए की जिम्मेदारी है कि वह हिंद महासागर को अधिक सहज और सहयोगी स्थान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

जयशंकर ने कहा, विकासात्मक मुद्दे, मजबूत कनेक्टिविटी की कमी, अव्यवहार्य परियोजनाओं से उत्पन्न अपारदर्शी और अस्थिर ऋण का बोझ, चरमपंथ और कट्टरवाद से उत्पन्न सामाजिक ताने-बाने को खतरा, आतंकवाद से उत्पन्न खतरे, प्राकृतिक आपदाएं और जलवायु परिवर्तन, ए सभी चुनौतियां हैं, जिसका हम सामना करते हैं। श्रीलंका द्वारा चीन को हंबनटोटा बंदरगाह के 99 साल के पट्टे ने बेल्ट एंड रोड पहल के नकारात्मक पक्ष और छोटे देशों में अरबों डॉलर की लागत वाली प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए बीजिंग के जोर को लेकर चिंताएं पैदा हुई हैं। अगले दो वर्षों के लिए उपाध्यक्ष के रूप में, "विश्व मित्र" भारत, ग्लोबल साउथ की एक आवाज, आईओआरए के संस्थागत, वित्तीय और कानूनी ढांचे को मजबूत करने के लिए आईओआरए सदस्य देशों के साथ काम करेगा ताकि इस गतिशील समूह की वास्तविक क्षमता को साकार किया जा सके। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल अक्सर विकासशील और अल्प विकसित देशों के लिए किया जाता है, जो मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं। जयशंकर ने कहा कि एक समन्वयक देश के रूप में भारत का विशेष ध्यान समुद्री सुरक्षा और सुरक्षा तथा नीली अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों पर होगा। आवश्यकता पड़ने पर भारत आईओआरए के अन्य प्राथमिकता वाले और अन्य संबंधित क्षेत्रों में भी योगदान देगा।

# विदेश मंत्री जयशंकर श्रीलंकाई राष्ट्रपति रानिल विक्रम से मिले

## द्विपक्षीय संबंध मजबूत बनाने पर की चर्चा

**कोलंबो।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को यहां श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की और दोनों पड़ोसी देशों के संबंधों को और मजबूत बनाने के मकसद से गहन चर्चा की। जयशंकर यहां हिंद महासागर रिम संघ (आईओआरए) की मंत्रिपरिषद की 23वीं बैठक में भाग लेने के लिए आए हैं। उन्होंने राष्ट्रपति सचिवालय में विक्रमसिंघे से मुलाकात की। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज शाम कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। हमारे बीच सहयोग के कई क्षेत्रों में भारत-श्रीलंका संबंधों को आगे बढ़ाने में हुई प्रगति पर चर्चा की।

श्रीलंका के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि अपनी बैठक के दौरान उन्होंने भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों को बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापक चर्चा की। उसने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तीन नए द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। जशंकर ने एक्स पर कहा आज शाम राष्ट्रपति सचिवालय में राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की उपस्थिति में समझौतों के आदान-प्रदान और परियोजनाओं का उद्घाटन देखकर खुशी हुई। सामाजिक आवास, सामुदायिक विकास और डेयरी क्षेत्रों में इन परियोजनाओं से श्रीलंकाई लोगों का जीवन और आसान होगा।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और श्रीलंका ने आज दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाते हुए एक लोगो भी लॉन्च किया। एक्स पर लोगो की तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने कहा, यह हमारे गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के संबंधों को दर्शाता है।

## भारत ने अव्यवहार्य परियोजनाओं, जोखिम वाले ऋण में छिपे हुए एजेंडे के खतरों के प्रति आगाह किया

**कोलंबो।** भारत ने बुधवार को हिंद महासागर क्षेत्र के देशों से विकास चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने को कहा और उन्हें अव्यवहार्य परियोजनाओं या जोखिम वाले ऋण में छिपे हुए एजेंडे के खतरों के प्रति आगाह किया। भारत ने परोक्ष रूप से चीन का हवाला दिया जिस पर पश्चिमी देश कमजोर देशों पर दबाव बनाने के लिए ऋण के जरिए फंसाने की कूटनीति का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हैं। यहां हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) के मंत्रियों की परिषद की 23वीं बैठक को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र संधि के आधार पर हिंद महासागर को एक मुक्त, खुला और समावेशी स्थान बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

बाद में प्रेस को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि आईओआरए के प्रति भारत की प्रतिबद्धता शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, साझा समृद्धि और क्षेत्रीय सहयोग के सिद्धांतों में गहराई से निहित है। उन्होंने कहा, सदस्य देशों को आगे बढ़ने और समृद्ध होने के लिए, विकास चुनौतियों पर लगातार और प्रभावी ढंग से ध्यान दिया जाना चाहिए। विशेष रूप से, हमें समुद्री अर्थव्यवस्था, संसाधनों, कनेक्टिविटी और सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने किसी देश का नाम लिए बिना कहा, इसके साथ ही हमें इस पर भी स्पष्ट होना चाहिए कि खतरे कहां हैं, चाहे वे छिपे हुए एजेंडे में हों, अव्यवहार्य परियोजनाओं में हों या जोखिम वाले ऋण में हों। अनुभवों का आदान-प्रदान, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना, अधिक जागरूकता और गहरा सहयोग समाधान का हिस्सा हैं। हंबनटोटा बंदरगाह को चीन ऋण द्वारा वित्त पोषित किया गया था। श्रीलंका द्वारा ऋण का भुगतान करने में विफल रहने के बाद यह बंदरगाह 2017 में 99 साल के लिए ऋण के बदले इक्विटी के तहत बीजिंग को पट्टे पर दिया गया।

जयशंकर सोमवार की शाम को यहां पहुंचे। मंत्रिपरिषद आईओआरए का निर्णय लेने वाला सबसे उच्च निकाय है। आईओआरए 23 सदस्य देशों और 10 वार्ताकार देशों के साथ हिंद महासागर क्षेत्र का सबसे बड़ा और प्रमुख संगठन है। बैठक में भारत ने 2023-25 के लिए आईओआरए के उपाध्यक्ष का पद ग्रहण किया। भारत 2025-27 में इसका अध्यक्ष होगा। वर्ष 2023 में जयशंकर की यह दूसरी श्रीलंका यात्रा है।

# हमास के हमले में ईरान की भूमिका के बारे में कोई विशेष सूचना नही है : अमेरिका

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** ने मंगलवार को कहा कि इजराइल पर हमास के हाल के आतंकवादी हमले में ईरान की भूमिका के बारे में कोई विशेष सूचना नहीं मिली है लेकिन आतंकवादी समूह की सैन्य शाखा के लिए वित्त पोषण में व्यापक तौर पर उसकी मिलीभगत है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जैक सुलिवान ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा, हमने शुरुआत से कहा है कि ईरान की व्यापक तौर पर इस हमले में मिलीभगत है क्योंकि उन्होंने हमास की सैन्य शाखा को भारी-भरकम वित्त पोषण दिया है। उन्होंने प्रशिक्षण मुहैया कराया। उन्होंने (ईरान) उन्हें हमला करने की क्षमताएं मुहैया कराई। उन्होंने सहयोग दिया और वे वर्षों से हमास के साथ संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, इन सभी चीजों ने उस घटना में भूमिका निभाई है जो हमने देखी है। अभी इस सवाल पर कि क्या ईरान को इस हमले के बारे में पहले से पता था या उसने योजना बनाने में मदद की या इस हमले का निर्देश दिया, तो अभी हमारे पास ऐसी कोई सूचना नहीं है। हम इस सवाल के बारे में अपने इजराइली समकक्षों से नियमित आधार पर बात कर रहे हैं।

सुलिवान ने कहा कि अमेरिका अपनी खुफिया एजेंसियों से इस बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहा है कि क्या उनके पास इस बारे में कोई सूचना है। उन्होंने कहा, हम और खुफिया जानकारी हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। अगर कोई जानकरी मिलती है तो मैं आपके साथ साझा करूंगा। फलस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास ने शनिवार को इजराइल पर हमले शुरू कर दिए थे जिसमें 1,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। इजराइल ने भी जवाबी कार्वाई करते हुए गाजा में हवाई हमले किए जिसमें 800 से अधिक लोगों की मौत हो गई है।

अमेरिका ने इजराइल के लिए समर्थन जुटाने और हमास के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के लिए एक बड़ा वैश्विक कूटनीतिक अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ऐसे मुद्दों पर चीन के बयान के इतिहास को देखते हुए हमास के हमले पर उसकी प्रतिक्रिया से हैरान नहीं है। एनएसए ने कहा, हमारा मानना है कि अमेरिका यूरोप में यूक्रेन का समर्थन करने, हिंद-प्रशांत में हमारे सहयोगियों का समर्थन करने और हमारे करीबी सहयोगी इजराइल को इस मुश्किल वक्त में समर्थन करने में समक्ष है। हमारा मानना है कि हमारे पास प्रभावी रूप से ऐसा करने के लिए सभी संसाधन, उपकरण और क्षमताएं हैं।

# दुबई से चार्टर्ड विमान से 21 को पाकिस्तान पहुंचेंगे नवाज शरीफ

**लंदन, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ 21 अक्टूबर को दुबई से चार्टर्ड विमान से पाकिस्तान पहुंचेंगे। एक मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इसके साथ ही नवाज का चार साल से जारी स्वनिर्वासन समाप्त होगा। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, नवाज को लेकर आने वाली उड़ान का नाम उम्मीद-ए-पाकिस्तान होगा, जिसमें लगभग 150 यात्री सवार हो सकते हैं। खबर में कहा गया है, बुकिंग और सभी व्यवस्थाएं हो चुकी हैं। समझा जाता है कि पाकिस्तान के तीन बार के प्रधानमंत्री 73 वर्षीय शरीफ अगले साल जनवरी में होने वाले आम चुनाव में अपनी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का नेतृत्व करेंगे। पीएमएल-एन सदस्यों और पत्रकारों के साथ शरीफ, 21 अक्टूबर को दुबई से पाकिस्तान रवाना होने वाले हैं। विशेष उड़ान दुबई से रवाना होकर इस्लामाबाद उतरेगी जहां शरीफ मीनार-ए-पाकिस्तान में एक सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद उड़ान लाहौर जाएगी। शरीफ बुधवार को उमरा के लिए सऊदी अरब पहुंचेंगे। वह एक हफ्ते सऊदी अरब में रहेंगे और इस दौरान अहम बैठकें करेंगे। वह 18 अक्टूबर को दुबई पहुंचेंगे। शरीफ के साथ उनके करीबी सहयोगी मियां नासिर जंजुआ, वकार अहमद, उनके दोस्त करीम यूसुफ और कुछ अन्य लोग उनके साथ सऊदी अरब जाएंगे।

जियो न्यूज की खबर में कहा गया है कि एमआईडीजेएसी कंपनी के मालिक नासिर जंजुआ ने शरीफ के साथ लंदन में लगभग तीन साल निर्वासन में बिताए और कुछ महीने पहले ही पाकिस्तान लौटे। इस साल की शुरुआत में, संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के पूर्व प्रमुख बशीर मेमन ने खुलासा किया था कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनके तत्कालीन प्रधान सचिव आजम खान ने उन्हें बार-बार, यातना और आतंकवाद रोधी कानूनों सहित हर तरह के तरीकों का इस्तेमाल करने के लिए मजबूर किया, ताकि न्यायाधीश अरशद मलिक वीडियो स्कैंडल में पीएमएल-एन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरियम नवाज के खिलाफ झूठा इकबालिया बयान देने के लिए कारोबारी मियां नासिर जांजुआ को मजबूर किया जा सके।

मेमन ने दावा किया था कि पीएम हाउस में यह योजना बनाई गई थी कि शरीफ के 30 साल पुराने भरोसेमंद दोस्त जंजुआ को मुख्य अपराधी बनाया जाना चाहिए क्योंकि वह एक कारोबारी है और मरियम तथा पीएमएल-एन के वरिष्ठ नेतृत्व के खिलाफ सरकारी गवाह बनने के लिए एक आसान लक्ष्य होगा। इसके बाद जंजुआ पाकिस्तान छोड़कर लंदन चले गए और इमरान खान के सत्ता में रहते तक वापस नहीं लौटे। मंगलवार को पीएमएल-एन के सीनेटर इसहाक डार और इरफान सिद्दीकी ने कहा कि शरीफ बुधवार को सऊदी अरब के लिए रवाना होंगे।

शरीफ की सऊदी अरब में मौजूदगी से जुड़ी अफवाहों का खंडन करते हुए इरफान सिद्दीकी ने पुष्टि की कि पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ अभी भी लंदन में हैं और सऊदी अरब की यात्रा निजी होगी क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री उमरा करेंगे। इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान लौटने पर शरीफ को गिरफ्तार किए जाने की कोई संभावना नहीं है। अदालत से ट्रांजिट जमानत और ऐहतियाती जमानत ली जाएगी। नवाज मानक कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करेंगे। पीएमएल-एन का चुनाव प्रचार अर्थव्यवस्था के इर्द-गिर्द होगा। डार ने कहा, अर्थव्यवस्था की बहाली सबसे अच्छा बदला है। प्राप्य वेतन की घोषणा नहीं करने के कारण उच्चतम न्यायालय द्वारा सार्वजनिक पद संभालने के लिए आजीवन अयोग्य घोषित किए जाने के बाद शरीफ ने 2017 में देश के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। लाहौर उच्च न्यायालय द्वारा उन्हें अपने इलाज के वास्ते विदेश जाने के लिए चार सप्ताह की अनुमति दिए जाने के बाद वह 2019 में लंदन गए और तब वे वहीं रह रहे हैं। वह अल-अजीजिया मिल्स मामले में लाहौर की कोट लखपत जेल में सात साल की कैद की सजा काट रहे थे।

## भारतीय छात्रों के लिए लंदन मिशन ने आयोजित किया स्वागत समारोह

**लंदन।** लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने नए आए भारतीय छात्रों के लिए एक स्वागत कार्यक्रम आयोजन किया और उन्हें ब्रिटेन में जीवन को लेकर जानकारी एवं सलाह दी। लंदन स्थित इंडिया हाउस में मंगलवार शाम इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिमसें सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान अक्षय पात्र परमार्थ संगठन ने छात्रों को नि:शुल्क भोजन कराया। ब्रिटेन के विभिन्न विश्वविद्यालयों से कई छात्र डिजिटल माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़े। ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने अपने संबोधन में कहा, यहां रहना भारत में रहने से बहुत अलग होगा। आप में से कई लोग पहली बार अकेले अपने आप यहां आए हैं। यह एक बड़ा अवसर है लेकिन कुछ हद तक जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण है। युवा भारतीय होने के नाते, आप भारत की यात्रा का भविष्य बनेंगे। अपने देश भारत को भी ध्यान में रखिए, क्योंकि जिस गति से चीजें बदल रही हैं, जिस गति से अवसर पैदा हो रहे हैं, वह अभूतपूर्व है। दोरईस्वामी ने कहा, भारत में ऐसे अवसर पैदा होंगे जिनका आप स्वयं लाभ उठा सकते हैं... हम आपके विश्वविद्यालयों के साथ कई प्रकार के ऐसे तंत्र विकसित करना चाहते हैं, जिनकी मदद से हम युवा ब्रितानी छात्रों को छोटे पाठ्यक्रमों के लिए और शायद आपकी उनके साथ बनी साझेदारियों के तहत भारत ले जाने में सक्षम होंगे। आप भारत-ब्रिटेन साझेदारी उद्यमों के रूप में आने वाले नए स्टार्ट-अप की अगली पीढ़ी का निर्माण कर सकते हैं।

# बिगड़ते वैश्विक सुरक्षा हालात भारत के वसुधैव कुटुंबकम के दर्शन की अहमियत को रेखांकित करते हैं: सहस्रबुद्धे

**संयुक्त राष्ट्र।** भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के अध्यक्ष विनय सहस्रबुद्धे ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ती हिंसा सहित पूरी दुनिया में बिगड़ते सुरक्षा हालात एक विश्व, एक कुटुंब की अवधारणा के ठीक विपरीत हैं और विभेद तथा अविश्वास से युक्त वर्तमान समय में भारत के वसुधैव कुटुंबकम के दर्शन की अहमियत को रेखांकित करते हैं। सहस्रबुद्धे ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में वसुधैव कुटुंबकम विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, यह ऐतिहासिक है कि वसुधैव कुटुंबकम के बारे में उस स्थान पर चर्चा की जा रही है जहां इस पर चर्चा होनी चाहिए। साथ ही वक्त भी ऐसा है कि हमें इस पर चर्चा करने की जरूरत है। वास्तव में संयुक्त राष्ट्र के संगठनात्मक मिशन को स्पष्ट करने का वसुधैव कुटुंबकम से बेहतर कोई तरीका नहीं है।

यह सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन ने आईसीसीआर के साथ मिलकर आयोजित किया था। भारत इस वर्ष जी20 की अध्यक्षता कर रहा है और जी20 की थीम वसुधैव कुटुंबकम है, जो वैश्चिक चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने सम्मेलन की थीम को लेकर भारत की सराहना करते हुए कहा कि एक विश्व, एक कुटुंब की अवधारणा एकजुटता और एकता के सिद्धांतों के साथ बेहतर तरीके से मेल खाती है। फ्रांसिस ने कहा, कुछ हफ्ते पहले तक मुझे नहीं पता था कि जिन चुनौतियों का हम सामना कर रहे हैं वे आने वाले वक्त में और जटिल हो जाएंगी।

उन्होंने फलस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास के शनिवार को इजराइल पर किए गए हमलों के संबंध में कहा, मैंने पश्चिम एशिया में हिंसा में वृद्धि और दोनों पक्षों के निर्दोष नागरिकों के मारे जाने की स्पष्ट रूप से निंदा की है। सहस्रबुद्धे ने अपने संबोधन में कहा कि भारत में राष्ट्रवाद का विचार कभी भी संकीर्ण मानसिकता के बारे में नहीं रहा। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न क्षेत्रों में विकासशील देशों को कई तरीकों से नेतृत्व प्रदान करने का प्रयास कर रहा है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि, राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा कि पवित्र वेदों और उपनिषदों से, वसुधैव कुटुंबकम का दर्शन सहस्राब्दियों से चला आ रहा है। उन्होंने कहा कि यह लोगों को याद दिलाता है कि राष्ट्रीयता, धर्म और संस्कृति अलग होने के बावजूद" हम सब एक ही मानवीय सार-तत्व साझा करते हैं। हमारे भाग्य, हमारे सपने और हमारी चुनौतियां आपस में जुड़ी हुई हैं।

# फलस्तीनी झंडा फहराना वैध गतिविधि नही हो सकतीः ब्रिटेन की गृह मंत्री

**लंदन।** ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने चेतावनी दी है कि सामान्य परिस्थितियों में वैध मानी जाने वाली गतिविधियां तब वैध नहीं हो सकतीं जब उनका मकसद इजराइल में संघर्ष के परिप्रेक्ष्य में आतंकवाद के कृत्य का महिमामंडन करना हो। उन्होंने इसमें ब्रिटेन में फलस्तीनी झंडे लहराने की गतिविधियों को गिनाया। भारतीय मूल की कैबिनेट मंत्री ब्रेवरमैन ने मंगलवार को इंग्लैंड और वेल्स के पुलिस प्रमुखों को लिखे पत्र में आह्वान किया कि प्रतिबंधित आतंकवादी समूह हमास के प्रति समर्थन दर्शाने और ब्रिटिश यहूदियों को सताने या धमकाने के प्रयासों के खिलाफ पूरी शक्ति से कानून का उपयोग किया जाए। यह तब हुआ जब इजराइल के साथ एकजुटता दिखाने के लिए मध्य लंदन में गृह कार्यालय के भवन पर इजराइल का झंडा फहराया गया।

पत्र में कहा गया है, ऐसे समय में जब हमास आतंकवादी नरसंहार कर रहे हैं और सबसे कमजोर लोगों (बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों आदि) को बंधक बना रहे हैं, हम सभी उनके प्रतीकों और झंडों के प्रदर्शन से समुदायों पर पड़ने वाले भयानक प्रभाव का अनुमान लगा सकते हैं। उन्होंने कहा, संदर्भ महत्वपूर्ण है। ऐसे व्यवहार जो कुछ परिस्थितियों में वैध हैं, उदाहरण के लिए, फलस्तीनी ध्वज लहराना, ए तब वैध नहीं हो सकते हैं जब आतंकवाद के कृत्यों का महिमामंडन किया जा रहा हो।

गृह मंत्री ने पुलिस प्रमुखों से कहा है कि इस तरह की गतिविधियों का पता चलने पर त्वरित और उचित कार्वाई की जाए। उनका यह पत्र ऐसे समय में आया है जब उत्तरी इंग्लैंड से ऑनलाइन सामने आए एक वीडियो में एक व्यक्ति को शेफील्ड टाउन हॉल की इमारत पर चढ़ते और इजराइल के झंडे की जगह फलस्तीनी ध्वज लगाते हुए देखा जा सकता है। साउथ यॉर्कशायर पुलिस ने कहा है कि मंगलवार को हुए प्रदर्शन के बाद अभी कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है और जांच जारी है।

कार्यालय उपजिलाधिकारी सदर
गौतमबुद्धनगर
पत्रांक 769/रीडर-एस0डी0एम0/2023
दिनांक 06.10.23

सार्वजनिक सूचना

सागर तुषार शिरवलकर पुत्र तुषार सुधाकर शिरवलकर (उम्र 30 वर्ष) निवासी 10-सी, मलयागिरी अनुशक्ति नगर, मुम्बई एवं स्वाती अग्रवाल पुत्री श्री संजीव अग्रवाल, (उम्र 35 वर्ष) निवासी 1091 एटीएस डोल्से, सेक्टर-जीटा 01, ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्ध नगर के मध्य विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के अन्तर्गत विवाह के सम्बन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में आपको यदि कोई आपत्ति हो तो आप अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय (कक्ष सं0-119) में किसी भी कार्य दिवस में अपनी लिखित आपत्ति 15 दिन के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं

हस्ता/-
उपजिलाधिकारी सदर
विशेष विवाह अधिकारी गौतमबुद्ध नगर।

# जेलेंस्की ने नाटो से अधिक सैन्य सहायता का अनुरोध किया

**ब्रसेल्स।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पहली बार बुधवार को अधिक सैन्य सहायता की व्यक्तिगत वकालत के लिए दुनियाभर के 50 से अधिक देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल हुए। अमेरिका में यूक्रेन के प्रति राजनीतिक समर्थन में आई कमी और हमास के साथ युद्ध में इजरायल को मजबूती देने के लिए सहयोगियों पर हथियार भेजने के लिए नए दबाव के बीच जेलेंस्की ने इस बैठक में हिस्सा लिया। उनकी उपस्थिति ने रूसी आक्रमण के खिलाफ युद्ध में कीव के प्रति अंतरराष्ट्रीय समर्थन में आई दरार के प्रति बढ़ती चिंताओं को रेखांकित किया।

जेलेंस्की ने बैठक में कहा, अगला सोमवार रूसी आक्रमण के खिलाफ हमारे प्रतिरोध का 600वां दिन होगा। और आज कोई यह निश्चित रूप से नहीं कह सकता कि अभी कितने दिन तक हमें अपनी आजादी और अपनी पहचान की रक्षा करनी होगी। उन्होंने बैठक की शुरुआत करते हुए कहा, हम कई चीजें पहले ही कह सकते हैं जो मेरी नजर में महत्वपूर्ण हैं। पहली बात कि पुतिन यूक्रेन को हासिल नहीं कर पाएंगे। दूसरी बात, रूस हथियारों की नई होड़ को नहीं सह सकता और तीसरी बात यह कि लोकतंत्र यह जंग जीत सकता है। अमेरिका द्वारा आयोजित यूक्रेन रक्षा संपर्क समूह की बैठक तब हो रही है जब यूक्रेन अपने सैनिकों को खराब मौसम आने से पहले रूसी सेना से जमीन हासिल करने में मदद करने के लिए और अधिक हथियारों की मांग कर रहा है। लेकिन अमेरिकी संसद (कांग्रेस) में राजनीतिक गहमागहमी ने यूक्रेन के लिए नए वित्त पोषण की मंजूरी को रोक दिया। इसके अलावा कुछ अमेरिकी सांसदों के बीच खर्च में किसी भी तरह की वृद्धि को लेकर विरोध बढ़ रहा है।

# दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मंदिर अक्षरधाम का उद्घाटन

**रॉबिन्सविले।** दुनिया में दूसरे सबसे बड़े और पश्चिमी गोलार्द्ध में सबसे बड़े हिंदू मंदिर का अमेरिका के न्यू जर्सी शहर में उद्घाटन किया गया है। न्यूयॉर्क सिटी से 99 किलोमीटर दक्षिण में न्यू जर्सी की रॉबिन्सविले सिटी में 185 एकड़ भूभाग में स्थित यह अक्षरधाम मंदिर 191 फुट ऊंचा है। बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण (बीएपीएस) के नेता महंत स्वामी महाराज की मौजूदगी में आठ अक्टूबर को इस मंदिर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में हजारों लोग शामिल हुए। महंत स्वामी महाराज ने कहा, उत्तर अमेरिका में ऐसे अक्षरधाम मंदिर का निर्माण करना प्रमुख स्वामी महाराज की दिव्य इच्छा थी जहां सभी जाति, नस्ल या धर्म के लोग आ सकते हैं।

उद्घाटन समारोह में डेलावेयर के गवर्नर जॉन कार्नी और कांग्रेस सदस्य स्टेनी होयर भी शामिल हुए। बीएपीएस के वरिष्ठ नेता और प्रेरक वक्ता ज्ञानवत्सलदास स्वामी ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह इस ग्रह पर दूसरा सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है और जाहिर तौर पर पश्चिम गोलार्द्ध में यह सबसे बड़ा मंदिर है जिसका आठ अक्टूबर को महंत स्वामी महाराज के 90वें जन्मदिन पर उद्घाटन किया गया। यह इस समाज और मानवता को समर्पित है।

मंदिर बनाने का मूल उद्देश्य लोगों को मूल्यों के साथ प्रेरित करना है। भारतीय ग्रंथों के अनुसार एकांतिक धर्म के चार स्तंभ - धर्म, ज्ञान, वैराग्य और भक्ति को भगवान स्वामीनारायण ने अच्छी तरह से स्पष्ट किया है। इसलिए यह भारतीय संस्कृति और परंपरा को समर्पित एक स्मारक है। यह भगवान स्वामीनारायण के जीवन और शिक्षाओं को समर्पित एक स्मारक है। मंदिर में लगाए गए पत्थरों पर रामायण और महाभारत की कहानी को उकेरा गया है। मंदिर के स्तंभों और दीवार पर 150 से अधिक भारतीय वाद्ययंत्र और सभी प्रमुख नृत्य कलाएं हैं। अबू धाबी में निर्माणाधीन अक्षरधाम मंदिर के प्रभारी ब्रह्मविहारीदास स्वामी ने कहा, कला को संरक्षित करने का सबसे अच्छा तरीका उसका पुनर्जन्म है। बीएपीएस अपने तरीके से प्राचीन कला को पुनर्जीवित करने में सक्षम है। हजारों कलाकारों ने एक बार फिर काम शुरू कर दिया है और उनकी कला को महत्व दिया जा रहा है ताकि उसे आने वाली पीढ़ी के लिए संरक्षित किया जाए। कोलंबिया विश्वविद्यालय में धर्म और मीडिया के एक शोधार्थी और अक्षरधाम मंदिर के स्वयंसेवी प्रवक्ता योगी त्रिवेदी ने बताया कि इस मंदिर के निर्माण में लगे पत्थरों को बुल्गारिया, इटली, यूनान, तुर्किए और भारत समेत सात देशों से मंगाया गया। त्रिवेदी ने कहा कि अगर कोई अक्षरधाम मंदिर में आएगा तो उसे सामने ब्रह्मकुंड या बावड़ी दिखेगी जिसमें दुनियाभर की 400 अलग-अलग नदियों और झीलों का पानी है। इसमें भारत की गंगा और यमुना नदी का भी पानी है। उन्होंने कहा, इसमें समावेशिता की भावना है जो दर्शन तथा पूजा करने के लिए आने वाले हर व्यक्ति को महसूस होती है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, MOHD ASHRAF ALI House No 104 Ram Nagar, Sai Upwan Society, Yusufpur Chak Sabari, G B Nagar have change my Name to Ashraf Ali for all future purposes for all future purposes

PD(175)A

PUBLIC NOTICE

In pursuance to rule 19(2) of DCS rules, 2007, it is to inform publicly that following members of Padmini CGHS Ltd. (Regd. No. 1282) have resigned from the membership of the society i.e. 1) Sh. Avtar Singh (M.No. 136), 2) Sh. Prem Kumar Jain (M.No.17), 3) Sh. Krishan Lal (M.No. 68), 4) Sh. Santosh Gupta (M.No.98) and 5) Sh. V.K. Johar (M.No.203). Further they have been refunded their deposited amount. if anyone have any objections he/she may file his/her objection in the office of the RCS, Parliament Street, New Delhi or at society office i.e. 216, Vardhman Star City Mall, Sector-7, Dwarka, New Delhi-110075 within 7 day from the date of publication of the public notice.

President,
Padmini CGHS Ltd.

PUBLIC NOTICE

To, be known to all that my client, **SHRI SURINDER MALIK S/O SHRI INDER KISHAN MALIK R/O FLAT NO.117-C, SECOND FLOOR, POCKET-JG-III, VIKAS PURI, NEW DELHI-110018, is the owner of DDA JANTA FLAT NO.117-C, SECOND FLOOR, POCKET-JG-III, SITUATED AT VIKAS PURI, NEW DELHI-110018**. The original documents i.e. **Original DEMAND LETTER** of the above said property have been lost or misplaced by my client and is not traceable inspite of his best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi **(LR No.999822/2023 dated 10.10.2023)**. Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with **above named** person at above Address/Phone No. within **15 days** from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (LAB Housing) Janta or Director (Housing), Vikas Sadan, New Delhi.

Naveen Aggarwal (Advocate)
Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

PUBLIC NOTICE

It is to inform to the public at large that Mrs. Sunita Choudhary W/o Late. Mr. Ravinder Kumar who is owner of the First Floor, Without Roof Rights, Area Measuring 60 Sq. Yards Built On Property Bearing No. A-126/A, Out Of Khasra No. 75/19, Situated In The Revenue Estate Of Village Hastsal, Delhi Area Abadi Known As Colony Known As Uttam Nagar, New Delhi vide Relinquishment Deed dated 24.05.2018-SRO-Delhi, Purchased by Mr. Shane Mohammad And same to be finance & mortgage by Muthoot Homefin (India) Ltd. (MHIL) That the Surviving Member Certificate (SMC) of Late Mr. Ravinder Kumar S/o Late Mr. Rohtash Singh is Lost/Misplaced/Not available. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim /right/title/interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

Lucem Legal LLP
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2 Noida, UP-201301, Contact # 0120-4269379

PUBLIC NOTICE

It is to inform to the public at large that **Mrs. Rukshana Khatun W/o Mohd. Kadir** who is purchasing the Plot Bearing no. 43-A, area measuring 32 Sq.yds., out of Khasra no. 8/13, situated in the area of Village Hastsal, Delhi State Delhi, abadi colony known as Shiv Vihar, Uttam Nagar, New Delhi-110059; from **Mr. Satish Kumar** S/o Mr. Bhagwan Yadav, who is owner/attorney holder of the aforesaid property vide Notarized General Power of Attorney, Agreement to sell & (unnotarized) WILL dated 04.07.2023, which is executed by Mr. Santosh Kumar Prajapati S/o Mr. Ram Fakire Prajapati; and same to be finance & mortgage by **Shubham Housing Development Finance Co. Limited**. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07** days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

Lucem Legal LLP
Plot No.136, (Basement) Uday Park, New Delhi-110049, Contact # 011-40046316

# प्राचीन ज्ञान खोजना विद्वानों का कर्तव्य: राष्ट्रपति मुर्मू

**भाषा।** श्रीनगर



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि देश में प्राचीन, मूल रूप से विकसित ज्ञान खोजना विद्वानों का दायित्व है। कश्मीर विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान प्रणाली पर केंद्रित है। उन्होंने कहा, नई शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान प्रणाली पर केंद्रित है। झेलम नदी के किनारे बसे शहर को बचाने के लिए ।,200 साल पहले किए गए काम को आज हाइड्रोलिक इंजीनियरिंग के रूप में जाना जाता है। प्राचीन भारत में ऐसे कई उदाहरण हैं। मूल रूप से विकसित ज्ञान की खोज करना, आज विद्वानों का दायित्व है। केंद्र शासित प्रदेश के पहले दौरे पर आईं राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने भाषण की शुरुआत ई मौज काशीर (ओ मां कश्मीर) से की, जिस पर वहां मौजूद लोगों ने तालियां बजाईं।

उन्होंने कहा कि कश्मीर विश्वविद्यालय पर हजरतबल दरगाह का करम है। यह विश्वविद्यालय दरगाह के समीप स्थित है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय में छात्राओं की संख्या 55 प्रतिशत होने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि कश्मीर विश्वविद्यालय में 55 प्रतिशत छात्राएं हैं। यहां स्वर्ण व अन्य पदक विजेताओं में 65 प्रतिशत छात्राएं हैं। मैंने पाया कि सम्मानित किए गए 21 विद्यार्थियों में 17 लड़कियां हैं। दीक्षांत समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्वारा 21 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिए गए।

राष्ट्रपति ने कहा, शिक्षित लड़कियां हमारे समाज का चेहरा और भविष्य हैं। हमारी महिलाएं और लड़कियां अपनी योग्यता साबित कर रही हैं और महिला आरक्षण विधेयक 2023 के बाद, वे भविष्य में राष्ट्र के नेतृत्व में एक बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यह विधेयक महिला नेतृत्व वाले विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम होगा।

राष्ट्रपति ने कहा, यह मेरा विश्वास है कि महिलाएं विकास के क्रम को आगे बढ़ाएंगी। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि जिस तरीके से भारत ने जी20 का नेतृत्व किया है, उसकी दुनियाभर में प्रशंसा की गई है। घाटी के श्रद्धेय सूफी संत शेख नूर-उद-दीन-वली के एक कश्मीरी मुहावरे अन्न पोशी तेली एली वन पोशी (इसका मतलब है कि जब तक वन रहेंगे तब तक अन्न रहेगा) का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि सतत विकास कश्मीर की विरासत का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि सही कहा गया है कि अगर धरती पर कहीं स्वर्ग है तो वह यहां है। उन्होंने कहा कि इसे बचाने की जिम्मेदारी युवाओं पर है। कश्मीर विश्वविद्यालय के प्रतीक चिह्न के संदर्भ में राष्ट्रपति ने कहा कि इसमें उपनिषद के तीन शब्द और कुरान की आयत का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि दोनों ही अंधकार से प्रकाश की ओर जाने की बात करते हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि कश्मीर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों ने राष्ट्र की सेवा करके संस्थान को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा, ऐसे पूर्व छात्रों की सूची बहुत लंबी है और सभी नाम लेना संभव नहीं है। हाल में, गुलाम नबी आजाद को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था, जबकि प्रोफेसर चमन लाल सप्रू और प्रोफेसर ए.एन. पंडित को भी पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि इस विश्वविद्यालय के तीन एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) स्वयंसेवक छात्रों ने गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लिया। मैं तीनों की प्रशंसा करती हूं। मैंने उनमें से एक – किफायतुल्ला मलिक को 29 सितंबर को राष्ट्रपति पुरस्कार दिया। इससे पहले, राष्ट्रपति ने यहां सेना मुख्यालय पहुंचकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।



रोहतक में श्री चांदनाथ योगी जी की मूर्ति अनावरण समारोह में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह महंत

## राजद नेता व सांसद अहमद अशफाक से जुड़े परिसरों पर आयकर विभाग के छापे

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में कई स्थानों पर आयकर विभाग के अधिकारियों ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता एवं राज्यसभा सदस्य अहमद अशफाक करीम से जुड़े परिसरों पर बुधवार को छापेमारी की। सांसद बिहार के कटिहार स्थित अल करीम विश्वविद्यालय के मुख्य न्यासी और संस्थापक कुलाधिपति हैं। छापेमारी को लेकर अधिकारियों ने कोई बयान नहीं दिया है। जांच एजेंसी ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों से जुड़े नौकरी के बदले जमीन घोटाले के सिलसिले में करीम से जुड़े परिसरों पर छापे मारे थे।

विभाग के एक बयान में कहा गया है, पटना निदेशालय ने अल करीम शैक्षणिक न्यास में छापेमारी की कार्वाई शुरू की। यह न्यास अल करीम विश्वविद्यालय और कटिहार मेडिकल कॉलेज चलाता है और इसका प्रबंधन करता है। न्यास का मुख्य कार्यालय पटना में है। यह न्यास पैरामेडिकल और संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान का एक स्कूल और सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन स्कूल भी संचालित करता है। इसके मुख्य न्यासी अहमद अशफाक करीम हैं, जो अल करीम विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति और राज्यसभा के मौजूदा सदस्य भी हैं। बयान में कहा गया, (आयकर विभाग के) दल उनके कार्यालय के रिकॉर्ड और कंप्यूटर खंगाल रहे हैं। अभी कोई जानकारी देना जल्दबाजी होगी। बिहार, झारखंड और दिल्ली के आयकर अधिकारियोंकर्मचारियों के दलों को शामिल किया गया है और केंद्रीय अर्धसैनिक बल द्वारा सुरक्षा मुहैया कराई गई है। आयकर विभाग की इस कार्वाई को लेकर करीम से संपर्क करने की कई बार कोशिश की, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई। आयकर अधिकारियों ने इसके अलावा पूर्णिया, मुजफ्फरपुर और भागलपुर में मिलिया शैक्षणिक न्यास से जुड़े कई परिसरों पर भी छापे मारें। इस न्यास का मुख्यालय पूर्णिया में है।

## कॉलेजियम ने उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश के रूप में 13 नाम सुझाए

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधान** न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए 13 न्यायिक अधिकारियों के नामों की सिफारिश की है। कॉलेजियम में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना भी शामिल हैं। इसने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए न्यायिक अधिकारियों-शालिंदर कौर और रविंदर डुडेजा के नाम की सिफारिश की। कॉलेजियम ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने अपने दो वरिष्ठतम सहयोगियों के परामर्श से 30 मई को न्यायिक अधिकारियों को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की थी।

कॉलेजियम ने कहा कि विविधता और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए पीठ में महिलाओं के लिए अधिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की जरूरत है। इसने कहा कि वह इस तथ्य से अवगत है कि कौर 30 सितंबर, 2023 को दिल्ली उच्च न्यायिक सेवा से सेवानिवृत्त हुई हैं। इसने कहा, इसके बावजूद, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि अधिकारी का एक अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड है और उनके पास योग्यता एवं सत्यनिष्ठा दोनों हैं, कॉलेजियम का विचार है कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए उपयुक्त हैं।

दिल्ली उच्च न्यायिक सेवा अधिकारी के लिए सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष है जबकि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के लिए यह 62 वर्ष है। कॉलेजियम ने डुडेजा के संबंध में कहा कि निर्णय मूल्यांकन समिति ने अधिकारी द्वारा लिखे गए निर्णयों को ए रेटिंग दी है। इसने कहा, फाइल में सरकार द्वारा किए गए मूल्यांकन में अधिकारी की सत्यनिष्ठा या प्रतिष्ठा के प्रतिकूल कोई टिप्पणी नहीं है। न्यायिक सेवा में अधिकारी के लंबे अनुभव, योग्यता और निष्ठा को ध्यान में रखते हुए, कॉलेजियम का मानना है कि अधिकारी दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए उपयुक्त हैं। कॉलेजियम ने कहा, उपरोक्त प्रस्तावों पर विचार करते समय, हमने इस तथ्य पर भी ध्यान दिया है कि उपरोक्त प्रस्ताव में एक वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी की सिफारिश शामिल नहीं है। उनके नाम की अनुशंसा न करने के लिए उच्च न्यायालय के कॉलेजियम द्वारा ठोस कारण दिए गए हैं। इसलिए, हम उनके नाम की सिफारिश नहीं करने के लिए उच्च न्यायालय के कॉलेजियम से सहमत हैं।

वहीं, एक अन्य फैसले में, कॉलेजियम ने केरल उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए पांच न्यायिक अधिकारियों के नामों की सिफारिश की। इनमें एम. बी. स्नेहलता, जॉनसन जॉन, जी. गिरीश, सी. प्रतीपकुमार और पी. कृष्णा कुमार शामिल हैं। इसने बंबई उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में पदोन्नति के लिए तीन न्यायिक अधिकारियों – अभय जयनारायणजी मंत्री, श्याम छगनलाल चांडक और नीरज प्रदीप धोटे के नाम की भी सिफारिश की।

उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने न्यायिक अधिकारी विमल कन्हैयालाल व्यास को गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की और न्यायिक अधिकारियों-बिस्वजीत पालित तथा सब्यसाची दत्ता पुरकायस्थ को त्रिपुरा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की। इसने अधिवक्ता रवींद्र कुमार अग्रवाल की नियुक्ति पर केंद्र द्वारा उठाई गई आपत्तियों को खारिज करते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की। कॉलेजियम ने एक अन्य निर्णय में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में चार अधिवक्ताओं- हरिनाथ नुनेपल्ली, किरणमई मंडावा, सुमति जगदम और एन. विजय के नामों की सिफारिश की।

## क्विक न्यूज

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्वायत्त संस्था मेरा युवा भारत के गठन को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को स्वायत्त इकाई मेरा युवा भारत (माई भारत) की स्थापना को मंजूरी दे दी जो युवाओं के विकास और युवा नीत विकास के लिए प्रौद्योगिकी आधारित प्रणाली के रूप में काम करेगी। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी दी। यह संस्था युवाओं को उनकी आकांक्षाओं को साकार करने और एक विकसित भारत के निर्माण के लिए संपूर्ण सरकार मे समान स्तर पर पहुंच प्रदान करेगी। ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता मे केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए फैसलो के बारे मे संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि मेरा युवा भारत का प्राथमिक उद्देश्य इसे युवाओं के विकास के लिए पूरी सरकार का मंच बनाना है। इस इकाई को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा। ठाकुर ने कहा कि नई व्यवस्था के तहत युवा, संसाधनो तक पहुंच और अवसरो से जुड़ाव के साथ, परिवर्तन के दूत और राष्ट्र निर्माता बन जाएंगे और सरकार तथा नागरिको के बीच सेतु के रूप में कार्य कर सकेंगे। मंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओ की अपार ऊर्जा का उपयोग करना है, इससे अमृत काल के दौरान कर्तव्य बोध और सेवा बोध के माध्यम से युवाओं के नेतृत्व वाले विकास को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह मंच राष्ट्रीय युवा नीति मे युवा की परिभाषा के अनुरूप 15-29 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं को लाभान्वित करेगा और विभिन्न सरकारी पहलो मे उनकी स्वैच्छिक भागीदारी मे मदद करेगा।

### बजरंग दल कार्यकर्ताओं पर पथराव के आरोप में तीन गिरफ्तार

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग मे बजरंग दल के कार्यकर्ताओ पर पथराव के आरोप मे तीन लोगो को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पथराव की इस घटना मे बजरंग दल के कम से कम 10 कार्यकर्ता घायल हो गए थे। उसने कहा कि इस मामले मे 271 लोगो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। हजारीबाग ग्रामीण के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) राजीव कुमार ने बताया कि मामले मे हजारीबाग नगर निगम के एक वार्ड आयुक्त सहित तीन लोगो को गिरफ्तार किया गया है। उन्होने बताया कि पेलावल और कटकमसंडी थानों की छापेमारी में तीनो आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। पथराव की घटना आठ अक्टूबर की रात पेलावल इलाके मे उस समय हुई जब बजरंग दल के कार्यकर्ता रांची मे आयोजित एक कार्यक्रम से लौट रहे थे। हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक मनोज रत्न छोटे ने बताया कि घटना उस समय हुई जब बस एक मस्जिद के नजदीक रुकी और बजरंग दल के कार्याकर्ताओ ने कथित तौर पर जय श्री राम और कुछ आपत्तिजनक नारे लगाए। उन्होने बताया कि इसके बाद भीड़ ने कथित तौर पर बस को निशाना बनाते हुए पथराव शुरू कर दिया जिसमे बजरंग दल के कम से कम 10 कार्यकर्ता घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि एक घायल कार्यकर्ता को इलाज के लिए रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया है। विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल ने अयोध्या में अगले साल जनवरी मे राम मंदिर के उद्घाटन से पहले के अनुष्ठानो मे लोगो को आमंत्रित करने के लिए रविवार को रांची मे चार शौर्य जागरण यात्रा निकाली थी।

### एनआईए अदालत ने आतंकवादी लखबीर सिंह की पंजाब के मोगा स्थित भूमि को जब्त करने का आदेश दिया

**नई दिल्ली।** पंजाब मे मोहाली की एकएनआईए अदालत ने घोषित आतंकवादी व पाकिस्तान मे रह रहे खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट केस्वयंभू सरगना लखबीर सिंह उर्फ रोडे की राज्य केमोगा जिले मे स्थित ज़मीन को जब्त करने का निर्देश दिया है। अदालत ने गैर कानून गतिविधि रोकथाम (यूएपीए) कानून 1967 की धारा 33(5) केतहत कोठे गुरुपुरा (रोडे) गांव मे स्थित सिंह की भूमि को जब्त करने का आदेश दिया है। इस धारा केतहत न्यायाधीश गंभीर अपराधो मे शामिल भगोड़े अपराधियो की चल और अचल संपत्ति को जब्त करने का आदेश दे सकते है। इसने यह आदेश राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा एकजनवरी 2021 को यूएपीए, भारतीय दंड संहिता और मादकपदार्थ संबंधी एनडीपीएस कानून के तहत दर्ज किए गए एक मामले मे दिया है। लखबीर सिंह जरनैल सिंह भिंडरावाले का भतीजा है। 15 सितंबर 2021 को फ़ज़िलिका जिले केजलालाबाद शहर मे हुए टिफिन बम विस्फोट मामले मे संलिप्तता को लेकर पंजाब पुलिस ने शुरूमे उसकेखिलाफमामला दर्ज किया था। लखबीर सिंह ने पूरी साजिश रची। वह प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन इंटरनेशनल सिख यूथ फोरम का स्वयंभू सरगना भी है। छानबीन से संकेत मिला है कि वह पाकिस्तान मे बैठे अपने आकाओ केसाथ मिलकर काम कर रहा है और उसने आतंकवादी हमले करने व पंजाब केलोगो मे डर बैठने केलिए हथियार, गोला बारूद, टिफिन बम, ग्रेनेड, विस्फोटककेसाथ-साथ मादकपदार्थ भेजने मे भी अहम भूमिका निभाई है। उसकी मंशा बम विस्फोट कर लोगो मे डर पैदा करने की है। लखबीर सिंह यूएपीए केतहत घोषित आतंकवादी है। वह 1996-97 में पाकिस्तान भाग गया था। एनआईए 2021 से 2023 केबीच आतंकवादी की गतिविधियो मे उसकी सक्रिया भूमिका से जुड़े छह मामलो की जांच कर रही है।वह कानून प्रवर्तको पर हमले, आईईडी और बम विस्फोट करने, अल्पसंख्यकसमुदाय केसदस्यों की लक्षित हत्या करने, उगाही करने, आतंकवादी गतिविधियो के लिए धन जुटाने और लोगो मे डर पैदा करने से जुड़े मामलो मे आरोपी है।

## मिजोरम विधानसभा अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा भाजपा में होंगे शामिल

**आइजोल।** मिजोरम विधानसभा के अध्यक्ष और मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के नेता लालरिनलियाना सेलो ने बुधवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया और कहा कि वह राज्य में विकास की शुरुआत करने के लिए भाजपा में शामिल होंगे। 2018 के विधानसभा चुनाव में चाल्फिल सीट जीतने वाले सेलो को अगले माह नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए एमएनएफ ने टिकट देने से इनकार कर दिया था। पार्टी सूत्रों ने बताया कि उन्हें बृहस्पतिवार को भाजपा में शामिल किए जाने की संभावना है। सेलो ने विधानसभा उपाध्यक्ष एच लालबियाकज़ौवा को अपना इस्तीफा सौंपने के बाद संवाददाताओं से कहा, मिजोरम की वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं है... मैं अपने राज्य के विकास के लिए भाजपा में शामिल होऊंगा। मिजोरम की 40 सदस्ईय विधानसभा के लिए चुनाव सात नवंबर को एक ही चरण में होंगे जबकि मतगणना तीन दिसंबर को होगी।

## छापेमारी के दौरान व्यक्ति ने छह घंटे तक नही खोला घर का दरवाजा, इंतजार करते रहे एनआईए अधिकारी

**मुंबई।** प्रतिबंधित संगठन पीएफआई से संबंधित एक मामले में छापेमारी कर रही एनआईए की टीम को बुधवार को उपनगरीय विक्रोली में एक व्यक्ति के आवास के बाहर छह घंटे तक इंतजार करना पड़ा क्योंकि उसने घर का दरवाजा नहीं खोला। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह व्यक्ति ग्यारह जुलाई 2006 को मुंबई में विभिन्न लोकल ट्रेन में हुए विस्फोटों के मामले में भी आरोपी रहा था। हालांकि, अदालत ने उसे बरी कर दिया था। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की यह कार्वाई पिछले साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार दौरे के दौरान व्यवधान पैदा करने के मामले में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ छह राज्यों में कई स्थानों पर की गई छापेमारी का हिस्सा थी।

उन्होंने कहा, एनआईए की एक टीम मुंबई पुलिस के साथ सुबह करीब पांच बजे विक्रोली के पार्कसाइट में एक चॉल में स्थित अब्दुल वाहिद शेख के आवास पर पहुंची, जो पहले 7I11 मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में आरोपी था। लेकिन, शेख ने छह घंटे से अधिक समय तक दरवाजा नहीं खोला और अधिकारी बाहर इंतजार करते रहे। अधिकारी ने कहा कि घर के अंदर से शेख ने एनआईए से तलाशी वारंट की मांग की। उन्होंने कहा कि शेख ने अपने वकील और कुछ स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं के मौके पर पहुंचने के बाद पूर्वाह्न करीब 11:15 बजे दरवाजा खोला।

अधिकारी ने कहा, तब एनआईए की टीम उसके आवास में दाखिल हुई और पीएफआई से संबंधित मामले में पूछताछ शुरू की। उन्होंने बताया कि शेख के आवास के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। केंद्रीय एजेंसी ने शेख के घर पर पांच घंटे से अधिक समय तक तलाशी अभियान चलाया। शेख ने पहले व्हाट्सऐप पर एक वीडियो संदेश पोस्ट किया था, जिसमें कहा गया कि पुलिस और कुछ लोग सुबह पांच बजे से उसके घर के बाहर एकत्र हैं।

उसने दावा किया, वे मेरे घर में घुसना चाहते हैं, उन्होंने एक दरवाजा भी तोड़ दिया और मेरे घर का सीसीटीवी कैमरा भी क्षतिग्रस्त कर दिया। वे मुझे मामले या किसी प्राथमिकी से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिखा रहे हैं। तलाशी अभियान और पूछताछ के बाद एनआईए की टीम शाम करीब साढ़े चार बजे शेख के आवास से निकली। इसके बाद, शेख ने घर के बाहर पत्रकारों से कहा, मैंने अभियान के दौरान एनआईए टीम के साथ सहयोग किया। मेरा पीएफआई से कोई संबंध नहीं है और एनआईए टीम को मेरे आवास से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। शेख ने कहा, एनआईए मुझे झूठे मामले में न फंसाए, इसलिए मैंने अपने वकीलों को बुलाया और उन्होंने मुझसे जो भी करने को कहा, मैंने वह किया... मैं सावधानी बरत रहा हूं ताकि मुझे झूठे मामले में न फंसाया जाए, जैसा कि पहले हुआ था।

## राहुल गांधी झूठ की दुकान चला रहे हैं: शिवराज चौहान

**भाषा।** भोपाल

**मध्य प्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान की बात करते हैं, लेकिन असल में वह झूठ की दुकान चला रहे हैं। चौहान ने एक बयान में कहा कि राहुल गांधी ने चुनावी राज्य में एक सभा को संबोधित करते हुए केवल झूठ बोला। इससे पहले दिन में, कांग्रेस सांसद ने मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के ब्यौहारी में एक रैली को संबोधित किया।

चौहान ने कहा, राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान की बात करते हैं लेकिन असल में वह झूठ की दुकान चलाते हैं और उन्होंने रैली में भी झूठ बोला। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभा में राहुल गांधी वास्तव में छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस सरकारों के काले कारनामों को गिना रहे थे क्योंकि पिछले लगभग दो दशकों में भाजपा सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों और विकास कार्यों के कारण मध्य प्रदेश में समाज का हर वर्ग खुश है।

चौहान ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने अपने 15 महीने के शासन के दौरान बैगा, भारिया और सहरिया जनजातियों की प्रत्एक महिला को एक हजार रुपए का आहार अनुदान बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद गांधी आदिवासियों के विकास की बात कर रहे हैं। चौहान ने कहा कि गांधी को जवाब देना चाहिए कि कांग्रेस ने आदिवासी महिलाओं के अधिकार क्यों छीने। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने युवाओं को चार हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देने का भी फर्जी वादा किया था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अपने झूठ के लिए माफी मांगनी चाहिए।

## सीबीआई ने न्यूजक्लिक, पुरकायस्थ के खिलाफ एफसीआरए उल्लंघन के लिए प्राथमिकी दर्ज की

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम के कथित उल्लंघन के लिए न्यूजक्लिक और उसके संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ बुधवार को एक प्राथमिकी दर्ज की। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। प्राथमिकी में एजेंसी ने कंपनी पीपीके न्यूजक्लिक स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड, पुरकायस्थ, वर्ल्डवाइड मीडिया होल्डिंग्स के एकमात्र प्रबंधक जेसन फेचर और एक आईटी कंसल्टेंसी कंपनी संचालित करने वाले अमेरिकी करोड़पति नेविल रॉय सिंघम के अलावा अन्य अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया है।

एजेंसी के अधिकारियों की एक टीम ने न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ के आवास और कार्यालय पर छापे मारे, जिन्हें दिल्ली पुलिस ने एक मामले में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत हाल ही में गिरफ्तार किया था। समाचार पोर्टल ने कहा कि वह प्राधिकारियों के साथ सहयोग कर रहा है। उसने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, सीबीआई वर्तमान में न्यूजक्लिक कार्यालय और हमारे प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ के आवास पर छापेमारी और जब्ती अभियान चला रही है। यह पांचवीं एजेंसी है जो हमारे खिलाफ जांच कर रही है। हम अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहे हैं।

निजी कंपनी (न्यूजक्लिक) ने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के उल्लंघन में बिना स्पष्टीकरण वाले विदेशी निर्यात वित्तपोषण के तौर पर लगभग 28.46 करोड़ रुपए चार विदेशी संस्थाओं से प्राप्त हुए थे। उन्होंने कहा कि आरोप है कि लगभग 9.59 करोड़ रुपए का विदेशी धन की बिना स्पष्टीकरण वाली एक प्राप्ति है जिसे गलत तरीके से एफडीआई के रूप में उल्लेखित किया गया है। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि पुरकायस्थ, उनके करीबी सहयोगियों ने एफसीआरए, 2010 के प्रावधानों का कथित तौर पर उल्लंघन किया।

प्रवक्ता ने कहा, यह भी आरोप लगाया गया कि एफसीआरए, 2010 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया जो किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से दृश्य-श्रव्य समाचार या समसामयिक मामलों के कार्यक्रम बनाने और प्रसारण में संलग्न कंपनी और किसी भी संवाददाता या स्तंभकार या लेखक या ऐसी कंपनी के मालिकों द्वारा विदेशी योगदान स्वीकार करने पर रोक लगाते हैं। दिल्ली पुलिस ने समाचार पोर्टल के खिलाफ अपने मामले में आरोप लगाया है कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के तथाकथित प्रचार विभाग के एक सक्रिय सदस्य नेविल रॉय सिंघम द्वारा धोखाधड़ी से वित्तपोषण किया गया। पोर्टल ने आरोपों का खंडन किया है।

## अभिषेक बनर्जी की पत्नी से सात घंटे से अधिक समय तक पूछताछ, कई स्थानों पर छापेमारी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौकरी के बदले नकदी घोटाले में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा से बुधवार को सात घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। साल्ट लेक इलाके में केंद्र सरकार कार्यालय परिसर में स्थित निदेशालय के कार्यालय में पूर्वाह्न करीब 11 बजे पूछताछ शुरू की गई जो शाम छह बजे के बाद भी जारी रही। रुजिरा पूर्वाह्न 11 बजे से थोड़ा पहले ईडी के कार्यालय में दाखिल हुईं। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी सुबह से ही कार्यालय के बाहर तैनात हैं। ईडी अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम नौकरी घोटाले संबंधी अपने निष्कर्षों के आधार पर उनसे पूछताछ कर रहे हैं। हम उनसे कथित घोटाले में शामिल दो कंपनियों के निदेशकों की विशिष्ट भूमिकाओं को लेकर पूछताछ कर रहे हैं।

## अब्दुल्ला आजम खान को नहीं मिली अंतरिम राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता आजम खान के बेटे मोहम्मद अब्दुल्ला आजम खान को एक आपराधिक मामले में बुधवार को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। अब्दुल्ला ने अनुरोध किया था कि उत्तर प्रदेश की निचली अदालत को उनके खिलाफ लंबित आपराधिक मामले में अंतिम आदेश पारित नहीं करने का निर्देश दिया जाए जब तक कि उनके किशोर होने का दावा सुनिश्चित नहीं हो जाता। शीर्ष अदालत ने 26 सितंबर को मुरादाबाद जिला न्यायाधीश को किशोर न्याय अधिनियम के तहत प्रक्रिया के अनुसार घटना के समय अब्दुल्ला आजम खान की किशोरावस्था के पहलू पर फैसला करने और निष्कर्ष को आगे के विचार के लिए भेजने का निर्देश दिया था।

इस आदेश का हवाला देते हुए अब्दुल्ला आजम खान की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बुधवार को न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ से कहा कि जब तक किशोरावस्था के संबंध में रिपोर्ट दाखिल नहीं हो जाती, तब तक निचली अदालत को आपराधिक मामला और आरोपी को दोषी ठहराने के संबंध में लंबित मामले पर आगे नहीं बढ़ने के लिए निर्देश दिया जाना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, अगर निचली अदालत अंतिम आदेश पारित नहीं करती है तो आसमान नहीं गिरने वाला है, कभी-कभी कानून न्याय के रास्ते में खड़ा होता है। यह उस तरह का मामला है। अदालत ने राहत देने के प्रति अनिच्छा जाहिर करते हुए कहा, हमें इस चरण में अंतरिम आदेश देने का कोई कारण नहीं मिलता है। पहले के आदेश के अनुसार, किशोरावस्था के संबंध में रिपोर्ट दाखिल होने के बाद मुख्य मामला सूचीबद्ध होगा। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने मुरादाबाद जिला अदालत से अब्दुल्ला आजम खान के घटना के समय किशोर होने के दावे का पता लगाने और उसे रिपोर्ट भेजने को कहा था। यह आदेश 2008 के एक आपराधिक मामले में पारित किया गया था जिसमें अब्दुल्ला आजम खान को दोषी ठहराया गया था और परिणामस्वरूप विधायक के रूप में उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

अब्दुल्ला आजम खान और उनके पिता आजम खान के खिलाफ 2008 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 341 (गलत तरीके से रोकना) और 353 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए हमला) के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। आरोप था कि पुलिस द्वारा जांच के लिए आजम और अब्दुल्ला के वाहन को रोके जाने के बाद उन्होंने यातायात अवरुद्ध कर दिया था। फरवरी में, अब्दुल्ला आजम खान को इस मामले में मुरादाबाद की एक अदालत ने दो साल की जेल की सजा सुनाई थी, जिसके कारण उन्हें उत्तर प्रदेश विधानसभा में विधायक के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। एक मई को, शीर्ष अदालत ने अब्दुल्ला आजम खान की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा था, जिसमें 15 साल पुराने आपराधिक मामले में उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार करने वाले उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई थी।

शीर्ष अदालत ने तब स्पष्ट किया था कि अब्दुल्ला आजम खान को अयोग्य करार दिए जाने के बाद खाली हुई स्वार विधानसभा सीट पर 10 मई को होने वाला चुनाव उनकी याचिका के नतीजे के अधीन होगा। स्वार सीट पर अपना दल के शफीक अहमद अंसारी ने जीत हासिल की थी। अब्दुल्ला आजम खान ने दावा किया है कि घटना के वक्त वह किशोर थे। अब्दुल्ला आजम खान की अर्जी को खारिज करते हुए, उच्च न्यायालय ने कहा था, वास्तव में, याचिकाकर्ता गैर-मौजूद तथ्यों के आधार पर अपनी दोषसिद्धि पर रोक लगाने की कोशिश कर रहा है। यह कानून का एक सुस्थापित सिद्धांत है कि दोषसिद्धि पर रोक कोई नियम नहीं है बल्कि दुर्लभ मामलों में अपवाद का सहारा लिया जाना चाहिए।

# रोहित ने एक साथ बनाए कई रिकॉर्ड

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय मैच में बुधवार को यहां विश्व कप में सबसे ज्यादा शतक लगाने के साथ कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। रोहित ने 84 गेंद में 131 रन की पारी के दौरान 16 चौके और पांच छक्के जड़े। वह 26वें ओवर में राशिद खान की गेंद पर बोल्ड हुए।

रोहित ने विश्व कप का अपना सातवां शतक जड़कर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ा। तेंदुलकर ने छह विश्व कप (1992 से 2011) में छह शतक लगाए थे तो वहीं रोहित का यह तीसरा (2015, 2019, 2023) एकदिवसीय विश्व कप है।

रोहित ने विश्व कप में भारतीय बल्लेबाजों में सबसे तेज शतक बनाने के साथ अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। रोहित ने 18वें ओवर में नबी के खिलाफ चौका और एक रन लेकर 63 गेंद में अपना शतक पूरा किया। विश्व कप में भारतीयों में सबसे कम गेंद में शतक लगाने का रिकॉर्ड इससे पहले कपिल देव के नाम था जिन्होंने 1983 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 175 रन की ऐतिहासिक पारी के दौरान 72 गेंद में शतक जड़ा था।

भारतीय कप्तान ने इस दौरान विश्व कप में सबसे तेज 1000 रन पूरे करने के रिकॉर्ड की बराबरी भी की। उन्होंने 19 पारियों में इस आंकड़े को छू कर डेविड वार्नर के रिकॉर्ड की बराबरी की। सचिन तेंदुलकर और एबी डिविलियर्स ने 20-20 पारियों में 1000 रन पूरे किए थे।

इस सलामी बल्लेबाज ने नवीन उल हक पर चौका लगाकर 30 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर 85 मीटर लंबा छक्का लगाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था जिन्होंने 483 मैच (टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 अंतराष्ट्रीय) में 553 छक्के लगाए हैं। रोहित ने 453वीं पारी में इस उपलब्धि को हासिल किया।

रोहित एकदिवसीय मैचों सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले खिलाड़ियों की सूची में सचिन तेंदुलकर (49) और विराट कोहली (47) के बाद तीसरे स्थान (31) पर आ गए।

सलामी बल्लेबाज के तौर पर रोहित का यह 29वां शतक है। उन्होंने इस मामले में श्रीलंका के दिग्गज सनथ जयसूर्या (28) को पीछे छोड़ दिया। उनसे अधिक शतक सिर्फ तेंदुलकर (45) के नाम हैं।

## स्कोर बोर्ड

**अफगानिस्तान पारी**: रहमानुल्लाह गुरबाज का शारदुल बो हार्दिक 21, इब्राहिम जदरान का राहुल बो बुमराह 22, रहमत शाह पगबाधा शारदुल 16, हशमतुल्लाह शाहिदी पगबाधा कुलदीप 80, अजमतुल्लाह ओमरजई बो हार्दिक 62, मोहम्मद नबी पगबाधा बुमराह 19, नजीबुल्लाह जदरान का कोहली बो बुमराह 02, राशिद खान का कुलदीप बो बुमराह 16, मुजीब उर रहमान नाबाद 10, नवीन उल हक नाबाद 09, अतिरिक्त: (बाई: 02, लेग बाई: 03, नोबॉल: 02 , वाइड: 08) 15 **कुल योग**: (50 ओवर में आठ विकेट पर) 272 रन **विकेट पतन**: 1-32, 2-63, 3-63, 4-184, 5-225, 6-229, 7-235, 8-261 **गेंदबाजी** : जसप्रीम बुमराह 10-0-39-4, मोहम्मद सिराज 9-0-76-0, हार्दिक पंड्या 7-0-43-2, शारदुल ठाकुर 6-0-31-1, कुलदीप यादव 10-0-40-1, रविंद्र जडेजा 8-0-38-0,

**भारत पारी** : रोहित शर्मा बो राशिद 131, ईशान किशन का जदरान बो राशिद 47, विराट कोहली नाबाद 55, श्रेयस अय्यर नाबाद 25, **अतिरिक्त**: (बाई:01 लेग बाई:04 , वाइड:10) 15 **कुल योग**: (35 ओवर में दो विकेट पर) 273 रन **विकेट पतन**: 1-156, 2-205, **गेंदबाजी**: फजलहक फारूकी 6-0-50-0, मुजीब उर रहमान 8-0-64-0, नवीन उल हक 5-0-31-0, अजमतुल्लाह ओमरजई 4-0-34-0, मोहम्मद नबी 4-0-32-0, राशिद खान 8-0-57-2

# मैं अपनी जिंदगी में इतने दर्द के साथ कभी नहीं खेला : प्रणय

**भाषा।** नई दिल्ली



**पीठ** दर्द के बावजूद अपना पहला कांस्य पदक पक्का करने के बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय आंसू नहीं रोक पाए और वह अपने कोच पुलेला गोपीचंद से लिपट गए जो हांगझोउ एशियाई खेलों का सबसे भावनात्मक पल था।

इस 31 वर्षीय खिलाड़ी में तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद टीम स्पर्धा का रजत पदक जीतने में अहम भूमिका निभाई और पुरुष एकल में कांस्य पदक जीतकर पिछले 41 वर्ष से चला आ रहा इंतजार खत्म किया।

प्रणय ने पीटीआई से कहा, कई बार लोग यह नहीं जानते कि परिदृश्य में क्या होता है। वे नहीं जानते कि केवल खेलने के लिए हमें किस तरह के संघर्ष से गुजरना पड़ता है। गोपी भैया पिछले 15 सालों से मुझे जानते हैं। वह मेरे संघर्ष और उन मुश्किल हालात के बारे में जानते हैं जिनसे मैं गुजरा हूं। उन्होंने कहा, वह जानते थे कि परिस्थितियों और विरोधी खिलाड़ी (ली जी जिया) को देखते हुए मेरे लिए उस मैच (क्वार्टर फाइनल) में खेलना कितना मुश्किल था। शटल धीमी थी और ऐसे में हमें लंबी रैलियां खेलनी पड़ रही थी। इसलिए दर्द सहन करना मानसिक रूप से भी मुश्किल था। प्रणय अपनी पीठ के निचले हिस्से में बेल्ट बांधकर खेल थे। इसके बावजूद उन्होंने शानदार प्रदर्शन करके अपने लिए पदक पक्का किया था। उन्हें सीधे गेम में जीत दर्ज करनी चाहिए थी लेकिन उन्होंने दो मैच पॉइंट गंवा दिए थे। प्रणय ने कहा, जब मैंने दूसरा गेम गंवाया तो मैं उनके (गोपीचंद) चेहरे की निराशा साफ देख सकता था क्योंकि वह जानते थे कि अब इस स्थिति से जीतना मेरे लिए मुश्किल होगा। वह जानते थे कि मैंने पदक के लिए कितना संघर्ष किया। इसलिए यह उन सब भावनाओं का उबाल था।

## शम्सी का खेलना तय नहीं, वार्नर और स्मिथ को स्पिनरों की धज्जियां उड़ाते देखा है : डिकॉक

**लखनऊ।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक का मानना है कि भारतीय स्पिनरों के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों का संघर्ष करना अपवाद था और उन्होंने स्टीव स्मिथ तथा डेविड वार्नर जैसे खिलाड़ियों को इंडियन प्रीमियर लीग में धीमे गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते देखा है। डिकॉक ने कहा कि चयनकर्ता केशव महाराज के साथ कलाई के स्पिनर तबरेज शम्सी को अंतिम एकादश में शामिल करके दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी को मजबूत करने के बारे में सोच रहे हैं लेकिन इकाना की नई पिच की अनिश्चित प्रकृति पर विचार करना होगा। डिकॉक ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, जाहिर तौर पर यह एक विचार रहा है कि चयनकर्ता क्या सोच रहे हैं लेकिन मैंने ऑस्ट्रेलियाई टीम में संघर्ष करते खिलाड़ियों को आईपीएल में स्पिनरों को ध्वस्त करते देखा है।

# कोटला स्टेडियम के बाहर और अंदर विराट कोहली की धूम

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** टीम विश्व कप के अपने दूसरे मैच में बुधवार को यहां जब अफगानिस्तान के खिलाफ मैदान में उतरी तो फिरोजशाह कोटला क्रिकेट स्टेडियम के अंदर और बाहर प्रशंसकों में पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की दीवानगी दिखी।

स्टेडियम के अंदर भी दर्शक कोहली-कोहली का नारा लगाते दिखे। कोहली के पोस्टर के साथ यहां पहुंचे चंद्रशेखर पटेल नाम के प्रशंसक ने कहा कि वह विराट कोहली को खेलते हुए देखने के लिए मध्यप्रदेश के जबलपुर से यहां आए है। उन्हें उम्मीद है कोहली इस मैच शतक लगाकर सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड के और करीब पहुंचेंगे।

स्टेडियम के बाहर सड़क किनारे भारतीय टीम की जर्सी बेचने वालों के पास कोहली के नाम वाली टी-शर्ट खरीदने भी भीड़ थी। इन विक्रेताओं को भी दिल्ली में भारतीय टीम के इकलौते मैच से बंपर बिक्री की उम्मीद है। मुंबई से यहां भारतीय टीम की जर्सी बेचने आए इमरान ने बताया कि उनके पास टीम के सभी खिलाड़ियों के नाम और नंबर की जर्सी है लेकिन 90 प्रतिशत से ज्यादा दर्शक कोहली के नाम की जर्सी की मांग कर रहे हैं। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का क्रेज अब भी बरकरार है। धोनी ने 15 अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इमारन ने कहा, मैं आठ अक्टूबर को चेन्नई में था वहां धोनी, रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, कोहली और रोहित शर्मा के नाम वाली जर्सी की लगभग बराबर मांग थी लेकिन दिल्ली में मामला बिलकुल अलग है।

## भारत-पाक मैच के लिए भारत जा रहा हूं: अशरफ

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख जका अशरफ चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ शनिवार को होने वाले अपने देश के बहुप्रतीक्षित विश्व कप मुकाबले के लिए गुरुवार को अहमदाबाद पहुंचेंगे।

पाकिस्तान के मीडिया कर्मियों को विश्व कप की कवरेज के वीजा के लिए अपने पासपोर्ट जमा कराने की स्वीकृति मिल गई है। पाकिस्तान के लगभग 60 पत्रकारों ने वीजा का आवेदन किया है और इसमें और अधिक विलंब का मतलब होता कि वे इस बहुप्रतीक्षित मुकाबले की कवरेज नहीं कर पाते। अशरफ ने पीसीबी की प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मैंने अपनी भारत यात्रा में विलंब किया और यह पुष्टि होने के बाद कि पाकिस्तान के पत्रकारों को इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की कवरेज के वीजा के लिए पासपोर्ट जमा कराने को कहा गया है, मैं अब कल यात्रा करूंगा।

## क्विक न्यूज

### मोहम्मद रिजवान ने पाकिस्तान की रिकॉर्ड जीत गाजा के लोगों को समर्पित की

**हैदराबाद।** पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने बुधवार को विश्व कप मे श्रीलंका के खिलाफ अपनी टीम की रिकॉर्ड जीत गाजा के भाइयों और बहनों को समर्पित की। रिजवान (131) ने नाबाद शतक बनाया जबकि युवा अब्दुल्ला शफीक (113) ने वनडे मे अपना पहला शतक जमाया जिससे पाकिस्तान 4 विकेट पर 345 रन बनाकर विश्व कप मे सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड बनाया। रिजवान ने बाद मे एक्स पर लिखा, यह गाजा के हमारे भाइयों और बहनों के लिए है। जीत मे योगदान देकर खुश हूं। पूरी टीम विशेष कर अब्दुल्ला शफीक और हसन अली को इस जीत को आसान बनाने का श्रेय जाता है। शानदार मेजबानी और समर्थन के लिए हैदराबाद के लोगों का आभारी हूं। हमास के आतंकवादियो ने पिछले सप्ताह इजरायल पर हमला किया जिसमे 1200 से अधिक लोग मारे गए। इसके बाद इजरायल ने भी जवाबी कार्रवाई की।

### सेना प्रमुख ने एशियाई खेलों में उपलब्धियों के लिए नीरज चोपड़ा और अन्य पदक विजेताओं को सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बुधवार को चीन मे हाल मे संपन्न एशियाई खेलो मे उल्लेखनीय उपलब्धियो के लिए ओलंपियन नीरज चोपड़ा और कई अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया और कहा कि सेना खेल प्रतिभाओ का समर्थन और उन्हे निखारना जारी रखेगी। हांगझोउ एशियाई खेलो मे भारत ने अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 107 पदक जीते। यहां मानेकशॉ सेंटर मे आयोजित सम्मान समारोह मे जनरल पांडे ने कहा कि भारतीय सेना ने भी देश की झोली मे 20 पदक - तीन स्वर्ण, सात रजत और 10 कांस्य - का महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने भाला फेंक स्पर्धा मे स्वर्ण पदक जीतने वाले सेना के सूबेदार चोपड़ा और एथलेटिक्स मे स्वर्ण जीतने वाले सूबेदार अविनाश साबले के अलावा हाल मे संपन्न खेलो मे पदक जीतने वाले अन्य खिलाड़ियो को भी सम्मानित किया। सेना प्रमुख ने सेना के खिलाड़ियों की उपलब्धियो पर गर्व व्यक्त किया।

### दिमित्रोव ने शंघाई में अल्कारेज को हराया, जैरी और हम्बर्ट भी जीते

**शंघाई।** ग्रिगोर दिमित्रोव ने बुधवार को यहां दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज को हराकर उलटफेर करते हुए शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाई। पछले तीन मुकाबलो मे दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी अल्कारेज को हराने मे नाकाम रहे दिमित्रोव ने 5-7, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। बुल्गारिया के दिमित्रोव ने 27 विनर और 10 ऐस लगाए। वह अगले दौर मे 22वे वरीय निकोलस जैरी से भिड़ेंगे जिन्होंने वाइल्ड कार्ड धारक डिएगो श्वार्ट्जमैन को 6-3, 5-7, 6-3 से हराकर पहली बार मास्टर्स टूर्नामेंट के अंतिम आठ मे जगह बनाई। यूगो हम्बर्ट ने भी एकतरफा मुकाबले मे जेजे वोल्फ को 58 मिनट मे 6-1, 6-2 से हराया।

### मणिकांत ने 100 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

**बेंगलुरू।** सेना के मणिकांत एचएच ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुष 100 मीटर दौड़ मे राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इक्कीस साल के मणिकांत तीसरी हीट (शुरुआती दौर) मे 10.23 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष पर रहे और फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होने ओडिशा के अमिया कुमार मलिक के 2016 मे बनाए 10.26 सेकेंड के रिकॉर्ड मे सुधार किया।

### हमारे अनुभवहीन गेंदबाज रणनीति पर अमल करने में नाकाम रहे : तीक्षणा

**हैदराबाद।** श्रीलंका के ऑफ स्पिनर महेश तीक्षणा ने कहा कि उनका अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण अपनी रणनीति पर अमल करने मे नाकाम रहा जिसके कारण उनकी टीम को पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप मैच मे 344 रन बनाने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका ने कुसाल मेंडिस (122) और सदीरा समरविक्रमा (108) के शतकों की मदद से नौ विकेट पर 344 रन बनाए लेकिन पाकिस्तान ने 10 गेंद शेष रहते ही चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। तीक्षणा ने कहा कि उनकी टीम हर विभाग मे अच्छा प्रदर्शन नही कर पाई और उन्होने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर 20 रन कम बनाए। उन्होने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, हमने लगभग 20 रन कम बनाए। हमारे पास 370 या 380 रन तक बनाने का मौका था। यहां तक की गेंदबाजी मे भी हमने काफी गलतियां की और अपनी रणनीति पर अमल करने मे नाकाम रहे। हमारा क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नही रहा। इस तरह से हमने तीनो विभाग मे अच्छा प्रदर्शन नही किया और इसलिए हमें हार का सामना करना पड़ा। तीक्षणा ने कहा, मुझे लगता है कि हमारा तेज गेंदबाजी आक्रमण अनुभवहीन है। यहां तक कि हमारे स्पिनरो को भी ज्यादा अनुभव नही है। उन्होंने भारत में कोई मैच नही खेला था। उन्होंने कहा, केवल मै और वानिंदु (हसरंगा) को ही भारत मे अधिकतर जगह मैच खेलने का अनुभव है। यहां तक कि मै भी हैदराबाद में नही खेला था। इसलिए मुझे लगता है कि हमें अधिक अनुभव हासिल करने की जरूरत है। यहां तक की तेज गेंदबाजों के लिए भी दिल्ली में छोटी सीमा रेखा होने के कारण गेंदबाजी करना आसान नही रहा। इसलिए उन्हें रणनीति के अनुसार गेंदबाजी करनी होगी और उम्मीद है कि अगले मैच मे वे ऐसा करेंगे। श्रीलंका के बल्लेबाज अंतिम 10 ओवरो मे अच्छा प्रदर्शन नही कर पाए। इस दौरान उन्होने 61 रन बनाए और पांच विकेट गंवाए। तीक्षणा ने कहा कि यह मैच का टर्निंग प्वाइंट रहा। उन्होंने कहा, असल मे अंतिम 10 ओवरो मे विकेट थोड़ा धीमा हो गया था।

## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप से पहले राष्ट्रीय शिविर शुरू

**नई दिल्ली।** हांगझोउ एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके लौटी भारतीय निशानेबाजी टीम का 24 अक्टूबर से कोरिया के चांगवोन में होने वाली एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप की तैयारी के लिए बुधवार को यहां राष्ट्रीय शिविर शुरू हुआ।

प्रतिष्ठित महाद्वीपीय खेलों में सात स्वर्ण सहित 22 पदक जीतने के एक हफ्ते बाद भारतीय निशानेबाजी टीम एशियाई चैंपियनशिप की तैयारी में जुट गई है जहां पेरिस ओलंपिक के 24 कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे।

कोटा स्थान राइफल, पिस्टल और शॉटगन की 12 व्यक्तिगत ओलंपिक स्पर्धाओं में समान रूप से विभाजित हैं। भारतीय टीम पहले ही निशानेबाजी में पेरिस ओलंपिक के सात कोटा स्थान हासिल कर चुकी है और चांगवोन में वे अधिकतम 17 में से अधिक से अधिक कोटा हासिल करना चाहेगी। कोच और सहयोगी स्टाफ सहित पूरी टीम सोमवार को यहां पहुंची और बुधवार की सुबह से ट्रेनिंग में जुट गई। सीनियर टीम में कुल 38 निशानेबाज शिविर में हिस्सा ले रहे हैं जिनके साथ 17 कोच और आठ सहयोगी स्टाफ है। दूसरी ओर जूनियर टीम में 36 निशानेबाजों के साथ 12 कोच और पांच सहयोगी स्टाफ के सदस्य हैं।

शिविर का संचालन हाई परफोर्मेंस निदेशक डॉ. पियरे ब्यूचैम्प के साथ-साथ विदेशी कोच थॉमस फार्निक (राइफल), मुंखबायर दोर्जसुरेन (पिस्टल), मार्सेलो द्रादी (ट्रैप) और एन्नियो फाल्को (स्कीट) की देखरेख में चलाया जाएगा।

# चोटिल होने के कारण सुशीला चानू हॉकी टीम से बाहर

**भाषा।** नई दिल्ली

**अनुभवी** मिडफील्डर सुशीला चानू को चोटिल होने के कारण 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक रांची में होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) के लिए 20 सदस्ईय भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह नहीं दी गई है। रियो ओलंपिक में भारत की अगुवाई करने वाली सुशीला हाल में हांगझोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी।



हॉकी इंडिया के सूत्रों ने बताया कि सुशीला जल्द ही डॉक्टर से मिलकर अपनी चोट की स्थिति का पता लगाएगी। सूत्रों ने पीटीआई से कहा, सुशीला को विश्राम दिया गया है क्योंकि वह चोटिल है। उन्हें डॉक्टर को दिखाने की जरूरत है। सुशीला टीम की महत्वपूर्ण सदस्य हैं और उनका आगामी टूर्नामेंटों से पहले फिट होना जरूरी है। बलजीत कौर को सुशीला की जगह टीम में लिया गया है। एशियाई खेलों की टीम में शामिल वैष्णवी विट्ठल फाल्के को शर्मिला देवी के साथ बैकअप विकल्प के रूप में रखा गया है।

सुशीला के अलावा गोलकीपर सविता के नेतृत्व वाली टीम में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है। डिफेंडर दीप ग्रेस एक्का पहले की तरह टीम की उप कप्तान बनी रहेगी।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के अलावा जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड अन्य भाग लेने वाले देश हैं। भारत अपने अभियान की शुरुआत 27 अक्टूबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगा। इसके बाद वह मलेशिया (28 अक्टूबर), चीन (30 अक्टूबर), जापान (31 अक्टूबर) और कोरिया (2 नवंबर) के खिलाफ मैच खेलेगा। भारत की मुख्य कोच यानेक शोपमैन ने कहा, लय बनाए रखना और टीम के रूप में सुधार जारी रखना महत्वपूर्ण है। हमने एशियाई खेलों में अच्छा प्रदर्शन करके कांस्य पदक जीता था और आगामी टूर्नामेंट में हमें अपने एशियाई प्रतिद्वंदियों के खिलाफ अपनी स्थिति में सुधार करने का एक और मौका मिलेगा।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम इस प्रकार है: गोलकीपर: सविता (कप्तान), बिचू देवी खारीबाम

डिफेंडर: निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, दीप ग्रेस एक्का (उप-कप्तान)

मिडफील्डर: निशा, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, मोनिका, ज्योति, बलजीत कौर

फॉरवर्ड: लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, वंदना कटारिया

बैकअप खिलाड़ी: शर्मिला देवी, वैष्णवी विट्ठल फाल्के।

## अगले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वापसी करेंगे नडाल, ओसाका और वोज्नियाकी

**मेलबर्न।** वर्ष 2022 के चैंपियन राफेल नडाल और स्थानीय खिलाड़ी निक किर्गियोस सहित तीन पूर्व विजेता नाओमी ओसाका, कैरोलिन वोज्नियाकी और एंजेलिक कर्बर अगले साल होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वापसी के लिए तैयार हैं।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन टूर्नामेंट के निदेशक क्रेग टिली ने बुधवार को कहा कि नडाल (बाएं कूल्हे की चोट) और किर्गियोस (घुटना, कलाई) के चोट से उबरकर वर्ष 2024 में ऑस्ट्रेलिया ओपन में वापसी करने की उम्मीद है जहां वे 10 बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच के सामने चुनौती पेश करेंगे।

उन्होंने कहा, वर्ष 2022 के चैंपियन राफेल नडाल अपनी चोट से उबरने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मैं उनकी टीम के संपर्क में हूं और उन्होंने कोर्ट पर वापसी कर ली है तथा जनवरी में मेलबर्न में खेलने को लेकर उत्साहित हैं।

ओसाका, वोज्नियाकी और कर्बर मातृत्व अवकाश के बाद 14 से 28 जनवरी के बीच होने वाले इस टूर्नामेंट में वापसी के लिए तैयार हैं।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में यह पहला अवसर होगा जबकि टूर्नामेंट की शुरुआत रविवार को होगी। यह फ्रेंच ओपन के बाद दूसरा ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट होगा जो की 15 दिन तक खेला जाएगा।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगा ऑस्ट्रेलिया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पहले** मैच में भारत से मिली हार से आहत ऑस्ट्रेलिया गुरुवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले विश्व कप मैच में बल्लेबाजी में आक्रामकता का पुट भरकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगा। पांच बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और बल्लेबाजों की नाकामी के कारण उसे मेजबान भारत से 6 विकेट की हार का सामना करना पड़ा।

दूसरी तरफ दक्षिण अफ्रीका ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को 102 रन से करारी शिकस्त दी थी और उसकी टीम बढ़े मनोबल के साथ इस मैच में उतरेगी। इस बड़ी जीत से दक्षिण अफ्रीका ने खुद को खिताब का दावेदार भी घोषित कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने जिस तरह से यह मैच गंवाया था उससे उसका टीम प्रबंधन निश्चित तौर पर चिंतित होगा। उसकी बल्लेबाजी में आक्रामकता का अभाव था तथा अनुभवी डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ के अलावा उसका कोई भी अन्य बल्लेबाज 30 रन की संख्या को पर नहीं कर पाया।

ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज भारत के स्पिन आक्रमण के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए तथा गेंदबाजी में एडम जंपा के साथ दूसरे अच्छे स्पिनर की भी उसे कमी खली। इसके अलावा उसके सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक माने जाने वाले मिशेल मार्श का विराट कोहली को शुरू में ही जीवनदान देना टीम को महंगा पड़ा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया को ऐसी किसी भी गलती से बचना होगा। ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छी खबर यह है कि उसके ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर गए हैं और उनका कैमरन ग्रीन की जगह लेना तय है। स्टोइनिस मैच विजेता खिलाड़ी हैं और आईपीएल में लखनऊ सुपरजाइंट्स की तरफ से खेलने के कारण उन्हें इस मैदान पर खेलने का अच्छा अनुभव है। वह तेज गेंदबाजी विभाग में पैट कमिंस, जोश हेज़लवुड और मिशेल स्टार्क की भी मदद करेंगे। जहां तक स्पिन विभाग का सवाल है तो ग्लेन मैक्सवेल दूसरे स्पिनर की भूमिका निभाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य स्पिनर जंपा पर निश्चित तौर पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा क्योंकि वह जानते हैं की टीम में उनका कोई विकल्प नहीं है। जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो श्रीलंका के खिलाफ उसके तीन बल्लेबाजों ने शतक लगाए थे। इनमें क्विंटन डिकॉक भी स्टोइनिस की तरह लखनऊ की टीम का हिस्सा हैं और उन्हें इस मैदान पर खेलने का अच्छा अनुभव है। रासी वान डेर डुसेन और विश्व कप में सबसे तेज शतक लगाने वाले एडेन मार्कराम अपने दम पर मैच का पासा पलटने का माद्दा रखते हैं। इकाना क्रिकेट स्टेडियम के विकेट की आईपीएल के दौरान काफी आलोचना हुई थी और यह कोई नहीं जानता कि इसका व्यवहार कैसा होगा। अगर यह स्पिन गेंदबाजों को मदद करता है तो फिर दक्षिण अफ्रीका तबरेज शम्सी को टीम में शामिल कर सकता है। उसके पास केशव महाराज के रूप में पहले ही एक उपयोगी स्पिनर है। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों को स्पिन को खेलने में खास दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उसके पास वान डेर डुसेन, कप्तान तेम्बा बावुमा, डेविड मिलर, डिकॉक, हेनरिक क्लासेन और एडेन मार्कराम जैसे धाकड़ बल्लेबाज हैं जो स्पिन को अच्छी तरह से खेल लेते हैं। तेज गेंदबाज विभाग दक्षिण अफ्रीका का थोड़ा कमजोर पक्ष लगता है। एनरिक नोर्किया की अनुपस्थिति में कैगिसो रबाडा पर लुंगी एनगिडी और मार्को यानसन के साथ अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव है। दक्षिण अफ्रीका ने विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के पहले दो मैच गंवाने के बाद अगले तीन मैच जीते थे और टीम को इसका मनोवैज्ञानिक लाभ मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया को भी दमदार वापसी करने के लिए जाना जाता है और इसलिए यह मुकाबला रोमांचक होने की संभावना है।

**टीम इस प्रकार हैं :** दक्षिण अफ्रीका: तेम्बा बावुमा (कप्तान), गेराल्ड कोएट्ज़ी, क्विंटन डिकॉक, रीज़ा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एंडिले फेहलुकवायो, कैगिसो रबाडा, तबरेज़ शम्सी, रासी वान डेर डुसेन , लिज़ाद विलियम्स।

ऑस्ट्रेलिया: पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ, एलेक्स कैरी, जोश इंगलिस, सीन एबॉट, एश्टन एगर, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा, मिशेल स्टार्क। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:00 बजे से शुरू होगा।

## बेहद जरूरी होने पर ही गेंदबाजों को रोटेट करेंगे : कमिंस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**ऑस्ट्रेलिया** के कप्तान पैट कमिंस ने बुधवार को कहा कि उनकी एकदिवसीय विश्व कप के दौरान तब तक अपने तेज गेंदबाजों को रोटेट करने की योजना नहीं है जब तक की ऐसा करना बेहद जरूरी न हो।

ऑस्ट्रेलिया का तेज गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है जिसमें कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेज़लवुड शामिल हैं। कमिंस ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हमारा इरादा प्रत्एक मैच में खेलने का है। जब तक बहुत जरूरी ना हो तब तक हम गेंदबाजों को रोटेट नहीं करेंगे। अगर कोई खिलाड़ी बेहद थका महसूस कर रहा हो या कोई खिलाड़ी चोटिल हो जाए तभी बदलाव किया जाएगा। उन्होंने कहा, यह विश्वकप है और आपको अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश का चयन करना होता है। आप वास्तव में किसी भी मैच को हल्के से नहीं ले सकते हैं। हो सकता है कि टूर्नामेंट के आखिर में हमें ऐसा करने की जरूरत पड़े लेकिन अभी हमारी ऐसी कोई योजना नहीं है।

ऑस्ट्रेलिया का विश्व कप का अभियान अच्छा नहीं रहा था और उसे अपने पहले मैच में ही मेजबान भारत से 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी प्रतिद्वंदिता के बारे में कमिंस ने कहा कि दोनों टीम में काफी समानताएं हैं। उन्होंने कहा, हमारी टीमों में काफी समानताएं हैं। हमारे पास अच्छे तेज गेंदबाज और अच्छे बल्लेबाज हैं। हमारे पास एक-एक लेग स्पिनर हैं। मुझे लगता है कि यह एक जैसी दो टीमों के बीच मुकाबला है। पिंडली की चोट के कारण एश्टन एगर विश्व कप से बाहर हो गए हैं और ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के पास एडम जंपा के रूप में एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर है। जंपा भारत के खिलाफ नहीं चल पाए थे और उन्होंने आठ ओवर में 53 रन दिए थे। कमिंस ने जंपा का बचाव करते हुए कहा, मुझे लगता है कि उसने अच्छी गेंदबाजी की थी, लेकिन 200 रन के लक्ष्य का बचाव करना बेहद मुश्किल था। वह हमारा प्रमुख गेंदबाज है। कमिंस ने चोट से उबरने वाले मार्कस स्टोइनिस के बारे में कहा, वह फिट है। हम टीम की घोषणा कल करेंगे। वह इस मैदान के बारे में अच्छी तरह से जानता है लेकिन आईपीएल की तुलना में परिस्थितियां थोड़ी भिन्न होंगी। विकेट काफी अच्छा दिख रहा है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।